राष्ट्रीय दैनिक
# प्रातः किरण
दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित
हर खबर पर पकड़
/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 लीजेंड्स लीग में प्रदर्शन के लिए फॉर्म में रहना जरूरी: रैना
फिर टेंशन में एकनाथ शिंदे सरकार, चुनाव से पहले मनोज जरांगे... 12

वर्ष : 15 | अंक : 159 | नई दिल्ली, गुरुवार, 19 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# कोलकाता रेप-मर्डर, डॉक्टरों का हड़ताल खत्म करने से इनकार, हेल्थ सेक्रेटरी इस्तीफा दें

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के जूनियर डॉक्टर्स ने हड़ताल खत्म करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने ममता से एक और मीटिंग की मांग करते हुए चीफ सेक्रेटरी मनोज पंत को ईमेल भेजा है, जिसमें कहा गया है कि अभी तक सभी मांगें नहीं मानी गई हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टरों ने राज्य सरकार से पुलिस कमिश्नर और हेल्थे सेक्रेटरी को हटाने समेत 5 मांगें की थीं। इसके लिए वे 40 दिन से लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं।

16 सितंबर को जूनियर डॉक्टर और ममता के बीच मीटिंग हुई थी। इसमें ममता ने डॉक्टरों की 5 में से 3 मांगें मान ली थीं।

## थ्रेट कल्चर खत्म करने की मांग

- ममता बनर्जी से फिर मीटिंग की मांग की, कहा-आधी जीत हुई।
- डॉक्टर्स 40 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले 9 दिनों से वे कोलकाता के स्वास्थ्य भवन के सामने अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं।

उन्होंने मंगलवार को पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को पद से हटाया था। उनकी जगह मनोज वर्मा को कमिश्नर बनाया गया।

बुधवार सुबह प्रदर्शन जारी रखते हुए डॉक्टरों ने कहा- अभी आधी जीत हुई। हेल्थ सेक्रेटरी एनएस निगम का इस्तीफा जरूरी है। अस्पतालों में थ्रेट कल्चर खत्म करने की मांग भी अभी नहीं मानी गई है। इसलिए उट से एक और मीटिंग की




मांग की है।

मनोज पंत को लिखे मेल में डॉक्टरों ने कहा- पिछली बैठक में हमारी मांगों के चौथे और पांचवें पॉइंट पर चर्चा पूरी नहीं हो पाई थी, जो अस्पतालों की सुरक्षा से जुड़े हुए हैं। उट ने टास्क फोर्स बनाने की बात कही थी। हम चाहते हैं कि आज की मीटिंग में टास्क फोर्स के सदस्य भी हो।

ममता-डॉक्टरों की मीटिंग को लेकर 7 दिन तक टकराव डॉक्टरों और ममता की मीटिंग को लेकर कोलकाता में 7 दिन तक टकराव चला था। 4 कोशिशें नाकाम होने के बाद 16 सितंबर को ममता और डॉक्टरों के डेलिगेशन की उट हाउस में बैठक हुई। इस बैठक में ममता ने डॉक्टरों की 5 में से 3 मांगें मानी थीं और कहा था कि काम पर वापस लौटें।

डॉक्टरों और उट की 16 सितंबर की मीटिंग के बाद स्वास्थ्य विभाग के भी 4 और अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया। मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टर डॉ. कौस्तुव नायक को स्वास्थ्य-परिवार कल्याण का डायरेक्टर बनाया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के डायरेक्टर डॉ. देबाशीष हलदर को पब्लिक हेल्थ का डरऊबनाया गया है। त्रिपुरारी अथर्व को ऊग्ड का डायरेक्टर चुना गया।

इसके अलावा 5 और पुलिस अधिकारियों के पद भी बदले गए। जावेद शमीम ADG कानून व्यवस्था, विनीत गोयल ADG और IG स्पेशल टास्क फोर्स, ज्ञानवंत सिंह ADG और IG इंटेलिजेंस ब्यूरो, दीपक सरकार नॉर्थ कलेक्टर, अभिषेक गुप्ता CO EFR सेकंड बटालियन का नाम शामिल है।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 29.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**
सोना 75,855
चांदी 92,102
सेंसेक्स 83,240
निफ्टी 25,459

## संक्षिप्त खबरें

### तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश विश्वभर में अग्रणी बनेः राष्ट्रपति



जयपुर/नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश विश्वभर में अग्रणी बने। इसके लिए प्रौद्योगिकी संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें। उन्होंने राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण संस्थाओं को शोध अनुसंधान में मौलिक दृष्टि के साथ कार्य करने, पर्यावरण अनुकूल तकनीक अपनाने और विकसित भारत की संकल्पना के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति मुर्मु बुधवार को एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने इस समारोह में 20 में से 12 स्वर्ण पदक छात्राओं को मिलने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि लड़कियां आगे बढ़ती हैं तो देश तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि शोध अनुसंधान में भी छात्राएं आगे रहती हैं तो इससे देश वैश्विक स्तर पर अग्रणी रहेगा। उन्होंने संस्थान की फैकल्टी में एक तिहाई महिलाएं होने को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि देश के प्रौद्योगिकी संस्थानों को इसीलिए नेशनल इंस्टीट्यूट के रूप में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा दिया गया है कि इनके जरिए भारत तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़े।

# आतिशी 21 सितंबर को शपथ लेंगी!

- एलजी ने केजरीवाल का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेजा, एक हफ्ते में सरकारी मकान छोड़ेंगे अरविंद
- केजरीवाल ने 17 सितंबर को एलजी को इस्तीफा दिया था और आतिशी ने सरकार बनाने का समय मांगा था।



नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मंजूरी के लिए भेज दिया। साथ ही उन्होंने नई मुख्यमंत्री आतिशी के शपथ ग्रहण के लिए 21 सितंबर की तारीख का प्रस्ताव भी राष्ट्रपति को भेजा है। इधर, मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके अरविंद केजरीवाल अपना सरकारी आवास छोड़ेंगे। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि हमने सुरक्षा को लेकर उनसे कहा कि सरकारी आवास ना छोड़ें, लेकिन वे नहीं माने। एक दिन पहले 17 सितंबर को AAP विधायक दल की मीटिंग में आतिशी को मुख्यमंत्री चुना गया था। इसके बाद केजरीवाल ने शाम को LG विनय सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। केजरीवाल पर कई बार हमले हुए, हमें चिंता-AAP संजय सिंह ने कहा, केजरीवाल अपनी सभी सरकारी सुविधाएं छोड़ने जा रहे हैं। हम लोगों को चिंता है। केजरीवाल पर कई बार हमले हो चुके हैं। जब उनके माता-पिता घर में थे, तब भी उन पर हमला हुआ है। अभी यह तय नहीं हुआ है कि केजरीवाल कहां रहेंगे। उन्होंने कहा है कि वे जनता के बीच रहेंगे, जगह अभी तय नहीं है।

### बंगले का रेनोवेशन हुआ था, 52.71 करोड़ खर्च हुए

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले और इसके कैम्पस में बने ऑफिस का रेनोवेशन किया गया था। इस पर 52.71 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। उपराज्यपाल विनय सक्सेना को भेजी गई फैक्चुअल रिपोर्ट में यह जानकारी आई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि बंगले पर 33.49 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं, वहीं 19.22 करोड़ रुपए उनके कैंप ऑफिस पर खर्च हुए। उनके पुराने बंगले को गिराकर नया बंगला बनाया गया था।

### आतिशी ने LG से शपथ ग्रहण की तारीख मांगी

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर की शाम को उपराज्यपाल (LG) विनय सक्सेना को उट पद से इस्तीफा सौंपा था। उनके साथ आतिशी और 4 मंत्री मौजूद थे। इसके बाद आतिशी ने नई सरकार बनाने के लिए दावा पेश किया। उपराज्यपाल से शपथ ग्रहण की तारीख तय करने की भी मांग की। दिल्ली सरकार ने 26 और 27 सितंबर को 2 दिन का विधानसभा सत्र बुलाया है। 26-27 सितंबर को विधानसभा सत्र, आतिशी बोलीं-केजरीवाल को उट बनाना लक्ष्य इसी दिन सुबह AAP की विधायक दल की बैठक में केजरीवाल ने आतिशी को मुख्यमंत्री बनाए जाने का प्रस्ताव रखा था। इस पर विधायकों ने सहमति जताई। CM चुने जाने के बाद आतिशी ने कहा था कि अगले चुनाव तक मेरे पास सिर्फ दो काम हैं। पहला- दिल्ली के लोगों की भाजपा के षड्यंत्र से रक्षा करना। दूसरा- केजरीवाल को फिर से बनाना।

# वन नेशन वन इलेक्शन प्रस्ताव कैबिनेट में मंजूर

- नवंबर-दिसंबर में बिल आएगा; विधानसभा-लोकसभा चुनाव साथ होंगे, अगले 100 दिन में निकाय चुनाव
- चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा।

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव (वन नेशन वन इलेक्शन) करवाने के प्रस्ताव को बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। बिल शीतकालीन सत्र यानी नवंबर-दिसंबर में संसद में पेश किया जाएगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 'पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं। 17 सितंबर को गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सरकार इसी कार्यकाल में 'वन नेशन वन इलेक्शन' लागू करेगी। 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ने कहा था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधा पैदा कर रहे हैं। वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। रिपोर्ट 18 हजार 626 पन्नों की है। पैनल 2 सितंबर 2023 को बनाया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है। कमेटी ने सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है।

### क्या बिल को कानून बनाने में कोई अड़चन आएगी

- कोविंद कमेटी ने 18 संवैधानिक बदलावों का सुझाव दिया है, इनमें से ज्यादातर में राज्यों की विधानसभाओं के सहमति की जरूरत नहीं है।
- कुछ संवैधानिक बदलावों के लिए बिलों को संसद में पास कराना जरूरी होगा।
- सिंगल इलेक्टोरल रोल और सिंगल वोटर आईडी कार्ड के लिए आधे से ज्यादा राज्यों की मंजूरी जरूरी होगी।
- संभव है कि कोविंद कमेटी की रिपोर्ट पर लॉ कमीशन भी अपनी रिपोर्ट पेश करे।
- सूत्रों का कहना है कि लॉ कमीशन 2029 में लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकायों और पंचायत चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दे।
- इसके अलावा लॉ कमीशन गठबंधन सरकार और हंग असेंबली जैसी स्थिति आने पर नियम की मांग करे।



### कोविंद पैनल के 5 सुझाव...

- सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए।
- हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।
- पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं।
- चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा।
- कोविंद पैनल ने एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

# कांग्रेस की हरियाणा के लिए सात 'गारंटी', एमएसपी और जाति सर्वेक्षण का वादा

नई दिल्ली, एजेंसी




कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए सात गारंटी की घोषणा की जिसमें किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और जाति आधारित सर्वेक्षण के वादे शामिल हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में इन गारंटी की घोषणा की। इस मौके पर कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, वरिष्ठ नेता अजय माकन, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदय भान और कई अन्य नेता मौजूद थे। कांग्रेस ने एमएसपी की कानूनी गारंटी और जाति आधारित सर्वेक्षण के साथ ही 18 से 60 साल तक की महिलाओं के लिए हर महीने 2000 रुपए की राशि, वृद्धों, दिव्यांगो और विधवाओं को हर महीने छह छह हजार रुपये की पेंशन, दो लाख सरकारी नौकरियों, 300 यूनिट बिजली मुफ्त, 25 लाख रुपये का मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए भूखंड और दो कमरों के मकान का वादा किया है। कांग्रेस ने यह वादा भी किया है कि सत्ता में आने पर वह पुरानी पेंशन योजना को लागू करेगी तथा हर परिवार को 500 रुपए का रसोई गैस सिलेंडर देगी। हरियाणा की 90 विधानसभा सीट के लिए एक चरण में पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी।

### एक देश, एक चुनाव से जुड़ी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को एक देश, एक चुनाव से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी प्रदान कर दी। समिति ने देश में केन्द्र, राज्यों और स्थानीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने से जुड़ी व्यवस्था पर अपनी सिफारिशें प्रदान की हैं। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि अब सरकार इस विषय पर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करेगी और समय आने पर इस पर संविधान संशोधन विधेयक लाया जाएगा। अश्वनी वैष्णव ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों और बड़ी संख्या में पार्टियों के नेताओं ने वास्तव में एक देश एक चुनाव पहल का समर्थन किया है। उच्च-स्तरीय बैठकों में बातचीत के दौरान वे अपना इनपुट बहुत संक्षिप्त तरीके और बहुत स्पष्टता के साथ देते हैं। हमारी सरकार उन मुद्दों पर आम सहमति बनाने में विश्वास करती है, जो लंबे समय में लोकतंत्र और राष्ट्र को प्रभावित करते हैं।

**निर्माण** गाजियाबाद में बनेगा एम्स जैसा सेंटर, शुरू हो चुकी है कार्यवाही-सीएम, आज गाजियाबाद बन चुका स्मार्ट सिटी, विपक्ष पर योगी ने साधा निशाना...

# दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिए खुशखबरी, गाजियाबाद में बनेगा नया एम्स, सीएम योगी ने किया एलान

- योगी बोले- अखिलेश और राहुल भस्मासुर जैसे, शक्ति मिलते ही इन्होंने सिर्फ लूटा, सपा के अंदर औरंगजेब की आत्मा
- हम 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन टैबलेट देने जा रहे हैं। ये तकनीकी रूप से सक्षम होंगे तो रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

गाजियाबाद, एजेंसी

गाजियाबाद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एम्स जैसा सेंटर बनेगा। इसकी कार्यवाही शुरू हो चुकी है। जल्द ही सेंटर का निर्माण कार्य कराया जाएगा। यह बड़ी घोषणा बुधवार को मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान कही है। सीएम ने कहा कि आज गाजियाबाद कितना बदल गया है। पहले यहां क्या स्थिति थी। एक तरफ पावन दूधेश्वर नाथ मन्दिर है तो दूसरी तरफ यहां पर गंदगी, माफिया की पैरलल सरकार और गुंडागर्दी थी। सात साल पहले जो लोग गाजियाबाद आये थे, वह अब आएंगे तो इसे पहचान नहीं आ पाएंगे।

### गाजियाबाद बन चुका स्मार्ट सिटी-सीएम योगी

यहां पर 14 लेन का एक्सप्रेस-वे बना है। देश की पहले नमो भारत ट्रेन का परिचालन यहां हो रहा है। यहां पर मेट्रो सेवा, एयरपोर्ट सेवा भी उपलब्ध है। सुरक्षा का बेहतरीन माहौल है। आज गाजियाबाद स्मार्ट सिटी बन चुका है। यहां कन्वेंशन सेंटर के मॉडल के रूप में पूर्वांचल भवन, उत्तरांचल भवन बन रहे हैं। दूधेश्वर नाथ मन्दिर के पास सफाई व्यवस्था बेहतर है।





### अगले तीन साल में बनाना है नंबर एक-योगी आदित्यनाथ

पिछले साढ़े सात साल में जो विकास कार्य हुआ है, उससे उत्तर प्रदेश अब देश मे नम्बर एक अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बन गया है। सपा के समय यह सातवें नम्बर पर था। अगले तीन साल में इसे नम्बर एक पर लाना है। इस दौरान सीएम ने कहा कि मैंने पूछा था कि मौसम कैसा है? पहले सुनील शर्मा, फिर अतुल गर्ग से पूछा, दोनों ने कहा कि मौसम कैसा भी आपको सुनने के लिए सब उत्सुक हैं। इसलिए मैं आपके बीच मे आया हूँ।

### योगी बोले- नवाब ब्रांड की सपा की पहचान

योगी ने कहा- अयोध्या में सपा नेता द्वारा एक गरीब बेटी के दुर्व्यवहार, या कन्नौज का नवाब ब्रांड। ये सभी आज सपा की पहचान बन चुकी है। लेकिन डबल इंजन की सरकार सपा के इस मॉडल को ध्वस्त करने का काम करेगी।

### योगी बोले- सपा-कांग्रेस को देश, समाज, आस्था की चिंता नहीं

सीएम योगी ने कहा- पहले की सरकार में कांवड़ यात्रा के मार्ग में बैरियर लगाते थे। हमने ये बैरियर हटाए। किसी गैंग लीडर की कमाई पर जब आप हमला करेंगे तो वो उग्र हो जाएगा। आज कांग्रेस और सपा को देश, समाज, युवा, आस्था की चिंता नहीं है। इन्हें सिर्फ परिवार की चिंता है। ये सिर्फ जाति में बांटने का काम करेंगे। फिर दंगाइयों को लूटपाट करने की छूट देंगे। जितने भी दरिंदे पकड़े जा रहे हैं, इनके संबंध सपा से ही हैं। यानी सपा इन दरिंदों का एक गैंग बन चुका है।

### 'यूपी से अब माफिया गायब'

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा धूम धड़ाके के साथ अब निकलती है। माफिया गायब हो गए हैं। इससे इनको संरक्षण देने वालों की नींद उड़ी है। वह अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। कांग्रेस और सपा को आस्था न युवा की चिंता है, परिवार की चिंता है। जातिवाद के नाम पर आपस मे लड़ाने का काम करेंगे, दंगाइयों को छूट देंगे। दरिंदे पकड़े जा रहे हैं, इनके संबंध सपा से हैं। सपा आज दरिंदों का गैंग बन चुकी है।

# हरिद्वार डकैती में कराटा गैंग के दो शातिर गिरफ्तार, बदमाशों को डीआईजी की चेतावनी- उत्तराखंड पुलिस को हल्के में न लें

**देहरादून, एजेंसी।**
हरिद्वार के ज्वालापुर स्थित ज्वेलरी शाप में दिनदहाड़े पांच करोड़ की डकैती डालने वाले कराटा गैंग के दो बदमाशों को पुलिस ने ज्वालापुर क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया है। गिरोह का एक सदस्य रविवार रात को मुठभेड़ में ढेर हो चुका है, जबकि गिरोह का सरगना सहित दो बदमाश फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

गिरफ्तार बदमाशों से पुलिस ने करीब 50 लाख रुपये के गहने, एक पिस्टल व बिना नंबर की बाइक भी बरामद की है। पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने बताया कि एक सितंबर को हरिद्वार में ज्वालापुर स्थित श्री बालाजी ज्वेलर्स में पांच हथियारबंद बदमाशों ने दिनदहाड़े डकैती डालकर करीब पांच करोड़ रुपये के गहने व नकदी लूट ली थी।

जांच में पुलिस को पता चला कि डकैती पंजाब के कराटा गैंग के सदस्यों ने डाली है, जिसके बाद पुलिस ने पंजाब में डेरा डाल दिया था। 15 सितंबर की रात को करीब साढ़े 10 बजे बहादराबाद थाना पुलिस भेल तिराहा पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान लोहा पुल की तरह से एक बिना नंबर बाइक आई, जिस पर तीन लोग सवार थे।

बाइक सवारों ने सफेद कपड़े से अपने चेहरे ढके हुए थे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस टीम



पर फायर कर दिया और बहादराबाद बाजार की तरफ भाग गए। पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा किया गया तो वह भगवानपुर रोड की तरह भागने लगे। पथरी रोह पुल से लगभग 100 मीटर पहले ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों नीचे गिर गए। बदमाश बाइक को वहीं छोड़कर पुलिस टीम पर फायर करते हुए जंगल की तरफ भागने लगे।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लग गई, जबकि दो फरार हो गए। घायल बदमाश को अस्पताल भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बदमाश के बैग से श्री बालाजी ज्वेलर्स के यहां से लूटी गई ज्वेलरी बरामद हुई। मृतक बदमाश की पहचान सतेंद्र पाल उर्फ़ लक्की निवासी मुक्तसर, पंजाब के रूप में हुई है। जांच के दौरान पता चला कि सतेंद्र पाल के विरुद्ध पंजाब में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और उस पर एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित था।

हरिद्वार में ज्वालापुर स्थित श्री बालाजी ज्वेलर्स में हुई डकैती के नौ दिन बाद ही गिरोह के बदमाशों ने हिमाचल प्रदेश में ऊना स्थित मणप्पुरम गोल्ड लोन कंपनी में भी डकैती का प्रयास किया था। लुटेरों ने कंपनी के कर्मचारियों को पिस्टल दिखाकर जमकर पीटा, लेकिन इसी बीच अचानक कंपनी कार्यालय में सुरक्षा की दृष्टि से लगाया गया सायरन बज गया, इसके बाद डकैत फरार हो गए।

हालांकि, बदमाश एक मोबाइल लूटकर ले गए थे। हरिद्वार व ऊना की घटनाएं एक जैसी होने पर पुलिस का माथा ठनका और हरिद्वार से एक टीम ऊना भेजी गई। दोनों घटनाओं की सीसीटीवी फुटेज का मिलान किया गया तो पता चला कि एक बदमाश दोनों घटनाओं में शामिल था। पुलिस ने दोनों घटनाओं में शामिल बदमाश की पहचान की तो वह सतेंद्र पाल निकला। इसके बाद पुलिस ने ऊना से पंजाब के बीच के सभी होटल-ढाबों में लगे सीसीटीवी खंगाले।

पुलिस को रास्ते में एक ढाबा मिला, जहां बदमाशों ने चाय पी व चाऊमीन खाई। पुलिस ने ढाबे के मालिक से पूछताछ की तो उसने बताया कि चारों व्यक्ति पंजाबी भाषा में बात कर रहे थे। इससे संदेह हो गया कि बदमाश पंजाब के रहने वाले हैं।

बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए कुल 11 टीमें लगाई थी। इसमें चार टीमें पंजाब, दो टीमें दिल्ली, दो राजस्थान व तीन हरियाणा भेजी गई थी। पंजाब भेजी गई टीमें लगातार बदमाशों के पीछे लगी हुई थी। रविवार रात को दोनों घटनाओं में शामिल सतेंद्र पाल मुठभेड़ में ढेर हो गया। जानकारी मिली है कि काराटा गैंग का सरगना सुभाष कराटे है। गैंग में पंजाब, दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान के 50 से अधिक बदमाश शामिल हैं, जोकि लूट व डकैती करते हैं। जांच में यह भी पता चला कि है कि गैंग में उन सदस्यों को शामिल किया जाता है, जिनके विरुद्ध आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह बिना डरे लूट व डकैती की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

बदमाश सतेंद्र का दबदबा बाहर ही नहीं जेल के अंदर भी था। नशा तस्करी के मामले में जब सतेंद्र पाल जेल में था तो उसने बैरक में फ्राइपेन से दूसरे हवालाती का सिर फोड़ दिया था। दोनों हवालातियों के बीच पट्टी बदलने को लेकर बहस हुई थी। इस मामले में हवालाती पवन कुमार की तहरीर पर सदर श्री मुक्तसर साहिब में बदमाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, सतेंद्र पाल पहले नशा तस्करी करता था, लेकिन जब वह कराटा गैंग से जुड़ा तो उसने लूटपाट व डकैती की घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया।

डीजीपी अभिनव कुमार ने बताया कि रविवार देर रात फरार बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस ने डकैती में शामिल दो अन्य बदमाशों गुरदीप सिंह उर्फ मोनी निवासी श्री मूसा साहिब, बूढ़ा गुर्जर रोड, मेंमां सिंह बस्ती थाना सिटी मुक्तसर, पंजाब और जयदीप सिंह उर्फ माना निवासी मूसा साहिब, गुर्जर रोड मेंमा सिंह बस्ती, थाना सिटी मुक्तसर, जिला मुक्तसर, पंजाब को हरिद्वार के ज्वालापुर क्षेत्र में ख्याति ढाबा के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने बाहरी राज्यों से उत्तराखंड में लूटपाट और डकैती की योजना बना रहे बदमाशों को साफ तौर पर चेतावनी दी है कि वह उत्तराखंड पुलिस को कमजोर न समझें। कहा हमारे पास हथियार भी हैं और गोलियां भी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नवगठित वार्डों में कीटनाशक छिड़काव नहीं करा रहा निगम

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नगर निगम प्रशासन अपने नवगठित वार्डों बापूग्राम, मीरानगर, गीतानगर, बीसबीघा और शिवाजीनगर में कीटनाशक का छिड़काव, फॉगिंग और चोक नालियों की सफाई नहीं करा रहा है। इससे इन क्षेत्रों में वेक्टर जनित बीमारियों के संक्रमण का खतरा बना हुआ है। ऋषिकेश का नगर पालिका से नगर निगम बनने के बाद बापूग्राम, मीरानगर, गीतानगर, बीसबीघा और शिवाजीनगर आदि ग्रामीण क्षेत्रों को निगम से जोड़ दिया था। करीब पांच वर्ष का समय बीत गया है, लेकिन यहां के लोगों को अभी तक निगम की सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बरसात के कारण इन दिनों डेंगू-मलेरियां संक्रमण का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वार्डों में नियमित साफ सफाई भी नहीं कराई जा रही है। बापूग्राम निवासी मनीषा, अशोक, दिनेश ने बताया कि नालियां गंदगी से भरी हैं, जिनपर दिनभर मच्छर मंडरा रहे हैं। निगम की ओर से क्षेत्र में डेंगू से बचाव के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। निगम के सफाई कर्मचारी आंतरिक सड़कों की सफाई करने को तैयार नहीं है।

### दिव्यांगता मुक्ति शिविर में बांटे गए कृत्रिम अंग

**ऋषिकेश, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर परमार्थ निकेतन में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग बांटे गए। ये अंग परमार्थ निकेतन और महावीर सेवा सदन कोलकाता की ओर से दिव्यांगता मुक्त उत्तराखंड शिविर में बांटे गए। दिव्यांगता मुक्त उत्तराखंड अभियान 2022 से शुरू किया गया था। सोमवार को परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, महावीर सेवा सदन के प्रमुख विनोद बागरोड़िया ने शिविर का उद्घाटन किया। ऋषिकेश के बाद नजीबाबाद, बड़कोट, उत्तरकाशी, लेह-लद्दाख, कारगिल, जम्मू कश्मीर और अन्य पहाड़ी राज्यों में रहने वाले दिव्यांगों तक कृत्रिम अंगों की सुविधाएं पहुंचाई जाएंगी। स्वामी चिदानंद ने बताया कि यह पूर्ण रूप से निशुल्क है। सदन प्रमुख बागरोड़िया ने बताया कि सदन बीते 47 वर्षों से विभिन्न राज्यों में निशुल्क दिव्यांगता मुक्त शिविरों का आयोजन कर रहा है। इस मौके पर आशा बागरोड़िया, अरुण सारस्वत, गंगा नंदिनी त्रिपाठी, आचार्य संदीप, आचार्य दीपक, मुकेश, राजेश, रामचंद्र शाह, राकेश रोशन आदि मौजूद रहे।

### बच्चे को टक्कर मारने और सिर फोड़ने के मामले में मुकदमा दर्ज

**रूड़की, एजेंसी।** गंगनहर कोतवाली पुलिस ने एक बच्चे को टक्कर मारने, उसका सिर फोड़ने और समुदाय विशेष के युवक की बरात में जय श्रीराम के नारे लगाने के मामले में सात लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पक्ष ने गैर इरादतन हत्या का भी आरोप लगाया है। मो. शफी उर्फ सोहना निवासी पनियाला चंदापुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मार्च 2024 को वह गांव के ट्रांसफार्मर के पास जा रहा था। रास्ते में भीड़ हो रही थी। इस दौरान मुस्तकीम के बेटे की बरात जा रही थी। अभिनव और सुनील निवासी पनियाला एक बाइक से तेजी से आए और भीड़ में खड़े एक बच्चे को टक्कर मार दी। इससे बच्चा गंभीर घायल हो गया। विरोध करने पर बाइक सवारों ने गाली-गलौज कर दी और मारपीट शुरू कर दी। इतने में गैर इरादतन हत्या करने के मकसद से ईंट उठाकर मो. शफी को मारना चाहा, जो बच्चे के सिर पर जा लगा। इससे बच्चे का सिर फट गया। वहीं, मौके पर मोनू, ब्रिजेश, सीटू, विशाल, आनन्द ने बरात में पहुंचकर झगड़ा किया और जय श्रीराम के नारे लगा दिए। इससे वहां का माहौल बिगड़ गया। इसकी तहरीर उन्होंने गंगनहर कोतवाली को दी। पुलिस ने पीड़ित के भाई और अन्य पांच लोगों पर राजनीतिक दबाव के चलते झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट का सहारा लिया। पुलिस ने अब कोर्ट के आदेश पर अभिनव, सुनील, मोनू, ब्रिजेश, सीटू, विशाल और आनन्द निवासी पनियाला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल गोविंद कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# भूस्खलन जोन चटवा पीपल बना नासूर, दलदल में फंस रही गाड़ियां, लग रहा जाम



**चमोली, एजेंसी।** बदरीनाथ हाईवे पर चटवा पीपल भूस्खलन जोन नासूर बन गया है। पिछले तीन दिनों में यहां घंटों हाईवे बंद रहने के साथ ही यातायात रेंग-रेंग कर चल रहा है। मंगलवार सुबह भी यहां वाहन फंसने हाईवे के दोनों ओर छह किमी लम्बा जाम लग गया, जिसमे 600 से अधिक वाहन यहां फंसे हैं।

अख़बार, दूध, सब्जियों जैसी आवश्यक सामग्री के वाहन अभी तक कर्णप्रयाग नहीं पहुंचे हैं। बदरीनाथ हाईवे पर कर्णप्रयाग और गौचर के पास चटवापीपल पेट्रोल पम्प के नजदीक पहाड़ी से हो रहा भूस्खलन बीते कुछ दिनों से मुसीबत बना है। मलबे से यहां सड़क संकरी होने के अलावा दलदल बना है।

मंगलवार सुबह यहां मैदानी क्षेत्रों को जाने वाला ट्रैफिक छोड़ा गया, लेकिन कुछ वाहन निकलने के बाद एक बस फंस गई। कई देर बाद बस निकाली गई। जिसके बाद यहां यात्रियों ने पत्थरों का भरान किया। फिर ट्रेफिक छोड़ा गया, लेकिन कुछ दोपहिया और भारी वाहन निकलने के बाद एक टेम्पो ट्रेवलर फंस गया। जिससे यहां हाईवे के दोनों ओर करीब छह किमी लंबा जाम लगा है। यहां वाहन निकालना किसी जोखिम से कम नहीं। भूस्खलन जोन में गाड़ियां लहराती हुई निकल रही है। इधर पुलिस के जवान व्यवस्था बनाने में जुटे है लेकिन मलबे की पूरी सफाई नहीं होने से यहां दिक्क़ते बरकरार है। वहीं एसडीएम संतोष कुमार पांडेय नें बताया कि हाईवे को सुचारु करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## शराब पीकर सड़क किनारे गाड़ी की छत पर खड़े होकर नाच रहे थे युवक, पुलिस ने सिखाया सबक



**मसूरी, एजेंसी।** टिहरी बाईपास रोड, लंढौर-टिहरी मार्ग स्थित हवाघर सहित कई चौक-चौराहों पर शराब पीकर अक्सर लड़ाई-झगड़ा होता है। मसूरी-टिहरी मार्ग मंकी बैंड के निकट पर्यटक शराब पीकर हुड़दंग मचाते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों से स्थानीय लोग परेशान हैं। मसूरी टिहरी मार्ग पर कुछ युवक शराब पीकर गाड़ी पर खड़े होकर डांस कर रहे थे। जिसके चलते पुलिस ने युवकों को डांट लगाई और उनका चालान भी कर किया। यात्री मध्यप्रदेश के बताए जा रहे हैं। टिहरी बाईपास रोड, लंढौर-टिहरी मार्ग स्थित हवाघर सहित कई चौक-चौराहों पर शराब पीकर अक्सर लड़ाई-झगड़ा होता है। मसूरी-टिहरी मार्ग मंकी बैंड के निकट पर्यटक शराब पीकर हुड़दंग मचाते हैं। नशे में कार दौड़ाते हैं। नगर पालिका रोड, पिक्चर पैलेस चौक और कैमल बैक रोड पर शाम ढलते ही शराब पीने वालों का जमघट लग जाता है। निवर्तमान सभासद प्रताप पंवार ने बताया वुडस्टॉक स्कूल के निकट नगर पालिका ने लाखों की लागत से पर्यटकों की सुविधा के लिए हवाघर बनाया है। यहां शराबियों का अड्डा बना है। शहर कोतवाल अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि हुड़दंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचती है और कार्रवाई की जाती है।

## अवैध सीवर कनेक्शन पर लगेगा जुर्माना, होगा जीपीएस सर्वे

**रूड़की, एजेंसी।** शहर में सीवर लाइन की मुख्य पाइप से अपने घरों का कनेक्शन करने वालों के खिलाफ जल संस्थान कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। इससे पहले जल संस्थान की ओर से जीपीएस सर्वे कर ऐसे लोगों को चिह्नित किया जा रहा है। इसके बाद इनसे पिछले 10 साल का जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही ऐसे घर मालिकों को सीवर कनेक्शन कराना भी अनिवार्य होगा।

नगर निगम क्षेत्र में कुछ लोगों ने सीवर लाइन के मुख्य पाइप से अपने घरों का अवैध कनेक्शन कर रखा है। इस कारण सीवरेज के मुख्य पाइपलाइन में बह रहा गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। सीवर लाइन बार-बार चोक हो रही है। ऐसे में जल संस्थान को बार-बार सीवर लाइन सही करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले काफी समय से ऐसी शिकायतें आने के बाद अब जल संस्थान गंभीर हो गया है। जल संस्थान ने अवैध कनेक्शनधारकों को जीपीएस सर्वे के जरिए चिह्नित करने का काम शुरू कर दिया है।

सर्वे के दौरान जल संस्थान की टीम को कई अवैध कनेक्शन मिले हैं। विभाग की ओर से इन लोगों के नाम रिकॉर्ड में दर्ज किए जा रहे हैं। साथ ही इनसे पिछले 10 साल का जुर्माना वसूलने के लिए नोटिस भेजे जाने की भी तैयारी की जा रही है। इसके अलावा अवैध कनेक्शन वालों को कनेक्शन लेने के लिए निर्देशित किया जाएगा।

शहर में कई ऐसे होटल और ढाबे चल रहे हैं जिनके किचन के वेस्ट को सीवर लाइन से जोड़ा गया है।

## नियमित करो, वरना दिवाली पर हड़ताल, उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन की मांग तेज

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन की बैठक सोमवार को सुभाष नगर उपसंस्थान में हुई। इसमें कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इसमें विनियमितीकरण के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया। साथ ही 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके अस्थायी कर्मियों को भी नियमित करने की मांग उठाई गई। संबंधित विषय पर कार्यवाही नहीं होने पर कर्मचारियों ने दिवाली पर हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

संगठन के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि विद्युत संबंधित तीनों निगमों के संविदा कर्मियों का संयुक्त संगठन बनाया गया है। नियमित किए जाने के मुद्दे पर 30 सितंबर व एक अक्टूबर को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। हल्द्वानी क्षेत्र के संविदा कर्मचारी विद्युत संविदा एकता मंच के बैनर तले धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।

कहा कि तीनों निगमों में संविदा के रूप में कार्य करते हुए कर्मचारियों को 18 से 20 वर्ष हो गए हैं। लंबे समय से नियमित करने की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हो पाया है।



कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद अब उम्मीद जगी है। ऐसे में सरकार की ओर से विनियमितीकरण को बनाई जा रही नियमावली के अनुसार विद्युत निगमों के कर्मियों को भी नियमित किया जाए।

इस मौके पर खंड सचिव भूपाल कार्की, घनश्याम चुफाल, विक्रम रावत, कमलेश मेहरा, रोहित मिश्रा, रजत मिश्रा, हरीश बिष्ट, हरीश पांडे, अमित असवाल, विकास सूर्या आदि मौजूद रहे।

### कमेटी संचालक पर एक लाख रुपये हड़पने का आरोप

**रूड़की, एजेंसी।** एक व्यक्ति ने कमेटी संचालक पर रकम हड़पने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

लक्सर कोतवाली क्षेत्र के बसेड़ी गांव के अरविंद ने एसीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव का शेरखान कमेटी चलाता है। अप्रैल वर्ष 2021 में उसने एक कमेटी शुरू की थी। इसमें 14 सदस्यों को 14 महीने तक छह हजार रुपये प्रति महीना किस्त देनी थी। एक महीने में इकट्ठा हुए 84 हजार रुपये का हर महीने ड्रॉ होना था। सदस्य बोली लगाकर ड्रॉ ले सकते थे।

## डकैती कांड में शामिल बदमाश मुठभेड़ में ढेर, फरार साथी की तलाश में जिले भर में कांबिंग

**हरिद्वार, एजेंसी।**
श्री बालाजी ज्वेलर्स शोरूम में दिनदहाड़े डकैती को अंजाम देने वाले दो बदमाशों से बहादराबाद क्षेत्र में पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश ढ़ेर हो गया। जबकि उसका एक साथी फरार होने में कामयाब रहा। देर रात तक फरार बदमाश की तलाश चल रही थी।

बीते एक सितंबर को कुछ हथियारबंद बदमाशों ने ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में रानीपुर मोड़ स्थित श्री बालाजी ज्वैलर्स शोरूम में घुसकर दिनदहाड़े करोड़ों की डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद से हरिद्वार पुलिस की कई टीमें अलग-अलग राज्यों में डकैतों की तलाश कर रही थी।

इस बीच रविवार देर रात बहादराबाद क्षेत्र में पुलिस को कुछ बदमाशों के बारे में सूचना मिली। एक टीम ने बदमाशों की घेराबंदी करते हुए उन्हें सरेंडर के लिए ललकारा। लेकिन बदमाशों ने हथियार डालने के बजाय पुलिस पर ही फायरिंग कर दी।

पुलिस की तरफ से हुई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। मुठभेड़ की सूचना पर पुलिस कप्तान प्रमेन्द्र डोबाल, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार, एसपी क्राइम पंकज गैरोला एएसपी सदर जितेंद्र मेहरा, सीओ सिटी जूही मनराल, सीओ नताशा समेत अन्य अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

## रानीखेत में मां नंदा सुनंदा के डोले की निकाली गई भव्य शोभायात्रा, महिलाओं ने घर की छत से अर्पित किए पुष्प

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
उत्तराखंड की पर्यटक नगरी रानीखेत में मां नंदा सुनंदा के डोले की पूरे बाजार में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा के दौरान मां नंदा सुनंदा के जयकारों के साथ जगह-जगह महिलाओं ने घर की छत पर खड़े होकर डोले पर पुष्प और अक्षत अर्पित किए।

जानकारी के अनुसार बीते रविवार को प्रातः विधि विधान से पूजा अर्चना कर जरूरी बाजार स्थित नंदा देवी मंदिर परिसर से मां नंदा सुनंदा की ढोल नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान मां नंदा सुनंदा को विदाई देने के लिए क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु रानीखेत पहुंचे हुए थे और जयकारे लगाते



हुए मां के डोले के साथ चले जा रहे थे। वहीं इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किए तो वहीं खनियां गांव की महिलाओं ने नगर के गांधी चौक में झोड़े गाकर रंग जमा दिया।

बता दें कि इस शोभायात्रा के दौरान स्कूली बच्चों ने धार्मिक आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से माहौल में भक्ति रस घोल दिया।

## रुद्रप्रयाग में झुक रहा तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर...दीवारों पर आ गई दरारें, समिति ने जीर्णोद्धार के लिए की कवायद तेज

**रूद्रप्रयाग, एजेंसी।**
उत्तरखंड के रूद्रप्रयाग में पंच केदारों में एक तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ मंदिर लगातार झुक रहा है। इसके चलते मंदिर के अस्तित्व पर संकट पैदा हो गया है हालांकि मंदिर समिति ने तुंगनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए कवायद तेज कर दी हैं।

दरअसल,एशिया की सबसे ऊँचाई पर स्थित शिव मंदिर तुंगनाथ मंदिर भू-धसाव से लगातार एक तरफ झुक रहा है। इस दौरान मंदिर की दीवारों पर मोटी मोटी दरारें आ गई हैं। साथ ही मंदिर के सभा मंडप में छत से पानी रिस रहा है। वहीं स्थानीय तीर्थ पुरोहित लम्बे समय से मंदिर के जीर्णोद्धार की



मांग कर रहे हैं। लेकिन उनका कहना है कि यहां निर्माण कार्यों में वन अधिनियम आडे आ रहे हैं, जिससे मंदिर का जीर्णोद्धार नहीं हो पा रहा है। वहीं श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय ने कहा कि तुंगनाथ मंदिर में भू धंसाव से मंदिर को हो रहे नुकसान उनके संज्ञान में है।

अध्यक्ष अजेन्द्र अजय ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए गत वर्ष उनके द्वारा जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया व आर के लॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से अध्ययन करवाया गया। जिसकी रिपोर्ट मंदिर समिति के पास आ गई हैं जबकि सीबीआरआई रुड़की की टीम ने भी तुंगनाथ मंदिर का अध्ययन किया है। इन टीमों की अध्ययन रिपोर्ट में जो भी सुझाव सलाह होगी उसके आधार पर ट्रीटमेंट का कार्य आरम्भ किया जायेगा।

श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय ने जानकारी दी है कि तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ करोड़ों सनातनियों व हिन्दू धर्मावलंबियों की आस्था का केन्द्र है। इस दौरान मंदिर के अस्तित्व पर बढ़ते संकट को लेकर श्रद्धालु भी चिंतित हैं। वहीं आगे कहा कि तुंगनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार जल्दी होगा मंदिर समिति ने ऐसा भरोसा दिया है।

# दिल्ली के सरकारी स्कूलों में तैयार हो रहे भविष्य के ओलंपियंस- सिसोदिया

## अब दिल्ली के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चों के प्रदर्शन में कोई अंतर नहीं किया जा सकता- मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को दिल्ली के वेस्ट विनोद नगर स्थित स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित जोनल एथलेटिक मीट में बतौर मुख्य आतिथि भाग लिया। इसमें सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने बैंड का प्रदर्शन कर सबको मंत्र गुग्ध कर दिया। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में भविष्य के ओलंपियंस तैयार हो रहे हैं। मैं लगभग डेढ़ साल से शिक्षा के कामों से दूर था और मुझे डर लग रहा था कि कहीं स्कूलों में काम पीछे न छूट गया हो, लेकिन मुझे यह देखकर संतोष हुआ कि स्कूलों में काम और आगे बढ़ा है। दिल्ली के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चों के प्रदर्शन में अब कोई अंतर नहीं किया जा सकता। इस दौरान शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज पूरे जोन की सरकारी और निजी स्कूलों की स्पोर्ट्स प्रतिभाएं यहां हैं। मैं इसे खेल प्रतिभा नहीं कहता। बल्कि हमारे बीच आने वाले ओलंपिक्स और कॉमनवेल्थ गेम्स के खिलाड़ी हैं। हम भविष्य में इनमें से कुछ बच्चों को टीवी पर देखेंगे और गर्व से कहेंगे कि यह बच्चा कभी हमारे साथ जोन 1 में था और आज कॉमनवेल्थ गेम्स, ओलंपिक, एशियाई गेम्स या नेशनल गेम्स में देश का झंडा फहरा रहे हैं। हमें भी गर्व होगा कि कभी ये बच्चे हमारे सामने बैठते थे और हम इनका प्रदर्शन देख रहे थे। कई बच्चे आगे चलकर जिला, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे। सभी को भविष्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि मुझे यहां आकर बच्चों की परफॉर्मेंस देखकर बहुत अच्छा लगा। मैं लगभग डेढ़ साल से अपने शिक्षा के काम से दूर था। मुझे लग रहा था कि इन डेढ़ सालों में यह कार्यक्रम कितने आगे बढ़े होंगे। कहीं, पिछले 10 सालों में मेरे किए गए काम पीछे तो नहीं हो गए। लेकिन आपके बीच में आकर लगा कि नहीं, यह पीछे नहीं हुआ, बल्कि और आगे बढ़ा है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज यहां इस जोन के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चे आए हैं। आज यहां पूरा जोन इकट्ठा हुआ है। हम सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में कोई फर्क नहीं कर रहे हैं, लेकिन किसी न किसी कारण से पहले सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में फर्क रहता था। आज मुझे यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि हमारे सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चों के प्रदर्शन में अब कोई अंतर नहीं किया जा सकता। यहां के शिक्षक इस बात को जानते हैं कि आठ-दस साल पहले यह कल्पना करना भी मुश्किल था कि क्या हमारे सरकारी स्कूलों में बैंड भी हो सकता है। लेकिन आज न केवल सरकारी स्कूलों में बैंड है, बल्कि यह शानदार प्रदर्शन भी कर रहे हैं। जब बच्चे यहां से मार्च पास कर रहे थे, तो मुझे देखकर बहुत अच्छा लग रहा था। आपकी प्रस्तुतियां बहुत शानदार थीं। कई प्रस्तुतियों को देखकर मैं बार-बार पूछ रहा था कि क्या यह सरकारी स्कूल के बच्चे हैं? मुझे आश्चर्य था कि हमारे सरकारी स्कूल के बच्चे इतना शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। मनीष सिसोदिया ने बच्चों से कहा कि मैं आप सभी को आने वाले अच्छे खिलाड़ियों के रूप में देख रहा हूं। जोन लेवल तक पहुंचना भी एक बहुत बड़ी बात है। जोन लेवल के बाद आप डिस्ट्रिक्ट, नेशनल और फिर इंटरनेशनल लेवल के लिए जाएंगे। भविष्य में आप एशियन गेम्स और ओलंपिक गेम्स में हिस्सा लेंगे। तब हमें भी यह देखकर गर्व होगा कि यह हमारे जोन का बच्चा है। आज भी जब पूरी दिल्ली से किसी जोन का बच्चा किसी बड़े स्तर पर जाता है, तो अधिकारी बड़े गर्व से आकर बताते हैं कि यह बच्चा हमारे जोन का है। आपमें से कई बच्चे हमें इस गर्व का अनुभव करा रहे हैं। आने वाले समय में निश्चित रूप से आपमें से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी निकलेंगे। मैं खेल को केवल स्कूल स्तर पर इसलिए नहीं देखता, क्योंकि हम यहां से आने वाले ओलंपियंस तैयार कर रहे हैं। मनीष सिसोदिया ने कहा कि स्कूल लेवल पर स्पोर्ट्स की पढ़ाई का एक और अहम योगदान है। मैं चाहूंगा कि इस पर हमारे शिक्षकों को बच्चों से बात करनी चाहिए। हम बच्चों को खेल के लिए प्रोत्साहित करते समय एक गलती करते हैं और कहते हैं कि जिनके अंदर अच्छा स्पोर्ट्स है, वे ऊपर आएं। मुझे लगता है कि हर बच्चे को हर स्पोर्ट्स में भाग लेना बहुत जरूरी है। यह उस बच्चे के लिए भी जरूरी है जो आईएस या आईपीएस, टीचर, अधिकारी, कंपनी का मालिक, या सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहता है। स्कूल लेवल पर हर बच्चे को स्पोर्ट्स में भाग लेना जरूरी है। इसलिए भी कि उसमें से कोई चैंपियन निकलेगा और इसलिए भी कि भविष्य में देश को जो आईएस, आईपीएस, बिजनेस मैन या प्राइवेट कंपनी का सीईओ मिलेगा

# सभी सरकारी सुविधाएं छोड़ेंगे केजरीवाल : संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री का पद छोड़ने के बाद अरविंद केजरीवाल एक बार फिर आम आदमी की तरह रहेंगे। वह 15 दिन के भीतर मुख्यमंत्री आवास खाली करेंगे। उन्हें मिली सुरक्षा एवं अन्य सरकारी सुविधाओं को भी वे छोड़ेंगे। उन्होंने केजरीवाल की सुरक्षा को खतरा बताते हुए इस पर चिंता जताई है।

संजय सिंह ने बताया कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के रूप में मिलने वाली सभी सुविधाओं को छोड़ेंगे। ऐसा देखने में आता है कि नेता पद छोड़ने के बाद भी उन सुविधाओं को पाने के लिए वर्षों तक लड़ाई लड़ते हैं। अपने सरकारी आवास तक को छोड़ने के लिए तैयार नहीं होते। अभी यह तय नहीं हुआ है कि केजरीवाल कहां रहेंगे। संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल पर कई बार हमला हो चुका है। उनकी सुरक्षा को खतरा है। इसलिए पार्टी नेताओं द्वारा उन्हें सुरक्षा रखने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने सरकारी सुरक्षा छोड़ने का फैसला किया है।

संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे से दिल्ली की जनता बहुत दुखी और गुस्से में है। लोग पूछ रहे हैं कि केजरीवाल को इस्तीफा देने की जरूरत क्या थी। उन्होंने ईमानदारी से दिल्ली के दो करोड़ लोगों की सेवा की है। ऐसे में उनको इस्तीफा नहीं देना चाहिए था, लेकिन दो साल से भाजपा लगातार केजरीवाल को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाए गए, जबकि एक भी रुपये का सबूत अब तक नहीं मिला है। जिस पीएमएलए के मामले में जमानत मिलना लगभग नामुमकिन है, उसमें अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी। आप नेता ने कहा कि अब दिल्लीवालों को सोचना है कि केजरीवाल मुख्यमंत्री नहीं होंगे तो दिल्ली में मिल रही मुफ्त बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं की बस यात्रा, बुजुर्गों की तीर्थयात्रा योजना का क्या होगा। भाजपा कहती है कि मुफ्त सुविधाएं बंद होनी चाहिए और दिल्लीवालों को मुफ्तखोर कहकर बदनाम करती है। भाजपा दिल्लीवालों को मिल रही सभी मुफ्त सुविधाएं बंद करना चाहती है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल देश के इकलौते नेता हैं, जो अपनी ईमानदारी पर वोट मांग रहे हैं। पार्टी को पूरा भरोसा है कि वह जनता की अदालत से प्रचंड बहुमत पाकर अपनी ईमानदारी का प्रमाण पत्र लेकर आएंगे।

राजनीतिक नौटंकी कर रही आप : भाजपा

भाजपा ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी राजनीतिक नौटंकी कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि इसके लिए लंबी स्क्रिप्ट लिखी गई है, जो लंबे समय तक चलेगी। आम आदमी पार्टी आगे भी इसी तरह की नौटंकी करती रहेगी। सचदेवा ने संजय सिंह की प्रेसवार्ता के बाद कहा कि इस्तीफा देना, आतिशी को सीएम बनाना और फिर घर खाली करने की बात करना इसी नौटंकी का हिस्सा है। अब अरविंद केजरीवाल आगे भी इस तरह की बातें करते रहेंगे। दिल्ली में अगले 15 दिन तक यही चलेगा। आप को झूठ बोलने में महारत है। राजधानी में शिक्षा, स्वास्थ्य के नाम पर कुछ नहीं किया गया। शराब, स्कूल, पैनिक बटन के नाम पर भ्रष्टाचार किया गया है। अब आप नेता जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

## लड़की के साथ बाइक पर स्टंट करने वाले का चालान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



विकासपुरी में बाइक पर लड़की के साथ स्टंट करने वाले युवक को वीडियो वायरल होने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने तलाश लिया है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने 24 घंटे के भीतर उसके पकड़कर कोर्ट चालान किया है, जिसके लिए उस पर 11 हजार रुपये का जुमार्ना और एक से छह माह के लिए जेल हो सकती है। सोमवार को एक लड़की के साथ बाइक पर स्टंट करते हुए युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में यह शख्स बिना हेलमेट पहने तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था। उसके आगे बाइक की टंकी पर एक लड़की बैठी हुई थी और उसने भी हेलमेट नहीं पहन रखा था। बाइक के पीछे चल रही कार सवार ने उनका यह वीडियो बनाया था। वीडियो में दोनों अश्लील हरकत करते हुए भी दिखाई दे रहे थे। वायरल वीडियो विकासपुरी का बताया गया था।

विशेष आयुक्त अजय चौधरी ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त आयुक्त दिनेश गुप्ता ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने सबसे पहले इस बाइक का नंबर पता लगाने की कोशिश की, लेकिन पीछे से गाड़ी की लाइट पड़ने के चलते उसका नंबर साफ नहीं दिख रहा था। इसके बाद पुलिस ने वीडियो बनाने वाले शख्स की तलाश शुरू की। उन्हें पता चला कि पीछे बैठे कार सवार युवक ने यह वीडियो बनाया है। पुलिस ने उससे संपर्क किया। उसने बताया कि इस बाइक का नंबर उसके पास नहीं है, लेकिन यह घटना 15 सितंबर की रात लगभग एक बजे के आसपास की है। इस जानकारी पर विकासपुरी से लेकर पीरागढ़ी के बीच सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इस दौरान उन्हें चालान करने के लिए भैरों एन्क्लेव गोल चक्कर के पास लगाए गए कैमरे में बाइक का नंबर मिल गया। इसकी मदद से बाइक सवार शख्स की पहचान मोहन गार्डन निवासी महफूज के रूप में हुई।

ट्रैफिक पुलिस ने बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और खतरनाक ढंग से गाड़ी चलाने के लिए उसका चालान किया है। इसके साथ ही उसे ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जाने वाले जागरुकता अभियान में शामिल होने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## सात दोपहिया, मोबाइल फोन समेत पांच बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पश्चिमी जिला पुलिस व द्वारका जिला पुलिस ने पांच बदमाश को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के सात दोपहिया वाहन, एक मोबाइल फोन व चाकू बरामद हुआ है। पकड़े गये आरोपियों पर 18 आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि मोहन गार्डन थाने की पेट्रोलिंग टीम को मंगलवार रात गश्त के दौरान ढुल प्रॉपर्टी, ग्राम सभा पार्क, डीके मार्ग के पास एक संदिग्ध स्कूटी सवार दिखाई दिया। पुलिस ने इसे पकड़कर पूछताछ की तो स्कूटी बिंदापुर से चुराई पाई गई और मामला दर्ज कर आरोपी धोबी घाट, नांगलोई निवासी राज कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। इसकी तलाशी लेने पर एक चाकू बरामद हुआ। वहीं, जिले की एएटीएस टीम ने हाल ही में दर्ज वाहनचोरी के दो मामलों की जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज व स्थानीय सूत्रों की मदद से उनकी पहचान के बाद एक वाहनचोर को दबोच लिया। द्वारका सेक्टर तीन से पकड़े गये आरोपी राहुल पांडेय के



पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। बाद में इसकी निशानदेही पर चोरी की दो अन्य मोटरसाइकिलें बरामद कर ली गईं। जांच में इस पर नौ आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं।

पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि मंगलवार को पंजाबी बाग के मादी पुर चौकी के पुलिसकर्मी रोड संख्या 29 पर शिवांगी कुंज अपार्टमेंट के सामने जांच कर रहे थे। इस दौरान उन्हें एक संदिग्ध स्कूटीसवार रघुवीर नगर से आता दिखाई दिया। उसे पकड़कर पूछताछ करने पर स्कूटी खयाला इलाके से चोरी की मिली। आरोपी की पहचान जेजे कॉलोनी, मादीपुर निवासी भारत उर्फ मिर्चु के रूप में हुई। इस पर भी नौ आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। बाद में पूछताछ में इसकी निशानदेही पर एक अन्य स्कूटी बरामद कर लिया गया। वहीं, स्पेशल स्टाफ ने रविवार को तिलक नगर के ब्लॉक 24 में मोबाइल झपटमारी की जांच करते हुए 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। आरोपी की पहचान करने के बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुखर्जी पार्क, तिलक नगर के पास जाल बिछाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान 28 वर्षीय दलीप उर्फ जस्सी उर्फ सन्नी और 21 वर्षीय जश्मीत उर्फ विक्की के रूप में हुई है। इनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल वाहन समेत दो दोपहिया वाहन व झपटा गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया।

# जनता की अदालत में केजरीवाल जाएंगे और प्रचंड बहुमत का प्रमाण पत्र लेकर आएंगे : संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी में आप सांसद संजय सिंह ने बीजेपी पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता गुस्से में है कि एक ईमानदार मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। लोग पूछ रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा क्यों दिया। पिछले दो सालों से भाजपा उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर ही है। उनपर बेबुनियाद आरोप लगाए गए और ईमानदारी पर सवाल उठाए।



लाएंगे ईमानदारी का प्रमाण पत्रः संजय सिंह ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने सोचा कि हम जनता की अदालत में जाकर ईमानदारी का प्रमाण पत्र लेकर आएंगे। उन्होंने सच्चाई के साथ दिल्ली के लोगों की सेवा की है। मंगलवार को उन्होंने इस्तीफा देने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री को मिलने वाली सुविधाएं छोड़ देंगे। लोगों को सोचना होगा कि अरविंद केजरीवाल नहीं होंगे तो दिल्ली का क्या होगा। प्रधानमंत्री कहते हैं कि मुफ्त की सुविधाएं समाप्त होनी चाहिए। दिल्ली में मुफ्त बिजली-पानी की सुविधा पहली बार अरविंद केजरीवाल ने ही मुहैया कराई। साथ ही महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा और बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराने की योजना लाई।

सरकार की नीयत में कमीः आप सांसद ने आगे कहा, खजाने में पैसों की कमी नहीं, बल्कि सरकार की नीयत में कमी है। जनता की अदालत में अरविंद केजरीवाल जाएंगे और प्रचंड बहुमत का प्रमाण पत्र लेकर आएंगे। गुजरात में इतने सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक भी ऐसा स्कूल नहीं बनवा पाए, कि वे उसके आगे खड़े होकर तस्वीर खिंचवा सकें। नहीं लेंगे सुरक्षा, भगवान करेंगे रक्षाः संजय सिंह ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा पर भी खतरा है। कई बार उनपर हमाला हो चुका है। कई बार भाजपा के लोगों ने हमला किया है। उन्हें चोट पहुंचाई गई। उनके बुजुर्ग माता पिता, बच्चों की सुरक्षा को लेकर हम चिंतित हैं। अरविंद केजरीवाल का कहना है कि ईश्वर ऊनकी रक्षा करेंगे। छह माह तक जेल में भी ईश्वर ने उनकी रक्षा की है। सुविधाओं को बंद कराना चाहती है भाजपाः उन्होंने आगे कहा कि, दिल्ली में अच्छे स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त दवाएं, मुफ्त बस सेवा को भाजपा बंद कराना चाहती है। अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री नहीं होंगे तो मोहल्ला क्लीनिक बंद हो जाएंगे। फ्री बिजली, फ्री पानी, महिलाओं का बस में फ्री सफर, बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा सब बंद हो जाएगी। इतनी सारी सुविधाएं देने के बाद भी दिल्ली का बजट मुनाफे में है।

## द्वारका आइडल फिनाले, 170 प्रतिभागियों ने बिखेरा सिंगिंग का जादू



नई दिल्ली। द्वारका के पैसिफिक डी21 मॉल में आयोजित द्वारका आइडल सिंगिंग प्रतियोगिता के फिनाले में 170 प्रतिभागियों ने अपने गायन से दर्शकों का दिल जीता। द्वारका बीट्स और सीनियर्स हब द्वारका द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में चार आयु वर्गों– 5-10 वर्ष, 11-17 वर्ष, 18-35 वर्ष, और 36 वर्ष से ऊपर– में प्रतियोगिता हुई। सेमीफाइनल के बाद चुने गए 24 फाइनलिस्टों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंत में 12 प्रतिभागियों को द्वारका आइडल का खिताब मिला। पैसिफिक ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिषेक बंसल ने कहा कि हमने स्थानीय प्रतिभाओं को एक मंच दिया, जो संगीत के जरिए समुदाय को भी जोड़ता है। बंसल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए इस आयोजन को सफल बनाने के लिए उनकी सराहना की।

# डीयू में छात्र गर्जना रैली का आयोजन, स्टूटेंड्स की समस्याओं को लेकर भरी हुंकार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ और साउथ कैंपस में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने एक विशाल छात्र गर्जना रैली का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों छात्रों ने मौजूद रहे। इस रैली एक शुल्क, केंद्रीकृत हॉस्टल आवंटन फॉर्म, एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों के लिए स्कॉलरशिप, विश्वविद्यालय स्तर पर प्लेसमेंट सेल, छात्रों के लिए रियायती मेट्रो पास, कॉलेजों में लड़कियों के लिए एनसीसी, सहित कई मुद्दों को उठाते हुए एबीवीपी ने दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन तुरंत कार्रवाई की मांग की । स्टूडेंट्स की समस्याओं का समाधान इस दौरान एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री एवं डूसू की पूर्व संयुक्त-सचिव शिवांगी खरवाल ने कहा कि अभाविप के नेतृत्व वाले डूसू ने लगातार छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किया है और हम इनमें से कई मुद्दों का सफलतापूर्वक समाधान भी कर चुके हैं। एबीवीपी का यह मानना है कि डीयू प्रशासन को शिक्षा के वैश्विक मानकों के साथ तालमेल रखने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए और हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने तक अपनी मांगों को आगे बढ़ाते रहेंगे ताकि डीयू के प्रत्येक छात्र एवं महिलाओं के लिए एक सुरक्षित परिसर बनाया जा सके। साथ ही उन प्रशासनिक समस्याओं का समाधान भी किया जा सके जो बड़े पैमाने पर छात्र समुदाय को प्रभावित करती हैं। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री ने कही ये बात एबीवीपी दिल्ली प्रदेश के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि छात्र गर्जना रैली आज विद्यार्थियों की एकीकृत आवाज के रूप में खड़ी है, जो दिल्ली विश्वविद्यालय के हर कॉलेज में छात्रों की समस्याओं के निवारण हेतु बात करती है। अपनी प्रतिष्ठित साख के बावजूद, दिल्ली विश्वविद्यालय में अवसंरचनात्मक विकास की कमी, पाठ्यक्रमों में शुल्क असमानता और महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कम ध्यान दिया जाना काफी गंभीर विषय है। दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रों के समग्र विकास एवं इन समस्याओं के निवारण हेतु कदम उठाने चाहिए।



## नोएडा में कुख्यात गैंगस्टर व पुलिस के बीच चली गोली, एक घायल, दूसरा फरार

नोएडा। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने आज तड़के एक मुठभेड के दौरान एक कुख्यात गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। इसके खिलाफ पूर्व में चोरी और गैंगस्टर सहित विभिन्न धाराओं में सात मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इसके पास से 22 हजार रुपए नकद, देसी तमंचा, कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त होने वाली मोटरसाइकिल बरामद किया है। इसके कुछ साथी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि थाना सेक्टर-39 पुलिस आज तड़के सेक्टर-42 कट के सामने संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक पर सवार होकर कुछ बदमाश आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब चेकिंग के लिए उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वे अपनी मोटरसाइकिल मोड़कर वहां से भागने लगे। उन्होंने बताया कि बदमाश सेक्टर-42 के जंगल की तरफ भागे। कच्चे रास्ते पर उनकी मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गई। पुलिस ने उन्हें घेर लिया। इसी बीच बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई।

## खंडेलवाल ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय का किया स्वागत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

चांदनी चौक से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने एक राष्ट्र, एक चुनाव संबंधी सिफारिशों को कैबिनेट की मंजूरी देने के फैसले का स्वाखगत किया है। खंडेलवाल ने बुधवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह निर्णय पूरे देश में चुनावी प्रक्रिया में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे केंद्र और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव सुनिश्चित किए जाएंगे। सांसद खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि भारत में इस ऐतिहासिक चुनाव सुधार की शुरूआत के लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहिए। उन्हों ने कहा, मैं कैबिनेट द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव की ऐतिहासिक मंजूरी का दिल से स्वागत करता हूं। दरअसल, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज ह्यएक देश, एक चुनावह्व से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को अपनी मंजूरी प्रदान



कर दी है। उन्होंने आगे कहा कि यह निर्णय सरकार के उन चुनावी सुधारों को लाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो राष्ट्र के लिए लाभकारी हैं। इस पहल से नीतियों का निर्बाध क्रियान्वयन, कम खर्च और हमारे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती जैसे महत्वपूर्ण परिणाम सामने आएंगे। खंडेलवाल ने यह भी बताया कि यह निर्णय राजनीतिक जवाबदेही को बढ़ावा देगा और अधिक जागरूक मतदाता आधार का निर्माण करेगा, क्योंकि नागरिक एक ही चुनाव चक्र के दौरान समग्र निर्णय ले सकेंगे। खंडेलवाल ने इसके सफल कार्यान्वयन के लिए सभी हितधारकों से एक साथ आने का आह्वान किया।

# पति के हाथों बेटी के यौन उत्पीड़न की जानकारी नहीं देने को लेकर महिला के विरूद्ध मामला बंद हो : अदालत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने पति द्वारा 16 वर्षीय एक बेटी पर कथित यौन हमला करने के बारे में जानकारी नहीं देने पर एक महिला के विरूद्ध आपराधिक कार्यवाही यह कहते हुए बंद कर दी कि वह (महिला) भी अपने ससुराल में गंभीर उत्पीड़न की शिकार रही है। इस नाबालिग के साथ उसके पति ने कथित रूप से कई बार यौन शोषण किया और उसके साथ मारपीट भी की।



न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम की धारा 21 (रिपोर्ट करने में या मामला रिकार्ड करने में विफल रहने पर सजा) के तहत महिला के विरूद्ध तय किये गये आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि ऐसी कार्यवाही उसके एवं उसकी बेटी के साथ सर्वथा अन्याय होगा क्योंकि उसकी बेटी पूरी तरह अपनी मां पर आश्रित है।

न्यायमूर्ति दयाल ने कहा कि इसमें देरी तो हुई है, लेकिन महिला अपने पति और परिवार की गंभीर धमकियों के बाद भी अपनी बेटी को मनोचिकित्सक के पास ले गई और उसके बाद उसने इस कथित अपराध की रिपोर्ट स्वयं तत्परता से दर्ज कराई।

उच्च न्यायालय ने अपने हालिया आदेश में कहा, यह एक सटीक मामला है जिसमें एक पीड़िता खुद ही कानूनी प्रावधान के इस्तेमाल से आरोपी बन गई है तथा मामले के पृष्ठभूमि तथ्यों और परिस्थितियों की अनदेखी की गयी है। एक मां पर उसके ही पति द्वारा बच्चे पर यौन अपराध की रिपोर्ट करने में देरी के लिए मुकदमा चलाने की मांग की गई है, इस तथ्य की उपेक्षा कर दी गयी कि मां खुद भी कथित तौर पर अपने ससुराल में गंभीर यौन और अन्य दुर्व्यवहार का शिकार हुई थी।

उच्च न्यायालय ने महिला की याचिका पर यह फैसला सुनाया । महिला ने अपने विरूद्ध लगे आरोपों को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को राहत प्रदान करते हुए कहा, इस मामले में इस बात को संज्ञान में लेना कि लड़की द्वारा अपराधों के बारे में अपनी मां को बताये जाने के बाद भी उसने (पुलिस को) जानकारी नहीं दी और इस बात को संज्ञान में नहीं लेना कि मां खुद ही यौन उत्पीड़न की शिकार है, सर्वथा अन्याय होगा।

न्यायमूर्ति दयाल ने कहा कि महिला के पति के विरूद्ध सुनवाई कानून के मुताबिक जारी रहेगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता मां और उसकी बेटी के बयानों से उनके घर की घिनौनी और भ्रष्ट स्थिति का पता चलता है, जहां याचिकाकर्ता के पति द्वारा लगातार दुर्व्यवहार किया जाता था। उच्च न्यायालय ने कहा कि इस आशंका को ध्यान में रखना असंभव नहीं है कि रिपोर्ट करने में देरी केवल इसलिए हुई क्योंकि मां और बच्चा दोनों ही भारी सदमें में जी रहे थे तथा पुलिस के पास जाने पर उन्हें और अधिक शारीरिक और यौन शोषण का सामना करना पड़ सकता था।

## जिले में सभी हेल्थ एटीएम दोबारा शुरू

जिले के 24 हेल्थ एटीएम इसी हफ्ते से दोबारा शुरू हो गए हैं। इनमें उपयोग होने वाले सामान की कमी के कारण ज्यादातर मशीनों का उपयोग नहीं हो पा रहा था। शासन ने दो हफ्ते पहले इस चिकित्सकीय सुविधा की रिपोर्ट मांगी थी, साथ ही दोबारा इसे शुरू करने के निर्देश दिए थे। पिछले साल जनवरी महीने से जिले में हेल्थ एटीएम लगने शुरू हुए थे। जिले में 24 हेल्थ एटीएम हैं। शुरू में कंपनी की ओर से ही जांच स्ट्रिप, रीजेंट सहित अन्य सुविधाएं मशीन में उपलब्ध थीं। जबकि इंटरनेट की सुविधा स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करानी थी। मशीन में मौजूद सामान खत्म होने के बाद दोबारा नहीं मिल पाए, क्योंकि इसके लिए अलग से बजट निर्धारित नहीं था। लिहाजा धीरे-धीरे ज्यादातर मशीनें बंद हो गई। शासन के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग ने हेल्थ एटीएम को शुरू करने के लिए सभी सामान उपलब्ध करा दिए हैं। लिहाजा इन मशीनों का उपयोग मरीज कर रहे हैं। भविष्य में भी हेल्थ एटीएम को चालू रखने के लिए सभी सामान स्वास्थ्य विभाग नियमित रूप से उपलब्ध कराएगा, ताकि इसकी सुविधा मरीजों को मिलती रहे। हेल्थ एटीएम कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. संजीव सारस्वत ने बताया कि हेल्थ एटीएम में जो भी सामान कम थे, उसे उपलब्ध करा दिया गया है। मशीनें काम कर रही हैं। इसका उपयोग भी मरीज कर रहे हैं। मशीन के उपयोग के लिए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है। ताकि मरीज को इसकी जानकारी नहीं होने की स्थिति में कर्मचारी उन्हें इस बारे में बता सके।

यहां फिर से शुरू हुई सुविधा

हेल्थ एटीएम की सुविधा बरौला, सफाबार्द, रायपुर, होशियारपुर, हरौला, सूरजपुर, चिपियाना, दनकौर, मंडीश्याम नगर, यूपीएससी दादरी, बादौली, रबूपुरा सहित 24 स्वास्थ्य केंद्रों पर दोबारा से हेल्थ एटीएम की सुविधा शुरू करा दी गई है।बड़े अस्पतालों पर से बोझ कम की तैयारी

जिले के सभी बड़े सरकारी अस्पतालों से बोझ कम करने के लिए हेल्थ एटीएम की शुरूआत की गई थी। तीनों प्राधिकरणों ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत हेल्थ एटीएम लगवाए थे। ताकि मरीज को सामान्य बीमारी की स्थिति में मरीज के घर के सामने ही सुविधा मिल सके। ज्यादातर मरीजों को हेल्थ एटीएम की सुविधा मिलने से जिला अस्पताल, जिम्स, बाल चिकित्सालय जैसे चिकित्सकीय संस्थानों पर बोझ कम हो सकता है।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

पत्र संख्या. 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/24-25/डब्लू- I (NIT-39,40&41) दिनांक: 10.09.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता / प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के तहत एसएसई/पी.वे/पानीपत के अनुभाग में बीडीएमजे, एसएमके, दीवाना और बीबीडीई यार्ड (लूप लाइन नंबर 1 और 4) पर स्लीपर घनत्व और सीटीआर (एस) बढ़ाने वाली यार्ड लाइनों की मजबूती। 02 नग यात्री लिफ्ट का प्रावधान। 2. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के तहत एसएसई/पी.वे सोनीपत के अनुभाग में एनयूआर और एसएनपी यार्ड (लाइन नंबर–5, टावर वैगन साइडिंग, हॉट एक्सल साइडिंग और कोल साइडिंग, एमएस–1, एमएस–2, एमएस–3 और लाइन नंबर–4) पर स्लीपर घनत्व और सीटीआर (एस) बढ़ाकर यार्ड लाइनों की मजबूती का कार्य। 3. सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत एसएसई/पी.वे/करनाल के अनुभाग में जीआरए, बीजेडजेटी, केयूएन. बीजेडके. टीआरआर और एनएलकेआर वाईडी पर प्वाइंट और क्रॉसिंग का टीएसआर कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | 1. रु. 430689285.57/- 2. रु. 30611960.57/- 3. रु. 51020300.72/- |
| 3 | धरोहर राशि | 1. रु. 303500/- 2. रु. 303100/- 3. रु. 405100/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोट : एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4 | समापन अवधि | 12 महीने सभी काम के लिए |
| 5 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 04.10.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 04.10.2024 को 15:00 बजे। |
| 6 | निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| 7 | समान प्रकार के कार्य | क्रम संख्या 1 या 2 के लिए : सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग करना, ट्रैक को तनाव मुक्त करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैंपिंग मशीन/गिट्टी स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन और टी–28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल हैं। क्रम संख्या 3 के लिए: सीटीआर/टीआरपी/टीएसआर/डीपस्क्रीनिंग/शैलो स्क्रीनिंग /ओवरहालिंग/डी- स्ट्रेसिंग/रेज़िंग ट्रैक की अंतिम क्रॉपिंग आदि से जुड़ा कोई भी मैनुअल या मैकेनाइज्ड ट्रैक कार्य। टी–28 द्वारा ट्रैक रखरखाव मशीनों और टीआरआर के लिए पूर्व और बाद का कार्य। |

नोट :– शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। 2911/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### 1 हैबिचुअल ऑटोलिफ्टर हुआ गिरफ्तार

द्वारका जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने एक हैबिचुएल ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से तीन चोरी की मोटरसाइकिल स्कूटी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल पांडे के रूप में हुई है, यह नगली विहार एक्सटेंशन का रहने वाला है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में पुलिस टीम ने इसके बारे में सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाया था। फिर जानकारी मिलने के बाद इसको ट्रैप लगाकर सेक्टर 3 जेजे कॉलोनी द्वारका इलाके से गिरफ्तार किया। जिस मोटरसाइकिल से जा रहा था वह चोरी की निकली। आगे की पूछताछ हुई तो और चोरी की मोटरसाइकिल स्कूटी बरामद की गई। यह पहले से 9 मामलों में शामिल रहा है, जिसमें लूट, चोरी और स्नेचिंग के शामिल हैं। इसकी गिरफ्तारी से द्वारका नॉर्थ, बिंदापुर और डाबड़ी थाने के मामलों का खुलासा किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### हथियार तस्कर गिरोह का पर्दाफाश, दो पकड़े

नई दिल्ली। दक्षिणी पश्चिमी जिले की एएटीएस ने हथियारों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि पुलिस ने गिरोह के दो प्रमुख गुर्गों को पकड़ा है, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है। बालिग आरोपी की पहचान मंगोलपुरी जी ब्लॉक निवासी सुरेश उर्फ टाइगर के रूप में हुई है। इस पर 21 आपराधिक मामले दर्ज हैं और ये मंगोलपुरी थाने का घोषित अपराधी है। वहीं, नाबालिग को अलीगढ़, उत्तर प्रदेश के खैर गांव से पकड़ा गया है। इसके पास से पुलिस को चार तमंचे और कारतूस बरामद हुआ है।

### क्राइम ब्रांच ने भगोड़ा बदमाश को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कालिंदी कुंज इलाके में हुई हत्या के प्रयास मामले में वांछित एक भगोड़ा बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी रंजन उर्फ तरुण एनडीपीएस अधिनियम के एक मामले में भगोड़ा भी घोषित किया गया था। आरोपी रंजन पर हत्या के प्रयास, एनडीपीएस, डकैती, झपटमारी, चोरी और आर्म्स एक्ट सहित छह मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच ने इसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपी रंजन उर्फ तरुण ड्रग तस्कर है। उसने कालिंदी कुंज इलाके में आकाश उर्फ भाईदा को मारने की कोशिश की थी। इस संबंध में इसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था।

### ईडी ने अमानतुल्लाह के खिलाफ नोटिस वापस ली

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने समन जारी करने के बाद पेश न होने पर आप विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ अपनी शिकायत वापस ले ली है। ईडी ने अमानतुल्लाह खान के खिलाफ समन की अवमानना की शिकायत अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी की अदालत में की थी। बुधवार को ईडी की तरफ से पेश लोक अभियोजक ने शिकायत वापस ले ली। इसके बाद अदालत ने मामले को निस्तारित कर दिया। बता दें कि, दिल्ली वक्फ बोर्ड में अनियमितता मामले में ईडी ने खान को समन जारी किए थे। उन्हें तीन सितंबर को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया था।

### जमानत पर बाहर आकर लूटपाट करने वाला बदमाश धरा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के मामले में जमानत पर छूटने के बाद लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले एक भगोड़ा बदमाश को रविवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मंगोलपुरी में हत्या की थी। उसने लूटपाट की वारदात को मुंडका इलाके में अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपी तरुण उर्फ खीमा उर्फ सोहेल मंगोलपुरी के वाई ब्लॉक का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, 17 नवंबर 2020 को सौरभ उर्फ बाबू और उसका दोस्त पीयूष उर्फ चीकू पार्क से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच आरोपी तरुण अपने साथी लोकेश, नवासा, संजू उर्फ टकला के साथ वहां आया और पीयूष उर्फ चीकू को पकड़कर उसपर चाकू से कई वार कर फरार हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी तरुण को गिरफ्तार कर लिया था। तरुण को इस साल छह जून को उसके पिता की सर्जरी के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी और उसे दो जुलाई को आत्मसमर्पण करना था, लेकिन आरोपी ने आत्मसमर्पण नहीं किया। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हथियार के बल पर लूटपाट को अंजाम दिया।

# मुख्यमंत्री की सभी सुविधाओं का त्याग करेंगे अरविंद केजरीवाल : संजय सिंह

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंद केजरीवाल ने सभी सरकारी सुविधाओं का त्याग करने का फैसला किया है। इसकी जानकारी देते हुए आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री आवास को छोडकर अब आम लोगों की तरह रहेंगे। उनकी सुरक्षा को खतरा है। पहले उन पर कई बार हमले हो चुके हैं। फिर भी उन्होंने सरकारी सुरक्षा छोड़ने का फैसला किया है। अब दिल्लीवालों को सोचना है कि केजरीवाल सीएम नहीं होंगे तो दिल्ली में मिल रही मुफ्त बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं की बस यात्रा, बुजुर्गों की तीर्थयात्रा योजना का क्या होगा? क्योंकि मोदी जी कहते हैं कि मुफ्त सुविधाएं बंद होनी चाहिए और भाजपा दिल्लीवालों को मुफ्तखोर कह कर बदनाम करती है। भाजपा दिल्लीवालों को मिल रही तमाम मुफ्त सुविधाएं बंद करना चाहती है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल देश के इकलौते नेता हैं, जो अपनी ईमानदारी पर वोट मांग रहे हैं और हमें पूरा भरोसा कि वह जनता की अदालत से प्रचंड बहुमत से अपनी ईमानदारी का प्रमाण पत्र लेकर आएंगे।




आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद संजय सिंह ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस फैसले से दिल्ली की जनता बहुत दुखी और गुस्से में हैं कि एक ईमानदार मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के लिए अनेकों काम किए। दिल्ली के लोग पूछ रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देने की जरूरत क्या थी? केजरीवाल ने तो बड़ी ईमानदारी से दिल्ली के दो करोड़ लोगों की सेवा की। ऐसे में उनको इस्तीफा देने की कोई जरूरत ही नहीं थी।

संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली और देश के लोग देख रहे हैं कि पिछले दो साल से भाजपा लगातार अरविंद केजरीवाल को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। भाजपा ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के झूठे आरोप खड़े किए, जबकि एक रुपए का अभी तक सबूत नहीं मिला है। भाजपा वालों ने केजरीवाल को भ्रष्टाचारी कहा और उनकी ईमानदारी पर सवाल खड़े किए। कोई आम नेता या मोटी चमड़ी वाला नेता होता तो उसे भ्रष्टाचार के इन आरोपों से कोई फर्क नहीं पड़ता और वह अपनी कुर्सी से चिपका रहता। लेकिन यह अरविंद केजरीवाल हैं। केजरीवाल ने अपनी ईमानदारी और सच्चाई से यहां तक का सफर तय किया और ईमानदारी से दिल्लीवालों की सेवा की है। संजय सिंह ने कहा कि जिस पीएमएलए के मामले में जमानत मिलना लगभग नामुमकिन है, उसमें अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दिया। कोई और नेता होता तो वह कहता कि सुप्रीम कोर्ट से मुझे जमानत मिल गई है, काफी है। सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया कि सीबीआई, ईडी ने राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर कार्रवाई की है। सीबीआई ने पिंजरें में बंद तोते की तरह काम किया है। कोई और नेता होता तो कहता कि सुप्रीम कोर्ट ने हमारे हक में फैसला सुना दिया है, अब अपने पद पर बना रहूंगा। लेकिन अरविंद केजरीवाल ने तय किया कि हम जनता की अदालत में जाएंगे। पिछले 10 सालों में जिस जनता की हमने ईमानदारी से सेवा की है, हम उससे ईमानदारी का प्रमाण पत्र लेकर आएंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि दिल्ली की जनता प्रचंड बहुमत के साथ अरविंद केजरीवाल को ईमानदारी का प्रमाण पत्र देगी। संजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर किसी भी व्यक्ति बहुत सारी सुविधाएं मिलती हैं, अरविंद केजरीवाल को भी वह सारी सुविधाएं मिलीं। मंगलवार को इस्तीफा देने के बाद केजरीवाल ने तय किया कि मुख्यमंत्री को मिलने वाली सारी सुविधाएं वह छोड़ देंगे।

## ग्रामीण सौर ऊर्जा उपभोक्ताओं के लिए टाटा पावर डीडीएल ने आयोजित किया पुरस्कार समारोह

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

टाटा पावर डीडीएल के ग्राम उपभोक्ता समूह (विसीजी) ने घर की छतों पर सौर ऊर्जा लगाने एवं अन्य ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले दर्जनों ग्रामीण उपभोक्ताओं को सम्मानित किया। जौंती गांव के सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय में टाटा स्वयंसेवा सप्ताह के 22 संस्करण के भव्य पुरस्कार समारोह में गुरूवार को यह सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में सौर ऊर्जा पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें रुचि रखने वाले उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के लाभों और इंस्टालेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। टाटा पावर डीडीएल ने ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए डीएसएम उत्पाद काउंटर और छत पर सौर ऊर्जा संबंधी पूछताछ सह प्रमोशन स्टॉल भी स्थापित किए।

कार्यक्रम के दौरान कई सौर ऊर्जा उपभोक्ता सम्मानित किए गए, जिन्होंने सौर ऊर्जा के साथ अपने सकारात्मक अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मजिस्ट्रेट-उत्तर-पश्चिम, अंकिता आनंद और एसडीएम, उत्तर-पश्चिम-अनंत द्विवेदी ने टाटा पावर डीडीएल के उपभोक्ताओं को



नवीकरणीय ऊर्जा प्रचार में उनके अमूल्य योगदान के लिए सराहा।

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड की ओर से किफायती दर पर ब्रांडेड कंपनियों के एलईडी बल्ब्स, ट्यूब लाइट्स, बहुत कम बिजली का खपत करने वाले बीएलडीसी पंखे, एयर कंडीशंस उपकरणों में मार्किट रेट पर रुपए 3500 की छूट जैसी डीएसएम प्रोडक्ट्स की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर, काफी उपभोक्ताओं ने सोलर सिस्टम लेने में अपनी रुचि दिखाई। वीसीजी की टीम विभिन्न गावों में ऐसे उपभोक्ताओं के लिए कार्यशालाओं का नियमित रूप से आयोजन करती है जिससे ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ सोलर से बिजली का उत्पादन में सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम में टाटा पावर डीडीएल की मुख्य वाणिज्य अधिकारी किरण गुप्ता, राहुल कुमार, प्रमुख-एससीजी, वीसीजी, सीसीजी, मनीषा वाधवा, हेड एससीजी एवं वीसीजी, भारत छाबड़ा, एसआईजी चीफ और सर्किल प्रमुख उप-शहरी, मनीष गोयल, जिला प्रबंधक-बवाना, नवीन कुमार, जोनल ऑपरेशन टीम के अधिकारियों साथ-साथ 200 से अधिक ग्राम उपभोक्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। ज्ञात हो कि सन् 2021 में स्थापित, विलेज कस्टमर ग्रुप ने कई तरह के काम किए हैं। ये काम कामर्शियल और सीएसआर क्षेत्रों के साथ-साथ उपभोक्ता सहयोग के क्षेत्र में हैं। यह समूह गांव के आर्थिक प्रगति और सामाजिक उन्नति दोनों के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्यक्रम टाटा पावर डीडीएल की स्थायी ऊर्जा समाधान को बढ़ावा देने और समुदायों को हरित प्रथाओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### एएसआई का बेटा अनियंत्रित होकर नाले में गिरा

नई दिल्ली। भजनपुरा इलाके में रविवार को खुले नाले में गिरने से एएसआई के बेटे की मौत मामले में एक सीसीटीवी फुटेज बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें हरीश बैंसला नाले की दीवार पर बैठा दिखाई देता है। इस दौरान अचानक वह अपना हाथ पीछे रखने की कोशिश करता है, लेकिन हाथ रखने की जगह नहीं होने के कारण वह नाले में गिर जाता है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि वह अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया था। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि नाले में गिरने के बाद बचने के लिए वह काफी हाथ-पैर मारता है, लेकिन असफल रहता है और थोड़ी ही देर में वह नाले में डूबने लगता है। इसी बीच एक युवक दौड़ता हुआ आता है और हरीश को बचाने के लिए नाले की दीवार से लटककर उसे पकड़ने की कोशिश करता है। वह दो बार हरीश के करीब भी पहुंचता है, लेकिन पकड़ने में सफल नहीं हो पाता है। थोड़ी देर बाद नाले का पानी धीरे-धीरे शांत हो जाता है। इस दौरान आसपास के कई लोग मौके पर एकत्रित हो जाते हैं और उसे बचाने की कोशिश करते हैं, लेकिन सफलता नहीं मिलती है। बता दें कि, हरीश शादीशुदा था और परिवार के साथ बी 436, गली संख्या 21, भजनपुरा में रहता था। उसके परिवार में पिता योगेंद्र कुमार के अलावा पत्नी और एक बच्चा है। हरीश के पिता योगेंद्र कुमार दिल्ली पुलिस में एएसआई हैं। हरीश खजूरी खास पुलिस थाने में अपराध एवं आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम के लिए निजी ऑपरेटर के रूप में काम करता था।

## 21 सितंबर को दिल्ली सीएम पद की शपथ ले सकती हैं आतिशी, राष्ट्रपति को एलजी ने भेजा पत्र

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

राजधानी दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर आतिशी के शपथ ग्रहण को लेकर तारीख लगभग तय होती नजर आ रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भेजे पत्र में मनोनीत मुख्यमंत्री आतिशी के शपथ ग्रहण की तारीख 21 सितंबर 2024 प्रस्तावित की है। सूत्रों के अनुसार, निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा भी मुर्मू को भेज दिया है।

**जल्द फाइनल होगी डेट**

सूत्रों के अनुसार, आप विधायक दल ने भावी मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए कोई तारीख प्रस्तावित नहीं की है। केजरीवाल ने मंगलवार को उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया और आतिशी ने राष्ट्रीय राजधानी में नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। सलाहकार और मंत्री रही आतिशी पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सलाहकार रह चुकी है। आतिशी इस समय वित्त, महिला, बाल विकास, शिक्षा, बिजली, कला-संस्कृति, पर्यटन तथा लोक निर्माण सहित 14 विभागों का काम देख रही हैं। उन्होंने ही केजरीवाल के जेल जाने के दौरान राज्य की कमान संभाल रखी है। अंततः 17 सितम्बर शाम को अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना को अपना त्यागपत्र सौंप दे दिया है।

## चोरी-झपटमारी के 77 मोबाइल व एक लैपटाप के साथ तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

- बदमाशों से सस्ती कीमत पर मोबाइल लेकर ज्यादा कीमत पर बेचते थे ग्राहकों को
- पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

उत्तर-पूर्वी जिला स्पेशल स्टाफ ने एक रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए चोरी-झपटमारी के मोबाइल खरीदने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में अमन व आफताब और हरजीत सिंह है। पुलिस ने इनके पास से झपटमारी के 77 मोबाइल व एक लैपटाप बरामद किए हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

उत्तर-पूर्वी जिला डीसीपी डॉक्टर जॉय एन टिर्की ने बताया कि धीरज कुमार, आईसी/स्पेशल स्टाफ की देखरेख में गठित टीम एसआई सुशील रावत, प्रधान सिपाही दीपक और सुशील को झपटमारी व चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने के लिए टीम बनाई सूचना मिली थी कि वारदात में शामिल तीन लोग शास्त्री पार्क में आने वाले हैं। पुलिस ने जाल बिछाकर उन्हें पकड़ लिया, 12 मोबाइल अमन, 44 मोबाइल आफताब और 21 मोबाइल हरजीत के पास से बरामद किए गए। वह मोबाइल को बेचने के लिए जा रहे थे। पुलिस को पूछताछ में बताया कि जो बदमाश रात के समय लोगों से मोबाइल झपटते है। वह उन बदमाशों से सस्ती कीमत पर मोबाइल ले लेते हैं और ज्यादा कीमत पर आगे ग्राहकों को बेच देते हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही हैं।

## करोल बाग के बापा नगर में तीन मंजिला मकान गिरा, तीन की मौत, 14 घायल



**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

करोल बाग स्थित बापा नगर इलाके में बुधवार सुबह चार मंजिला मकान भरभरा कर गिर गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हैं। कई और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। मकान में चप्पल बनाने का काम होता था। जिस समय मकान गिरा, उस दौरान कई लोग काम कर रहे थे। मकान की निचली मंजिल पर पुराना निर्माण था और ऊपर नया निर्माण किया गया था। शायद उसी वजह से यह हादसा हुआ है। यह हादसा अंबेडकर गली के हरध्यान सिंह रोड पर हुआ। मकान काफी पुराना था, जिसके ऊपर की दो मंजिल गिरने से हादसा हुआ। मौके पर एनडीआरएफ, फायर, पुलिस की टीम, एंबुलेंस सब रेस्क्यू में युद्धस्तर पर जुटे रहे। समाचार लिखे जाने तक 17 लोगों को वहां से निकाला गया है, जिनमें 3 की मौत हो गई है और 14 घायल हैं। बताया जा रहा है कि अभी कई लोगों के दबे होने की आशंका है। गली अत्यधिक संकरी होने के कारण राहत और बचाव कार्य में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को सुबह 9:00 बजे सूचना मिली थी चार मंजिला मकान गिर गया है। यह बिल्डिंग प्रसाद नगर थाना इलाके के बापा नगर में स्थित है। 25 स्क्वायर गज में यह बिल्डिंग बनी हुई है। कुल 17 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। पुलिस मौके पर अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

### सफदरजंग अस्पताल के बेड़े में दो और एंबुलेंस शामिल

नई दिल्ली। सफदरजंग अस्पताल को बुधवार को दो एंबुलेंस और मिल गई। दोनों एंबुलेंस जीवन रक्षक उपकरणों से लैस है और इनका इस्तेमाल आपातकालीन सेवाओं में किया जाएगा। एंबुलेंस को एफआईईएम फाउंडेशन ने कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत अस्पताल को उपलब्ध कराया गया है। अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार ने कहा कि ऐसी पहल से लोगों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। निजी कंपनियों को ऐसी पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह लाइफ सपोर्ट सिस्टम वाली एंबुलेंस मरीजों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में सहायक होगी और इससे अस्पताल की आपातकालीन क्षमताओं में और सुधार होगा।

## करोल बाग में 5 मंजिला मकान का ऊपरी दो हिस्सा गिरा

- 17 को किया रेस्क्यू, 3 की मौत, 14 घायल, रेस्क्यू जारी
- पुलिस, फायर, एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू में जुटी रही
- सुबह साढ़े आठ बजे हादसा, चप्पल बनाने का होता काम




**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

सेंट्रल दिल्ली के करोल बाग स्थित बापा नगर इलाके में सुबह सुबह एक मकान भर भराकर गिर गया। उसमे कई लोगों के दबे होने की आशंका है। क्योंकि जिस समय मकान गिरा, उस दौरान काफी लोग काम कर रहे थे। उस मकान में चप्पल बनाने के काम में कई लोग जुटे हुए जिन आसपास के लोगों ने बनाया की यह मकान पांच मंजिल का बना हुआ था। नीचे पुराना बना था, ऊपर नया बनाया गया था। शायद उसी वजह से यह हादसा हुआ है। यह हादसा अंबेडकर गली के हरध्यान सिंह रोड पर हुआ है। मकान काफी पुरानी थी, जिसके ऊपर की दो मंजिल गिरने से हादसा हुआ। मौके पर एनडीआरएफ, फायर, पुलिस की टीम, एंबुलेंस सब मौजूद है और लोगों के साथ बचाव राहत में लगी हुई है।अभी तक 17 लोगों को वहां से निकाला गया है। जिसमें 3 की मौत हो गई है और 14 घायल हैं। बताया जा रहा है कि अभी कई लोगों के दबे होने की आशंका है। यह पांच मंजिला मकान था, जिसके ऊपर का दो फ्लोर भर भराकर गिर गया।

अभी बचाव और राहत कार्य जारी है, काफी सकरी गली होने के कारण बचाव कार्य में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को 9:00 बजे इनफार्मेशन मिली थी, बिल्डिंग कॉलेप्स होने के सिलसिले में। यह बिल्डिंग प्रसाद नगर थाना इलाके के बापा नगर में स्थित है। 25 स्क्वायर गज में यह बिल्डिंग बना हुआ था। अभी तक 17 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है और भी लोगों के दबे होने की आशंका है। पुलिस दूसरी एजेंसी के साथ मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रही। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि कंट्रोल रूम को 9:11 पर सूचना मिली थी। मकान नंबर 16/134 में यह हादसा हुआ है। पांच फायर की गाड़ी मौके पर भेजी गई। कुछ लोगों के दबे होने की आशंका थी, जिसपर डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एस के दुआ, डिविजनल ऑफिसर वेदपाल, असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर रविंद्र की देखरेख में रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया।

## दिल्ली का टाईगर मंगवाता था यूपी से हथियार की खेप

- 4 पिस्टल, कारतूस सहित गिरफ्तार, नाबालिक हिरासत में

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने आर्म्स की सप्लाई करने वाले गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिक साथी को भी हिरासत में लिया गया। इनके पास से चार कंट्रीमेड पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। ये दिल्ली एनसीआर में हथियार की सप्लाई करते थे। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरेश उर्फ टाइगर के रूप में हुई है। टाइगर मंगोलपुरी, दिल्ली का रहने वाला है।

पुलिस टीम को एक इनफार्मेशन मिली थी की उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से हथियार की खेप लाकर दिल्ली एनसीआर में सप्लाई किया जाता है।




उस सूचना पर इंस्पेक्टर गौतम मलिक की देखरेख में सब इंस्पेक्टर मनीष, अरकप्रवीण, जयपाल और धर्मेंद्र की टीम ने सुरेश उर्फ टाइगर को गिरफ्तार किया। जब यह सागरपुर इलाके में हथियार किए सप्लाई करने के लिए चोरी छुपे पहुंचा था। उसके खिलाफ सागरपुर थाना में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया।

इनसे जब पूछताछ की गई तो पता चला कि एक और सहयोगी इसमें शामिल है। उसे पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ स्थित खेर गांव से पकड़ा। उसके पास से तीन कंट्री मेड पिस्टल भी बरामद किया गया। पकड़े जाने पर उसकी पहचान नाबालिक के रूप में हुई। पुलिस ने इस मामले में टाइगर को पुलिस रिमांड पर लिया जिससे कि आगे पूछताछ करके सिंडिकेट के बारे में खुलासा किया जा सके। पता चला कि 49 साल के टाइगर पर 21 आपराधिक मामले उत्तर प्रदेश और दिल्ली में चल रहे हैं। जिसमें से लूट, चोरी, हत्या के प्रयास, धमकी देने और आर्म्स एक्ट के शामिल हैं, आगे की छानबीन पुलिस टीम कर रही है।

## राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा की टिप्पणी के विरोध में एनएसयूआई सड़क पर उतरी




**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने जोरदार प्रदर्शन किया। इसमें। इस दौरान सैंकड़ों प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर लेकर एनएसयूआई मुख्यालय पर पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि वह राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी नेताओं द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणियों के लिए तुरंत माफी मांगें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र और विपक्षी आवाजों के प्रति सम्मान की कमी को दशार्ता है।

एनएसयूआई ने बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्वक मार्च के रूप में आयोजित किया गया था, गंभीर बाधाओं का सामना करना पड़ा जब दिल्ली पुलिस ने सरकारी दबाव में आकर एनएसयूआई मुख्यालय को घेर लिया और प्रदर्शनकारियों को कार्यालय के गेट से आगे बढ़ने से रोक दिया। पुलिस की इस अनुचित कार्रवाई के जवाब में, एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने बीजेपी और उसके नेतृत्व की कड़ी निंदा की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि यह कदम बीजेपी और उसकी नफरत भरी विचारधारा के असली चेहरे को उजागर करता है। यह चिंताजनक है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को सुना नहीं जा रहा बल्कि गिरफ्तार किया जा रहा है। राहुल गांधी के खिलाफ की गई टिप्पणियां न केवल उनका बल्कि लोकतंत्र का भी अपमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तुरंत कदम उठाकर ऐसे मंत्रियों को अपने मंत्रिमंडल से और नेताओं को पार्टी से निकालना चाहिए, जो नफरत और विभाजन फैलाते हैं।

### नोएडा में शातिर चोर चूहा गिरफ्तार, एक लाख 15 हजार रुपए नकद बरामद

नोएडा। कल-कारखानों, मकान, दुकान तथा कंपनियों के गोदामों का ताला तोड़कर नकदी समेत कीमती सामान चोरी करने वाला शातिर चोर चूहा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बंदी बनाया गया अभियुक्त अपने साथियों के साथ चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में माहिर है। यह चूहों की तरह हरकते करते हुए छोटी सी जगहों पर भी घुसकर चोरी की घटनाओं के बेखौफ अंजाम देकर फरार हो जाता था। एक सूचना पर थाना दादरी पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चल रहे शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से 1,15,000 रूपए नकद बरामद किया है। थाना दादरी के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि 13 अगस्त 2024 को एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर की आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा हुआ सोने-चांदी का आभूषण चोरी हो गया है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने एक सूचना के आधार पर उक्त घटना को अंजाम देने वाले स्वालीन उर्फ चूहा पुत्र शाहिद निवासी जनपद बुलंदशहर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसने अपने साथी सलमान, चांद व आबिद के साथ मिलकर चिटैहरा गांव में गैस गोदाम के पास एक बंद घर का गेट व अलमारी तोड़कर सामान व पैसे चोरी किया था।

## नजफगढ़ नाले के नीचे चलेगी मेट्रो, चौथे चरण की सबसे लंबी सुरंग भूमि, सृष्टि ने की तैयार

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

दिल्ली मेट्रो ने बुधवार को चौथे चरण के निर्माण कार्य के तहत पहली ट्विन टनल्स की खुदाई का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। बुधवार को पुलबंगश मेट्रो स्टेशन पर दो टनल बोरिंग मशीनें, भूमि और सृष्टि, एक साथ बाहर निकली। इसके साथ ही जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम कॉरिडोर (मैजेंटा लाइन एक्सटेंशन) पर डेरावल नगर को पुलबंगश से जोडे वाली तीन किलोमीटर लंबी ट्विन टनल्स की खुदाई का काम पूरा हो गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र और डीएमआरसी के एमडी डॉ. विकास कुमार की भी उपस्थिति रही। पहली बार है जब समानांतर सुरंग खोदने के बाद एक साथ दो टीबीएम बाहर आई हैं। यह एक बड़ी इंजीनियरिंग उपलब्धि है क्योंकि इंजीनियरों को दो समानांतर मशीनों के कामकाज पर बारीकी से



नज रखी जाती है। दोनों टीबीएम ने जून, अगस्त 2023 में निर्माण शुरू किया और आज पुलबंगश मेट्रो स्टेशन पर निकली। मात्र 14 महीनों में ही प्रति टनल प्रति दिन औसतन 8.2 मीटर की गति से लगभग 2997 मीटर टनल खुदाई की गई। डीएमआरसी के चौथे चरण के निर्माण कार्य में यह सबसे लंबा सुरंग सेक्शन (लगभग 3 किमी), जमीन से लगभग 14-15 मीटर की गहराई पर बना है जो राणा प्रताप बाग, पंजाबी बस्ती जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों से होकर गुजरेंगी। मेट्रो के प्रबंध कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया, ये सुरंगें नजफगढ़ नाले के नीचे से भी गुजरेंगी, जो नाले की अनिश्चित संरचनात्मक स्थिति के कारण एक संवेदनशील सेक्शन है। टीबीएम ने घंटाघर जैसे क्षेत्र में भी खुदाई की जो बेहद मुश्किल था। अंदर से सुरंग का व्यास 5.8 मीटर है और परिचालनिक संरक्षा की दृष्टि से दोनों सुरंगों को जोडे के लिए कुल छह क्रॉस-पैसेज बनाए हैं। इससे पहले अगस्त में ही एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर की छतरपुर मंदिर साइट पर टीबीएम का काम पूरा किया है।

# दिल्ली में आप की आतिशबाजी



-राकेश अचल-

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के 74 वे जन्मदिन पर देश में आतिशबाजी हुई या नहीं, लेकिन दिल्ली में आम आदमीपार्टी ने जमकर आतिशबाजी की। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा देने के बाद आतिशी को अपनाउत्तराधिकारी बनाकर प्रधानमंत्री जी को अनूठा उपहार दिया गया है। कालकाजी विधानसभा सीट से विधायक आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। आतिशी को 09 मार्च 2023 को पहली बार मंत्री बनाया गया था। मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद उन्हें केजरीवाल कैबिनेट में एंट्री मिली थी।

आतिशी के दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने से और कुछ हो या न हो किन्तु भाजपा की राजनीति को ग्रहण जरूर लग गया है। भाजपा की मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली, झारखंड, और बंगाल के मुख्यमांत्रियों को अपना निशाना बनाया था लेकिन तीनों ही भाजपा के शिकंजे से निकल गए। तीन में से दो हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को हालांकि जेल यात्रा करना पड़ी लेकिन ममता बनर्जी अभी तक बची हुई है। सन्देशखाली और कोलकात की वारदात भी उनका बाल-बांका नहीं कर सकी। अब भाजपा खीज चुकी है, उसकी बौखलाहट सार्वजनिक हो चली है।

दिल्ली में नेतृत्व परिवर्तन यद्यपि भाजपा सरकार द्वारा आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर बनाया गया दबाब ही है, लेकिन केजरीवाल की वक्र चाल ने भाजपा के अब तक के किये कराये पर पानी फेर दिया। आम आदमी पार्टी की सियासत अब दोराहे पर है और भाजपा भी। । उसे साबित करना है कि उसका नहले पार दहला कारगर है या नहीं ?

अब आम आदमी पार्टी की ही नहीं भाजपा और गैर भाजपा गठबंधन की राजनीति में भी बदलाव साफ नजर आएगा। आतिशी को दिल्ली की कमान मिलने से आम आदमी पार्टी के वो नेता भी कहीं पीछे छूट गए हैं जिनका अरविंद केजरीवाल से रिश्ता पार्टी की स्थापना से भी पुराना है। केजरीवाल के इस्तीफे से खाली हुए शून्य को तो आतिशी के जरिए भर दिया गया है, लेकिन भारी-भरकम मंत्रालयों का कार्यभार संभाल रहीं आतिशी को नई जिम्मेदारी मिलने से कैबिनेट में जगह खाली हो गई है। यानी नए नेताओं की दिल्ली की सरकार में एंट्री तय है. दूसरी तरफ भले ही अगले चुनाव तक आतिशी मुख्यमंत्री रहें, लेकिन संगठन की दृष्टि से भी उनके कद में इजाफा तय माना जा रहा है। मुख्यमंत्री होने के नाते वो पहली पंक्ति की नेता हो जाएंगी, प्रमुख स्टार कैंपेनर भी बन जाएंगी।

आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अब भाजपा के खिलाफ अभियान छेड़ने के लिए परम स्वतंत्र है। अब उनकी लड़ाई का रुख भी बदल जायेगा। अब केजरीवाल भाजपा की बेईमानी और अपनी ईमानदारी को लेकर राजनीति में अपनी जगह बनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन ये काम वे अकेले नहीं कर सकते। उन्हें भी इस अभियान में ईमानदारी के साथ पेश आते हुए कांग्रेस की बैशाखी का इस्तेमाल करना पडेगा। कहते हैं न कि - अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता। इसी तरह अकेले अरविंद केजरीवाल भाजपा का बाल-बांका नहीं कर सकते। वर्ष 2024 के आम चुनाव में भाजपा का जो भी नुक्सान हुआ वो कांग्रेस के नेतित्व वाले गठबन्धन की एकजुटता की वजह से हुआ, केजरीवाल की आम आदमी पार्टी का उसमें कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं है। आम आदमी पार्टी पंजाब से आगे ही नहीं बढ़ पायी। यहां तक कि दिल्ली में भी उसे लोकसभा की एक भी सीट नहीं मिली। आम आदमी पार्टी की दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री आतिशी में कितना आतिश है ये फरवरी 2025 में होने वाले दिल्ली विधानसभा के चुनावों में स्पष्ट हो जाएग। आतिशी के पास करने के लिए कुछ भी नया नहीं है। वे केजरीवाल का मुखौटा हैं और मुखौटा ही रहेंगी, जो कुछ करेंगे वो सब केजरीवाल ही करेंगे। केजरीवाल को यदि अपनी पार्टी को सचमुच राष्ट्रीय दल बनाये रखना है तो उन्हें दिल्ली के बाहर की राजनीति के बारे में भी सोचना और करना पड़ेगा।

# अंततः देश की जनगणना

भारत की नई, ताजा और अद्यतन जनगणना की शुरुआत होने वाली है। केंद्र सरकार शीघ्र ही औपचारिक घोषणा करेगी और पूरा कार्यक्रम देश के सामने रखेगी। 2011 की जनगणना के बाद अब यह कवायद की जाएगी। नियम रहा है कि हर 10 साल के बाद जनगणना कराई जाएगी, लेकिन कोरोना वैश्विक महामारी के कारण 2021 की जनगणना नहीं की जा सकी। अब भारत दुनिया के उन तीन देशों में एक है, जहां नई जनगणना का सम्यक कार्यक्रम अभी घोषित किया जाना है। ऐसा यूएन पॉपुलेशन फंड के ग्लोबल सेंसस ट्रैकर का दावा है। बेशक कोरोना ने वैश्विक स्तर पर लगभग सभी देशों को खूब प्रभावित किया, नतीजतन वे जनगणना समेत कई अभियान नहीं चला पाए, लेकिन उन्होंने महामारी से उबर कर जनगणना के अपने कार्यक्रम भी घोषित किए और जनगणना की प्रक्रियाएं भी शुरू हो चुकी हैं। भारत भी 2021 के अंत तक आते-आते कोरोना से लगभग मुक्त हो चुका था, लेकिन जनगणना की शुरुआत क्यों नहीं की गई, इसका सटीक जवाब भारत सरकार ही दे सकती है। चूंकि भारत में जनगणना नहीं हो सकी, लिहाजा नया डाटा प्राप्त नहीं है, नतीजतन जातीय जनगणना का राजनीतिक नेरेटिव सामने आया है। हालांकि दोनों में तुलना नहीं की जा सकती। वैसे भी राज्य जनगणना के लिए अधिकृत नहीं है। यह दायित्व केंद्र सरकार का ही है। बहरहाल अब जनगणना की प्रक्रिया शुरू होने वाली है, तो उसे डिजिटल तरीके से भी किया जाए। नागरिकों को स्व-गणना और स्व-सत्यापन का अधिकार दिया जाए और जनगणना का परंपरागत तरीका भी इस्तेमाल किया जाए। इससे डाटा स्पष्ट, सुगम और यथाशीघ्र उपलब्ध होगा और क्रॉस चेकिंग भी की जा सकेगी। हालांकि जनगणना का अधिकृत फैसला लिया जा चुका है, लेकिन अब भी तय नहीं है कि उसका डाटा कब तक सार्वजनिक रूप से जारी किया जाएगा। अतीत में जनगणना के प्रथम चरण के सम्पन्न होने में ही करीब 11 माह का वक्त लगा था। भारत में जनगणना की प्रक्रिया बेहद जटिल, पेचीदा और व्यापक है, क्योंकि राज्य और केंद्र शासित क्षेत्र 35 से अधिक हैं और कुल आबादी 145 करोड़ को छू रही होगी ! बहरहाल नई, ताजा जनगणना बेहद जरूरी है, क्योंकि वह ही सभी आकलन, विश्लेषण और सर्वेक्षणों की कसौटी है।

अभी तक हम 2011 की जनगणना की गिरफ्त में हैं। यदि उसी के आधार पर भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का मूल्यांकन करना है, तो निष्कर्ष गलत आएगा। बीते 13 सालों में भारत बिल्कुल बदल चुका है। आज वह विश्व की महाशक्तियों में शामिल है और दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2011 की जनगणना के पुराने डाटा के भरोसे ही स्वास्थ्य, जनसंख्या और आर्थिकी के डाटा भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। यही नहीं, एनएसएसओ समेत अन्य एजेंसियों के सर्वेक्षणों की गुणवत्ता भी गलत साबित हुई है। एक उदाहरण ही पर्याप्त है। यह अनुमान है कि करीब 11 करोड़ भारतीयों को खाद्य सुरक्षा कानून के लाभ नहीं मिल पा रहे हैं।

# हरियाणा चुनाव : सत्ता का चक्रव्यूह

**इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना हरियाणा चुनावी दौरा भी शुरू कर दिया है। गत दिनों मोदी जम्मू कश्मीर से एक चुनावी सभा सम्बोधित करने के बाद कुरुक्षेत्र की जन आशीर्वाद रैली में पहुंचे। यहाँ उनके भाषण में मुख्यतः कांग्रेस ही निशाने पर रही। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद व भ्रष्टाचार का आरोप तो लगाया ही साथ ही यह भी बताया कि किस तरह कांग्रेस शासित राज्य वित्तीय संकट से बुरी तरह जूझ रहे हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में कथित आर्थिक संकट का जिक्र किया तथा उनकी जनता को मुफ़्त दी जाने वाली योजनाओं पर निशाना साधा तथा वित्तीय संकट के लिये इसी रेवड़ी कल्चर को जिम्मेदार ठहराया। हिमाचल प्रदेश का नाम लेकर उन्होंने कई उदाहरण भी दिये।**







-निर्मल रानी-
(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

गत 16 सितंबर को हरियाणा में नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि समाप्त हो गयी। प्राप्त समाचारों के अनुसार राज्य में 190 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिया है। नाम वापस लेने वालों में भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस के कई बागी उम्मीदवार भी शामिल हैं। इनमें सिरसा विधानसभा की सीट ऐसी भी है जहां बीजेपी प्रत्याशी रोहतास जांगड़ा ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया है। रोहतास जांगड़ा ने मीडिया को बताया कि पार्टी के कहने पर ही उन्होंने पर्चा दाखिल किया था और पार्टी के कहने पर ही उन्होंने अपना नाम वापस भी ले लिया है। कयास लगाये जा रहे हैं कि सिरसा विधानसभा सीट पर अब भाजपा हरियाणा लोकहित पार्टी के प्रमुख पूर्व मंत्री गोपाल कांडा को अपना समर्थन दे सकती है। खबर यह भी है कि इस ह्यसौदेबाजीह्न के तहत गोपाल कांडा की हरियाणा लोकहित पार्टी रानियां सीट पर अपने उम्मीदवार के बजाये भाजपा उम्मीदवार को समर्थन दे सकती है। अंबाला की दो विधानसभा सीटों को लेकर भी कुछ ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। अम्बाला शहर की सीट पर भाजपा ने यहां से दो बार विधायक रहे असीम गोयल को तीसरी बार भी मैदान में उतरा है। गोयल, नायब सिंह सैनी के मंत्रिमंडल में पहली बार राज्य मंत्री भी बनाये गए हैं। कांग्रेस के दो मजबूत बागी उम्मीदवारों पूर्व विधायक जसबीर मलोर तथा युवा नेता हिम्मत सिंह के नामांकन पत्र भरने की वजह से असीम गोयल के लिये तीसरी बार भी यह सीट जीतना आसान लग रहा था। परन्तु नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन सांसद दीपेंद्र हुडा ने स्वयं अंबाला पहुंचकर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी व पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह के पक्ष में इन दोनों कांग्रेस नेताओं के नामांकन वापस करा दिये। इसके बाद अब यह माना जा रहा है कि निर्मल सिंह की जीत का रास्ता प्रशस्त हो गया है।

उधर अम्बाला छावनी की सीट पर गत छः बार के विधायक रहे पूर्व गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। उनका मुकाबला वैसे तो कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी परिमल परी से है जो पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। परन्तु इसी सीट पर चित्रा सरवारा भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं। चित्रा सरवारा कांग्रेस के अंबाला शहर के प्रत्याशी व पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह की बेटी हैं। 2019 तक चौधरी निर्मल सिंह कांग्रेस में थे। बाद में कांग्रेस छोड़कर कुछ समय के लिये आम आदमी पार्टी में भी शामिल हुये। कुछ समय पूर्व ही पिता-पुत्री की पुनः ह्य घर वापसी ह्न हुई है। चित्रा 2019 में भी विज के विरुद्ध निर्दलीय चुनाव लड़कर 44 हजार वोट ले चुकी थीं इसलिये इस बार वह कांग्रेस से टिकट मांग रही थीं। परन्तु पार्टी ने एक ही जिले से पिता पुत्री को एक साथ टिकट न देने का निर्णय तो लिया। परन्तु जिस सक्रियता से निर्मल सिंह के विरुद्ध लड़ने जा रहे दो बागियों के नाम वापस कराये गये उसी तरह स्वयं निर्मल सिंह की बेटी ने अपना नामांकन कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी परिमल परी के पक्ष में वापस क्यों नहीं लिया इस बात को लेकर रहस्य बना हुआ है। बहरहाल नामांकन वापस लेने के बाद अब 90 विधानसभा के लिये 5 अक्टूबर को होने वाले इस चुनाव में विभिन्न दलों के कुल 1031 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना हरियाणा चुनावी दौरा भी शुरू कर दिया है। गत दिनों मोदी जम्मू कश्मीर से एक चुनावी सभा सम्बोधित करने के बाद कुरुक्षेत्र की जन आशीर्वाद रैली में पहुंचे। यहाँ उनके भाषण में मुख्यतः कांग्रेस ही निशाने पर रही। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद व भ्रष्टाचार का आरोप तो लगाया ही साथ ही यह भी बताया कि किस तरह कांग्रेस शासित राज्य वित्तीय संकट से बुरी तरह जूझ रहे हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में कथित आर्थिक संकट का जिक्र किया तथा उनकी जनता को मुफ़्त दी जाने वाली योजनाओं पर निशाना साधा तथा वित्तीय संकट के लिये इसी रेवड़ी कल्चर को जिम्मेदार ठहराया। हिमाचल प्रदेश का नाम लेकर उन्होंने कई उदाहरण भी दिये। हालांकि प्रधानमंत्री के इस आरोप का जवाब देने के लिये कांग्रेस की ओर से अगले ही दिन पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने चंडीगढ़ में एक प्रेस वार्ता की। चिदंबरम ने कांग्रेस शासित राज्यों में आर्थिक संकट के आरोपों को सिरे से खारिज किया और कहा कि प्रधान मंत्री मोदी हमेशा सही नहीं बोलते। हर राज्य की स्थितियां अलग होती हैं। उल्टे चिदंबरम ने हरियाणा की भाजपा सरकार से ही बेरोजगारी, कर्ज और किसानों के मुद्दों पर आंकड़ों के साथ सवाल किये।

उधर तीसरी बार सत्ता में वापसी को आतुर दिखाई दे रही भाजपा के प्रत्याशियों को अनेक विधानसभा क्षेत्रों में जनता खासकर किसानों के भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यहाँ तक कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पूर्व हल्के नारायणगढ़ के भाजपा प्रत्याशी को भी किसानों ने कुछ गावों में घुसने नहीं दिया और नारेबाजी कर उन्हें वापस जाने के लिये मजबूर किया। इसी तरह अनिल विज को भी अपने क्षेत्र में ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। उधर कांग्रेस पार्टी जो कुछ समय पहले तक राज्य में क्लीन स्वीप करती दिखाई दे रही थी उसमें अब ह्यडैमेज कंट्रोल ह्न की जरुरत आ पड़ी है। इसका मुख्य कारण है पार्टी की भीतरी गुटबाजी व इसके कारण पैदा होने वाले विवाद। दरअसल पिछले दिनों हरियाणा में तेजी से एक वीडिओ वायरल हुआ जिसमें कथित रूप से कोई भूपेंद्र हुड्डा समर्थक बुजुर्ग, कुमारी शैलजा के बारे में जातिसूचक अपमानजनक टिप्पणी करता सुनाई दिया। यह वीडिओ कांग्रेस विरोधियों द्वारा यही कहकर प्रसारित की गयी कि ह्ययह कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा हैह्न। हालांकि इस आपत्तिजनक वीडिओ के वायरल होने के बाद स्वयं हुडा ने रोहतक में पत्रकारों से बात की और कहा कि -शैलजा उनकी बहन हैं और पार्टी की एक सम्मानित नेता हैं। कोई भी कांग्रेस कार्यकर्ता ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकता है, और ऐसे लोगों के लिए पार्टी के अंदर कोई जगह नहीं है। जाति, धर्म के आधार पर लोगों को आपस में लड़वाना बीजेपी का काम है। हुडा ने ये भी कहा कि कांग्रेस पार्टी का कोई भी शख़्स ऐसी बात नहीं कह सकता है। दरअसल कुमारी शैलजा राज्य की सबसे वरिष्ठ दलित महिला नेता तथा इस वर्ग की मुख्यमंत्री पद की इकलौती दावेदार हैं। परन्तु कांग्रेस ने जिन 89 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं उनमें 72 प्रत्याशी अकेले भूपेंद्र सिंह हुड्डा समर्थक बताये जा रहे हैं जबकि सिरसा से लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रही पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा के केवल 9 समर्थक प्रत्याशी ही टिकट हासिल करने में कामयाब हुये हैं। गोया टिकट वितरण से ही हुड्डा खेमे का पल्ला भारी है।

अब देखना यह होगा कि कई क्षेत्रों में बागियों के चुनाव लड़ते तथा शैलजा खेमे के साथ साथ उन पर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर दलित समाज में उपजे रोष के बीच हुड्डा खेमे पर लगभग आश्रित नजर आती कांग्रेस अपने बल पर भाजपा से सत्ता छीन सकेगी या फिर हरियाणा को 2019 की ही तरह राज्य में चुनाव लड़ रहे इनेलो, जजप, बसपा आजाद समाज पार्टी या विजयी होकर आने वाले अन्य स्वतंत्र निर्वाचित सदस्यों की बैसाखी की सरकार मिलेगी ?

# एक देश एक चुनाव अमृतकाल की अमृत उपलब्धि बने...

**जब दुनिया के अनेक देशों में ह्यएक राष्ट्र-एक चुनावह्न की परम्परा सफलतापूर्वक संचालित हो रही है तो भारत में इसे लागू करने में इतने किन्तु-परन्तु क्यों है ? देश में इसे लागू करने से सरकार कुछ-कुछ समय बाद चुनावी मोड में रहने के बजाय शासन यानी विकास योजना पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकती है। इससे समय एवं संसाधनों की भी बचत होगी। एक साथ चुनाव कराने से मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा, क्योंकि लोगों के लिए एक साथ कई मत डालना आसान हो जाएगा।**





-ललित गर्ग-
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के मौके पर भारतीय जनता पार्टी ने एक देश एक चुनाव के अपने चुनौतीपूर्ण संकल्प को लागू करने की बात कहकर राजनीतिक चर्चा को गरमा दिया है। भारत के लोकतंत्र की मजबूती एवं चुनावी प्रक्रिया को अधिक प्रासंगिक एवं कम खचीर्ला बनाने के लिये एक देश एक चुनाव पर चर्चा होती रही है। इसको लेकर भाजपा जिस तरह बेझिझक होकर तेजी से आगे बढ़ रही है, उससे अंदाजा लगाया जा रहा कि केंद्र को सहयोगी दलों का पूरा समर्थन मिल रहा। दो बड़े दलों में से एक जेडीयू ने मोदी के एक देश एक चुनाव वाले इरादे पर सहमति जता दी है। कहा गया कि राजग सरकार अपने वर्तमान कार्यकाल के भीतर इस महत्वपूर्ण चुनाव सुधार को लागू कराने को लेकर आशावादी है और उसके इस आशावाद में देश को एक नई दिशा मिल सकेगी। भारत की वर्तमान चुनावी प्रणाली में निहित कई चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा एक संभावित समाधान के रूप में उभरी है। शासन के सभी स्तरों- पंचायत, नगरपालिका, राज्य और राष्ट्रीय- में एक साथ चुनाव कराने से लागत (खर्च)-प्रभावशीलता और प्रशासनिक दक्षता से लेकर बेहतर शासन और नीति निरंतरता तक कई लाभ मिल सकते हैं। यह नये भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को आकार देने का मुख्य आधार बन सकता है एवं आजादी के अमृतकाल की एक अमृत उपलब्धि बनकर सामने आ सकता है।

भले ही स्पष्ट बहुमत के अभाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग की तीसरी पारी में बदलावकारी फैसले लेना उतना सहज नहीं रह गया है, जितना पहली-दूसरी पारी में नजर आता था। लेकिन भाजपा की सरकार इतनी भी कमजोर नहीं है कि अपने चुनावी वायदों एवं विकासमूलक कार्ययोजनाओं को लागू न कर सके। नरेन्द्र मोदी जैसा साहसी एवं करिश्माई नेतृत्व है तो उसके द्वारा देशहित की योजनाओं में आने वाले अवरोध वह दूर कर ही लेंगे। एक दशक की विकासमूलक कार्यशैली के बाद अब भी भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर अपनी योजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने में जुटी है। भले ही भाजपा-सरकार कई मुद्दों पर यू टर्न लेते हुए भी नजर आई। बहरहाल, लोकसभा में पहले के मुकाबले कमजोर स्थिति होने के बावजूद खुद को साहसिक निर्णय लेने वाली पार्टी के रूप में एक बार फिर अपने एक मुख्य एजेंडे ह्यएक राष्ट्र, एक चुनावह्न को आकार देने के लिये तत्पर हो गयी है। इसके लिए सरकार ने पक्ष-विपक्ष के सभी नेताओं से एक साथ आने का अनुरोध किया था। निस्संदेह, एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिये भाजपा द्वारा नई पहल किए जाने के निहितार्थ राजनीति से ज्यादा राष्ट्रहित में है।

निश्चिय ही ह्यएक देश एक चुनावह्न की योजना को लागू करना राजग के लिये बड़ी चुनौती होगी क्योंकि इस बार विपक्ष पहले के मुकाबले मजबूत भी है और एकजुट भी है। इसमें दो राय नहीं कि यह बात तार्किक है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रयास शासन में सुनिश्चितता लाएगा। वहीं बार-बार के चुनाव खचीर्ले होते हैं। दूसरे राज्य-दर-राज्य लंबी आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य भी बाधित होते हैं। साथ ही साथ शासन-प्रशासन व सुरक्षा बलों की ऊर्जा के क्षय के अलावा जनशक्ति का अनावश्यक व्यय होता है। विगत लोकसभा चुनावों में कुल सरकारी खर्च 6600 करोड़ रुपये आया था जो भारत जैसे विविधतापूर्ण विशाल देश को देखते हुए भले ही जायज कहा जाये, लेकिन बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले ऐसे भारी-भरकम खर्चे देश की अर्थ-व्यवस्था पर बोझ तो डालते ही है। भारत में भ्रष्टाचार की जड़ भी महंगी होती चुनाव व्यवस्था है क्योंकि जब करोड़ों रुपये खर्च करके कोई विधानसभा या लोकसभा का प्रत्याशी जनप्रतिनिधि बनेगा तो वह विजयी होने के बाद सबसे पहले अपने भारी खर्च की भरपाई करने की कोशिश करेगा। अतः असल में बात सम्पूर्ण चुनावी व्यवस्था के सुधार की होनी चाहिए। मगर इसकी बात करने पर सभी राजनैतिक दलों में एक सन्नाटा पसर जाता है। लेकिन पक्ष एवं विपक्ष को अपने राजनीतिक हितों की बजाय देशहित को सामने रखकर इस मुद्दे पर आम सहमति बनानी चाहिए। पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव के लिये एक साथ चुनावी मशीनरी तथा सुरक्षा बलों की उपलब्धता के यक्ष प्रश्न को भी सामने रखकर इस पर सकारात्मक रूख अपनाना चाहिए और इसके सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आम सहमति बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, भारत हमेशा से राजनीतिक विचारधाराओं, विविध संस्कृतियों और विशाल आबादी का मिश्रण रहा है। हर गुजरते चुनाव चक्र के साथ, राष्ट्र लोकतांत्रिक उत्साह का महाकुंभ देखता है, जहाँ लाखों लोग अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करते हैं और अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं। हालाँकि, इस जीवंत लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बीच, विभिन्न स्तरों-स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय-पर चुनावों के समन्वय को लेकर बहस ने हाल के वर्षों में काफी जोर पकड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने एक दशक के शासन एवं पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किए गए अपने संबोधन में ह्यएक देश, एक चुनावह्न की जोरदार वकालत की थी और कहा था कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने राजनीतिक दलों से लाल किले से और राष्ट्रीय तिरंगे को साक्षी मानकर राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा जारी चुनाव घोषणापत्र में उसने ह्यएक देश, एक चुनावह्न को प्रमुख वादों के रूप में शामिल किया था।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस साल मार्च में पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की। समिति ने राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के साथ परामर्श किया और संभावित अनुशंसाओं के साथ आम लोगो एवं न्यायविदों के विचार आमंत्रित किये। समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की भी सिफारिश की। इसके अलावा, विधि आयोग भी 2029 से एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश कर सकता है। असल में बात सम्पूर्ण चुनावी व्यवस्था के सुधार की होनी चाहिए। मगर इसकी बात करते हुए सभी राजनैतिक दलों के सामने निजी हित एवं चुनाव जीतने का गणित सामने आ जाता है। भारत की असली विडम्बना यही है। जब भी सरकारी खर्चे से चुनाव कराने की बात होती है तो इस राह को अव्यावहारिक बता दिया जाता है।

# चरण और मरण के कोण में घिरा हरियाणा का रण

-डॉ. सत्यवान सौरभ-

हरियाणा विधानसभा का चुनावी रण इस समय मतदाताओं के चरण और मरण के कोण पर टिका है। हर चुनाव में मतदाताओं की भूमिका सर्वोपरि होती है। उनके चरण जिस पार्टी की तरफ बढ़ते हैं, उसे विजयश्री मिलती है। और बाकी को बेरुखी के चरण का खामियाजा भुगतना पड़ता है। उनके सामने पांच साल तक इंतजार करने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचता। पिछले 10 साल से प्रदेश की सत्ता में काबिज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में इस बार सत्ता की लड़ाई बेहद दिलचस्प। सवाल यह भी है कि क्या भाजपा इस बार भी रण फतेह करेगी। भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान का प्रमुख चेहरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही हैं। मोदी अपने चुनावी अभियानों में भ्रष्टाचार, विकास कार्यों, और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों को जोर-शोर से उठाते हैं। भाजपा नेता प्रचार में भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दों को लगातार उठा रहे हैं। पार्टी मोदी की लोकप्रियता पर भरोसा कर रही है। इसलिए राज्य में पार्टी बिना किसी सीएम फेस के उतरी है। भाजपा बेहतर आर्थिक विकास, रोजगार के अवसर और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जोर दे रही है। इसके अलावा भाजपा जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की भी कोशिश में लगी है। अगर भाजपा के बड़े नेता किसानों के मुद्दों पर कुछ अहम घोषणा करते हैं तो आंदोलन के कारण उपजे असंतोष को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि सरकार और किसानों के बीच टकराव ने भाजपा की छवि को नुकसान पहुंचाया। इसका सीधा असर ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी के वोट बैंक पर पड़ सकता है। पार्टी को इस असंतोष से निपटने के लिए प्रभावी रणनीति पर चलना होगा। इसके साथ ही खिलाड़ियों के मसले पर कुछ बड़ी घोषणा करनी पड़ेगी। हरियाणा में खेल और खिलाड़ी राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महिला पहलवानों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों, जो यौन उत्पीड़न के आरोपों और न्याय की मांग पर केंद्रित थे, राज्य में भाजपा की छवि को झटका दिया है। भाजपा को इससे उबरने के लिए भी कुछ न कुछ करना होगा। विपक्षी पार्टियां भाजपा के खिलाफ अपने-अपने तरीके से गठजोड़ बनाने की कोशिश कर रही हैं। यदि इन विपक्षी दलों के एकजुट होने का असर जमीन पर दिखता है तो भाजपा के लिए चुनावी जीत की राह और कठिन हो सकती है। विपक्ष ने जातिगत समीकरणों को साधने की रणनीति तैयार की है। हरियाणा की राजनीति में जातीय समीकरण का बड़ा महत्व है। एक समुदाय, जो राज्य की राजनीति में एक प्रमुख भूमिका निभाता है, उसका एक बड़ा हिस्सा भाजपा से नाराज चल रहा है। पार्टी को अन्य मतदाताओं पर ज्यादा निर्भर रहना पड़ रहा है। भाजपा के सामने इस बार जातीय संतुलन साधने और सभी वर्गों को साथ लाने की बड़ी जिम्मेदारी है। भाजपा को अपने दम पर अन्य ग्रामीण वोटों को आकर्षित करना होगा। 10 साल की सत्ता के बाद भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का बड़ा खतरा है। वैसे भी सत्ता में रहते हुए किसी भी पार्टी को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ता है। खासकर, लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा की 10 में से सिर्फ पांच सीट मिलीं। विधानसभा चुनाव के इतने नजदीक मनोहर लाल की जगह नए चेहरे नायब सिंह सैनी को सत्ता सौंपी गई। यह फैसला विधानसभा चुनाव में क्या कमाल करेगा, यह मतगणना के दिन ही पता चलेगा। हरियाणा में 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 47 सीटें मिली थीं। पार्टी ने स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाई। 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन उतना प्रभावशाली नहीं रहा और उसे सिर्फ 40 सीटें मिलीं, जो बहुमत से कम थीं। इसके बाद जेजेपी के साथ गठबंधन कर सरकार बनाई गई। इस बार यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी का विधानसभा चुनाव में प्रदर्शन कैसा रहता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं। )

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली कर्मी का शव दफ्तर में लटका मिला, परिजनों में कोहराम

मुरादाबाद। बिलारी में रेलवे स्टेशन रोड स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक धनपाल सिंह (50) निवासी चंदौसी का शव रस्सी से लटका मिला। अवर अभियंता शिवम ने बताया कि धनपाल शनिवार को कार्यालय में आए थे। इसके बाद दो दिन के अवकाश पर रहने की बात कर कर चले गए थे। सोमवार रात वह कार्यालय क्यों और किस समय पहुंचे इस बारे में स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। सीओ ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मंगलवार सुबह विद्युत उपखंड कर्मी सलमा बेगम कार्यालय खोलने के लिए पहुंची। उन्होंने मुख्य दरवाजे के पीछे बने कमरे के किवाड़ बंद पाए। जब उन्होंने अंदर देखा तो धनपाल सिंह छत के कुंडे में रस्सी का फंदा बनाकर लटके हुए थे।इसके बाद सलमा ने तत्काल उन्हें कर्मियों को इसकी सूचना दी। मौके पर उच्च अधिकारियों के साथ बिलारी पुलिस पहुंची। धनपाल बीते लगभग ढाई वर्ष से इस कार्यालय में तैनात थे।उसके परिवार में पत्नी विमलेश के अलावा बड़ी बेटी शिल्पी (24),बेटा सत्यम और शिवम है।रिश्तेदार धर्मेश ने पुलिस को तहरीर सौंपी है।

### वेंक्टेश्वरा में बी.एस.सी. नर्सिंग के छात्र-छात्राओ के लिए फेयरवेल पार्टी का शानदार आयोजन

अमरोहा।श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ नर्सिंग-2024 में पास आउट छात्र-छात्राओ के लिए विदाई समारोह कभी अलविदा ना कहना का शानदार आयोजन किया गया।जिसमें संस्थान प्रबन्धन एवं प्रशासन ने पास आउट नर्सिंग छात्र-छात्राओ को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे अन्तर्राष्ट्रीय डिमाण्ड के अनुरूप तैयार करने की शपथ दिलाते हुए देश सेवा में जुडने का आवहान किया। इस अवसर पर नए छात्र-छात्राओ ने अपने सीनियर के सम्मान में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर समारोह को यादगार बना दिया। समूह चेयरमैन श्री सुधीर गिरि ने सभी नर्सिंग छात्र-छात्राओ को नये सुनहरे भविष्य की शुभकामनाऐं देते हुए उनसे अपना शत्-प्रतिशत देते हुए देश सेवा में जुड़ने का आवहान किया। बुधवार को वेंक्टेश्वरा संस्थान के टैगौर भवन में आयोजित विदाई समारोह कभी अलविदा ना कहना कार्यक्रम का शुभारम्भ चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी मायाशंकर यादव, सी0ई0ओ0 अजय श्रीवास्तव, कुलपति डॉ0 कृष्ण कान्त दवे, नर्सिंग प्रिंसीपल डॉ0 ऐना ऐरिक ब्राउन आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी श्री मायाशंकर यादव ने कहा कि नयी शिक्षा नीति बहुत ही शानदार है, जिसमें सभी क्षेत्रो के युवाओ के लिए ढेरो रोजगार की सम्भावनाऐं निहित है, लेकिन नर्सिंग जैसा पुनीत एवं मानवीय सेवा जैसा कोई दूसरा प्रोफेशन हो ही नहीं सकता। नर्सिंग प्रोफेशनल्स का रोल किसी भी मायने में चिकित्सक से कमतर नहीं है। समूह अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि वेंक्टेश्वरा समूह पिछले एक दशक में विभिन्न क्षेत्रों में हजारो स्किल्ड नर्सिंग प्रोफेशनल्स तैयार कर चुका है। ये बडे गौरव की बात है कि संस्थान के नर्सिंग प्रोफेशनल्स युवा आज देश एवं दुनिया के विभिन्न हॉस्पीटल्स / स्वास्थ्य संस्थानो में कार्य कर रहे है। लकिन बदलते परिवेश में हमें युवाओ की नयी शिक्षा नीति के अनुरूप राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जरूरतों के हिसाब से प्रशिक्षित करना होगा ताकि ये युवा राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय मंचो पर अपनी प्रभावी उपस्थित दर्ज कर सके।

# दिगम्बर जैन समाज ने पर्युषण पर्व पर धूमधाम और उत्साह पूर्वकरा निकाली शोभा रथ यात्रा

## भगवान महावीर जी ने दिया शांति, प्रेम व त्याग का सन्देशः संजय जैन

प्रात: किरण, नादिर त्यागी




स्योहारा। स्योहारा में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दिगंबर जैन समाज ने पर्युषण पर्व के अवसर पर उत्साह पूर्वक और धूमधाम से शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान महावीर जी की पूजा अर्चना की गई इसके बाद जैन मंदिर से बहुत ही हर्षोल्लास के साथ शोभा यात्रा आरंभ हुई जो अपने तय शुदा मार्ग से होते हुए जैन मंदिर पर ही आकर शाम लगभग 5:00 बजे समाप्त हुई। शोभा यात्रा में सुंदर-सुंदर झांकीयो पर छोटे बच्चे मनमोहक अंदाज में सौधर्म इंद्र, ईशान इंद्र तथा महेंद्र इंद्र का रूप धारण किए हुए विराजमान थे। दिगम्बर जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शोभित जैन, वरिष्ठ समाजसेवी एवं ट्रांसपोर्टर संजय जैन, वरिष्ठ समाजसेवी परेश जैन उर्फ बाबा जैन ,संजीव कुमार उर्फ दीपू जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि पर्युषण पर्व त्याग, उपासना, प्रेम, शांति का प्रतीक है भगवान महावीर जी अपने उपदेशों में कहा है कि मानव को हमेशा इंसानियत के लिये काम करने चाहिए और इंसान को हमेशा अपने मन में दया भाव रखते हुए समाज के लिए काम करना चाहिए क्षमा करने वाला बहुत बड़ा होता है किसी से द्वेष भावना नहीं रखनी चाहिए। मनिहारान मस्जिद चौक अपने निवास पर चेयरमैन फैसल वारसी ने शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। तो शाही मार्केट में भाजपा नेता नईम इदरीसी उर्फ दिल्ली टेलर ने भी स्वागत किया। इस मौके पर वरुण जैन, अरविंद जैन, पराग जैन, मोहित जैन,प्रदीप जैन, शरत चंद जैन ,शरद जैन ,शरद कुमार, सरल जैन,आकाश जैन, निशु जैन,अंकुर जैन ,पंकज जैन, दीपक जैन, गौरव जैन,अंनत जैन तथा महिलाओं में अंजू जैन,ऋतु जैन, सुरभि जैन, शालीन जैन आदि सहित चौधरी फईम उर रहमान,वारिस चौधरी,अजीम चौधरी जुनैद मलिक आदि शामिल रहे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में हिंदी दिवस का आयोजन, प्रस्तुत हुए कार्यक्रम

प्रात: किरण, संवाददाता



अमरोहा। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बसेड़ा तागा हिंदी दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्राचार्य एच. एस.जीना द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शशि त्यागी प्रसिद्ध लेखिका एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल की पूर्व अध्यापिका ने द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं विद्यालय को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं जिनमे प्रमुख हैं कविता पाठ ,हिंदी पर भाषण ,नाटक मंचन नृत्य प्रस्तुति एवं कत्थक नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य द्वारा भी विद्यालय के सभी कर्मचारियों को शुभकामना दी गई गईं। हिंदी दिवस के साथ ही 15 दिवसीय पखवाड़े का शुभारंभ हुआ, जिसके अन्तर्गत कई प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी और इसे हीरालाल पीजीटी हिंदी, लक्ष्मी सिंह टीजीटी हिंदी एवम सीसीए प्रभारी ,अनुभा टीजीटी हिंदी के द्वारा आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीत शिक्षक सतेंद्र कुमार, कला शिक्षक बृजेन्द्र कुमार, आराधना गुप्ता (लाइब्रेरियन), अंजू (स्टॉफ नर्स), सुष्मिता शुक्ला (परामर्शदात्री) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री राजेंद्र सिंह पीजीटी इतिहास एवम अन्य शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हिंदी का खूब प्रचार प्रसार हो इस आशा के साथ यह कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# चीनी मिल चन्दनपुर में भगवान विश्वकर्मा जयंती पर पूजा पाठ एवं भण्डारा का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता




हसनपुर। भगवान विश्वकर्मा का दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और इसी अवसर पर चीनी मिल चन्दनपुर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा पूरे हर्षोल्लास के साथ की गयी। भगवान विश्वकर्मा शिल्प कला के देवता माने जाते हैं और उन्ही के आशीर्वाद से निर्माण किया जाता है। आज के दिन की यह मान्यता है कि कारखानो में मशीनो एवं औजारो की पूजा की जाती है इसी क्रम में आज चीनी मिल चन्दनपुर के वर्कशाप में भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई एवं भगवान की पूजा अर्चना प्रातः 10.30 बजे प्रारम्भ हुई और 01.30 बजे समाप्त हुई। कारखाने में स्थित मुख्य-मुख्य मशीनो एवं औजारो की भी पूजा की गई उसके पश्चात हवन हुआ और आरती की गई एवं कारखाने में फल एवं प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। पूजा के मुख्यपंडित श्री कृष्णा शास्त्री एवं पंडित गोविन्द शर्मा द्वारा सम्पन्न कराया गया। चीनी मिल के उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा जी ने मुख्य यजमान के रूप में पूजा एवं हवन कराया। पूजा हवन की समाप्ति के पश्चात गन्ना कार्यालय में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया।पूजा हवन के बाद उपाध्यक्ष महोदय द्वारा चीनी मिल को शीघ्र ही चलाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं और कृषक भाईयों से अपील की कि सभी किसान भाई अपना समस्त गन्ना चीनी मिल में ही आपूर्ति करें।

अधिक से अधिक गन्ना चीनी मिल में डाले और अधिक से अधिक बेसिक कोटा बनायें। कोल्हू/क्रेशर पर अपना गन्ना डालकर बेसिक कोटा खराब न करें।चीनी मिल के सभी लोगो ने एवं आस-पास के लोगो द्वारा प्रसाद एवं आशीर्वाद गृहण किया। इस अवसर पर चीनी मिल के समस्त अधिकारी टी.सी. रजौरिया महाप्रबन्धक (उत्पादन), आर.एस. सहरावत, महाप्रबन्धक (गन्ना), रवि गुप्ता, महाप्रबन्धक (तकनीकि), संजय कुमार जायसवाल, उप महाप्रबन्धक (वित्त), अमेज कुमार सिंह, अपर महाप्रबन्धक (मानव संसाधन एवं प्रशासन), उदयवीर सिंह, ए.के. तिवारी, बाबूराम सैनी, सुरेश शर्मा, अभयप्रताप सिंह, बिपिन मिश्रा, प्रमोद कुमार सिंह, संजीव मलिक एवं समस्त चीनी मिल स्टाफ इत्यादि मौजूद थे। अन्त में पूजा समाप्ति के पश्चात विश्वकर्मा जी मूर्ति को विसर्जन करने से पहले पूरी मिल में पूर्ण हर्षोल्लास एवं बैंड बाजे के साथ घुमाया गया तदोपरान्त मूर्ति विसर्जन किया गया।

# नवीन तहसील भवन में न्यायालयों की स्थापना एवं अधिवक्ताओं के पक्के चैंबर्स शीघ्र बनें: सुरमित गुप्ता

प्रात: किरण, संवाददाता



हसनपुर। तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के प्रतिनिधि मंडल द्वारा जनपद अमरोहा के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री (वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान, जलवायु परिवर्तन विभाग) के पी मलिक को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को सम्बोधित ज्ञापन के माध्यम से तहसील हसनपुर के नवीन भवन परिसर में अधिवक्ताओं के पक्के चैम्बरों, पुस्तकालय और कम्प्यूटर कक्ष आदि भवन के निर्माण हेतु जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा प्रेषित *प्राक्कलन एवं प्रस्ताव* की राजस्व विभाग एवं विधि विभाग से स्वीकृति एवं नवीन तहसील भवन हसनपुर में न्यायालयों एवं कार्यालयों एवं उपनिबंधक कार्यालय हसनपुर के स्थापन एवं क्रियान्वयन कराने की मांग की है।बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि नवीन तहसील भवन परिसर में अधिवक्ताओं के पक्के चैम्बरों, पुस्तकालय और कम्प्यूटर कक्ष आदि के बहुमंजिला भवन के निर्माण हेतु जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा प्रेषित प्राक्कलन एवं प्रस्ताव की राजस्व विभाग एवं विधि विभाग से स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाए एवं शासन से उक्त भवन निर्माण हेतु बजट धनराशि भी शीघ्र जारी किया जाए।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गंगासरन ने कहा नवीन तहसील परिसर में उपनिबंधक कार्यालय हसनपुर के स्थापन एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया भी शीघ्र की जाए।

माननीय मंत्री केपी सिंह मलिक द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को बार एसोसिएशन के ज्ञापन में दिए गए विषयों पर अवगत कराने एवं शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया है।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ चंद्र मोहन, भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, बार अध्यक्ष गंगासरन एडवोकेट,भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक एवं बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता एडवोकेट, बार उपाध्यक्ष फतेह सिंह एडवोकेट एवं विनोद त्यागी एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में चेयरमैन फैसल वारसी और ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने सफाई करके किया प्रेरित

प्रात: किरण, संवाददाता




स्योहारा। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद स्योहारा द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम में सामूहिक भागीदारी के तहत सामूहिक श्रमदान किया गया जिसके अंतर्गत नगर पालिका कार्यालय के जलकल द्वार से संत निरंकारी सत्संग भवन तक सफाई अभियान चलाया गया एवं स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर चेयरमैन फैसल वारसी और अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने कार्यक्रम में श्रमदान के रूप में सफाई कर अभियान के लिये प्रेरित किया अभियान को चलाते हुए कहा कि सफाई न सिर्फ मानव जीवन के लिए बल्कि प्रकृति और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी बेहद जरूरी है इसलिए अपने आसपास और अपने घरों में पूर्ण रूप से सफाई रखें सड़को पर इधर उधर कचरा न फेंके। साथ ही पालिका सफाई कर्मियों द्वारा की जाने वाली सफाई व्यवस्था में पूरा सहयोग भी दें।इस मौके पर जिसमें अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल, पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी, जनप्रतिनिधि, समस्त पालिका स्टाफ एवं एन०जी०ओ० सहित लगभग 200 वालंटियर्स ने प्रतिभाग किया।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ हुआ भगवान श्री गणेश मूर्ति का विसर्जन



प्रात: किरण, संवाददाता

स्योहारा।गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ,के गगनभेदी जयकारों के बीच रामगंगा नदी बेरखेडा घाट पर घरों और पंडालों मे 10 दिनों से विराजमान गणपति श्री गणेश का विसर्जन श्रद्धा के साथ उत्साहपूर्वक और धूमधाम से किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश प्रतिमा को पूरे वर्ष देश की उन्नति के साथ अपने परिवारों पर कृपा बनाये रखने की प्रार्थना के साथ विदा किया। इस बार बड़ा बाजार, शिवालय श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर,शिव मंदिर, पटवारियान मंदिर, शुगरमिल कालोनी, शिवमूर्ति, बंसतगढ,जोशियां न ,रियासत,व प्रजापति समाज आदि सहित कई जगह श्री गणपति प्रतिमा स्थापित की गईं थी।इन मूर्तियों को झांकी और जुलूस की शक्ल में अपने निर्धारित स्थान शिव मार्केट से राम गंगा घाट पर ले जाया गया इसके बाद पूर्ण श्रद्धा के साथ भगवान गणेश को विसर्जित किया गया। बैरखेड़ा राम गंगा घाट पर ही हर साल की तरह इस साल भी प्रसिद्ध समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा ने विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों श्रद्धालुओ और भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।शोभायात्रा से पहले शिवाजी मार्किट में गणेश महोत्सव कमेटी की ओर से पत्रकार अमीन अहमद व अन्य पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी डॉ मनोज वर्मा,प्रियंकर राणा, व्यापारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा, ब्लाक प्रमुख उज्वल ,मुकेश रस्तोगी,रजत उर्फ शेंकी रस्तोगी, डा राज बहादुर शर्मा,श्वेत रस्तोगी,मोहित रस्तोगी, चौहान,व्यापारी नेता ,मनोज छाबड़ा,मोहित रस्तोगी,, पीयूष रस्तोगी,पंकुल रस्तोगी, नीलू रस्तोगी,सनी रस्तोगी,पिंकी रस्तोगी, डा सौरभ वर्मा,अभी रस्तीगी,अंकित रस्तोगी, मुकुल रस्तोगी, आशु टाइगर,सागर रस्तोगी,,शिवमोहन सहित सेकड़ो लोग मोजूद रहे।इस पूरे गणेश महोत्सव विसर्जन कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष धीरज सिंह नागर के नेतृत्व में कानून व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स चौकन्ना रहते हुए मौजूद रही।

# डीएम की चेतावनी जनपद की रैंकिंग बिगड़ती है तो कार्यवाई को रहे तैयार

प्रात: किरण, संवाददाता




अमरोहा। जिलाधिकारी सुश्री निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्य,विभागीय योजनाओं की प्रगति और जनपद की रैंकिंग के संबंध में समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा विद्युत विभाग पंचायती राज बेसिक शिक्षा प्रधानमंत्री आवास भवन निर्माण सड़क निर्माण सहित अन्य संपूर्ण विभागों की एक-एक करके समीक्षा किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग लक्ष्य के अनुसार कार्य करें विभाग की प्रगति ठीक होनी चाहिए यदि जनपद की रैंकिंग बिगड़ती है तो किसी भी दशा में बख्सानहीं जाएगा जिम्मेदारी तय की जाएगी। भवन निर्माण के संबंध में एक्शन रैड को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य मे तेजी लाई जाए प्रगति ठीक करें। सभी कार्य दायीं संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी बजट पड़ा न रहे उसका प्रयोग कर लिया जाए। कार्य कराने में मानको का पूरा ध्यान रखा जाए सत्यापन गुणवत्तापूर्ण कराया जाए।जिस काम के लिए धन मिला है उसका पूरा प्रयोग कर लिया जाए। अधिशासी अभियंता जल निगम से पाइप पेयजल योजना की समीक्षा करते हुए सभी कार्य दायीं संस्थाओं को कड़े निर्देश दिए।कहा कि जो योजनाएं कंप्लीट हो गई है उनकी पुनः चेकिंग कराई जाए गुणवत्ता ठीक होनी चाहिए। अधिशासी अभियंता जल निगम स्वयं मानीटरिंग करें अधिक से अधिक संसाधन और मैन पावर लगाकर पाइप पेयजल योजना को अंतिम रूप दें।अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि जिस एजेंसी द्वारा पाइप लाइन बिछाए जाने के पश्चात सड़क तोड़ी गई है ठीक नहीं किया गया है उस पर मुकदमा कराया जाए। कोई भी दुर्घटना होती है तो संबंधित एजेंसी खैर नहीं होगी कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को अंडा उत्पादन खराब रैंकिंग पर निर्देशित करते हुए कहा की रैंकिंग ठीक करें टीकाकरण शतप्रतिशत सभी पशुओं का हो जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों में सरकार के कल्याणकारी योजना चलाई जा रही हैं तहसील दिवस में उनके कैंप लगाए जाएंगे पेंशन कन्या सुमंगला योजना आयुष्मान योजना किसान सम्मान निधि सहित अन्य जो भी महत्वपूर्ण योजनाएं हैं उनके कैंप तहसील दिवस में लगाया जाए। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को सड़क निर्माण और अनुरक्षण के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि ठेकेदारों को सक्रिय करें सुधार करें और जो भी सड़क निर्माण के कार्य अधूरे हैं उनको प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं। वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन के जो आवेदन मिले उनका गंभीरता से सत्यापन कराया जाए कोई भी लंबित न रहे ।जिलाधिकारी ने कहा कि विभागों द्वारा जो भी योजनाओं के कैंप लगाए जाएं उसको सफल बनाया जाए जहां पर भी कैंप लगे उसके संबंध में संबंधित जनप्रतिनिधियों व अन्य माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर लोगों को लाभान्वित किया जाए योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। अगली बैठक में कैंप संबंधी कोई भी शिकायत जनप्रतिनिधियों द्वारा नहीं की जानी चाहिए यह ध्यान रखें ।प्रत्येक विभाग योजना का प्रचार प्रसार अच्छे से करें ।विद्युत विभाग के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत संबंधी शिकायतें लगातार आ रही हैं अगली बैठक में जितने भी अधिशासी अभियंता हैं वह सभी बैठक में आएंगे।

## किसान दिवस का आयोजन, जिलाधिकारी के समक्ष रखीं शिकायतें

अमरोहा ।कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सुश्री निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में ह्लकिसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों ने एक-एक करके बिजली,चकबंदी, सड़क, बैंकिंग पैमाईश, भू-राजस्व, गन्ना भुगतान सहित अन्य संबंधित शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए ।उन्होंने किसान दिवस को गंभीरता से लेते हुए चकबन्दी और विद्युत विभाग की अधिक और गंभीर शिकायतों को गहनता से सुनकर सुधार की चेतावनी दी। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी व अधीक्षण अभियंता विद्युत को नाराजगी के साथ निर्देश देते हुए कहा कि विभाग में कंही भी भ्रस्टाचार की शिकायत मिलती है तो आप गायब हो जाएंगे कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी। चकबन्दी सम्बन्धी बड़ी संख्या में शिकायत और विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का किसानों द्वारा आरोप लगाए जाने पर बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सुधार करें अन्यथा आपको बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा कई दिनों से लगातार चकबन्दी विभाग की शिकायतें मिल रही हैं अधीनस्थों को को टाइट करें गहन मानीटरिंग करें हर चकबन्दी की शिकायत का ठोंस समाधान निकालें कोई भी बहाना न किया जाय किसान अन्न दाता है इनकी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से हो ।गन्ना विभाग के गन्ना वराइटी को बदलने और किसानों को दबाव बनाने तथा चीनी मिलों द्वारा भुगतान न किये जाने सम्बन्धी किसानों की शिकायत पर जिला गन्ना अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी चीनी मिलों के प्रभारियों की वैठक बुलाने के निर्देश दिये।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा की गई राहुल गांधी के बयान की निंदा

प्रात: किरण संवाददाता



रामपुर। गांधी के अमेरिका में दिए गए बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आक्रोश जताया गया तथा उसे बयान की जमकर निंदा की गई। जिसमें उन्होंने समय आने यानी कि सरकार आने पर आरक्षण समाप्त करने वाला बयान दिया था भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा इसकी घोर निंदा करता है तथा कांग्रेस के आरक्षण विरोधी चेहरे को जनता के सामने लाने का प्रयास करता है कांग्रेस का पुराना इतिहास रहा है की वह पिछड़ा वर्ग विरोधी और दलित वर्ग के आरक्षण के विरोध में रही है जवाहरलाल नेहरू सरकार ने भी काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को सन 1956 में खारिज करते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी लिखकर आरक्षण का विरोध करते हुए कहा था कि आरक्षण से दूसरे दर्जे की प्रतिभाओं का विकास होगा उनके इसी आरक्षण विरोधी मानसिकता का अनुसरण करते हुए उनकी पुत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने भी काका कालेलकर की रिपोर्ट को ठण्डे बस्ते में रखा मोरारजी देसाई की सरकार के समय पर बने बी पी मंडल आयोग की सिफारिश को भी इंदिरा गांधी जी ने ठंडे बस्ते में रखा राजीव गांधी जी ने तो मंडल आयोग की सिफारिश का विरोध करते हुए संसद में प्रधानमंत्री के तौर पर एक लंबा भाषण देते हुए खारिज कर दिया था राहुल गांधी का बयान कांग्रेस और विशेष कर गांधी परिवार की आरक्षण विरोधी मानसिकता की पुनरावृत्ति का परिचायक है इतना ही नहीं कांग्रेस में विशेष कर गांधी परिवार ने जामिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में भी पिछड़ा वर्ग एवं दलित आरक्षण घोषित नहीं होने दिया जम्मू कश्मीर में भी धारा 370 के बहाने आरक्षण को लागू नहीं होने दिया जम्मू कश्मीर में पिछड़ों एवं दलितों के आरक्षण के हक के साथ ही उनसे विधानसभा में वोट का संवैधानिक अधिकार भी छीन रखा था डॉ भीमराव अंबेडकर को चुनाव में हारने का कार्य करने वाले जवाहरलाल नेहरू के पिछड़ा वर्ग एवं दलित विरोधी मानसिकता को उजागर करता है मुसलमानों की कुछ जातियों को ओबीसी में शामिल कर कर पिछड़े वर्गों के हकों पर डाका डालने का काम कांग्रेस की सरकारों ने किया है कांग्रेस में विशेष कर गांधी परिवार की पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता को देखते हुए राहुल गांधी के द्वारा अमेरिका में आरक्षण समाप्त करने वाला बयान बहुत ही निंदनीय है भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा आरक्षण के समाप्त करने वाले बयान को गंभीरता से लेता है तथा इस अभियान का विरोध करता है इनकी आरक्षण विरोधी मानसिकता के कारण ही आज भी देश में पिछड़ों एवं दलितों को उनका हक नहीं मिल पाया है अमेरिका में राहुल गांधी के बयान से कांग्रेस नेतृत्व एवं इंडी गठबंधन के दलों की पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता प्रमाणित हो चुकी है राहुल गांधी के बयान से यह स्पष्ट हो चुका है कि यदि भविष्य में कभी भी केंद्र में कांग्रेस या कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनेगी तो वह ओबीसी के आरक्षण को समाप्त कर देगी अतः हम उनके इस बयान का पुरजोर विरोध करते हैं ।

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण के लिए समिक्षा बैठक

**अमरोहा।** जिलाधिकारी सुश्री निधि गुप्ता वत्स द्वारा आईजीआरएस मुख्यमंत्री पोर्टल, जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा कलक्ट्रेट सभागार मे की गई । समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी को अधिकतर विभागों के सन्दर्भ डिफॉल्टर और लंबित मिलने पर उपस्थित सभी अधिकारियों को एक साथ नाराजगी के साथ कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आइजीआरएस और मुख्यमंत्री संदर्भ सरकार की प्राथमिकताओं में है इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। विभागीय अधिकारी प्रतिदिन स्वयं पोर्टल को देखें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण स्वयं कराएं बाबू और ऑपरेटर के भरोसे ना रहे। साफ-साफ शब्दों में निर्देशित करते हुए कहा कि यदि गुणवत्तापूर्ण नहीं किया गया इधर-उधर की आख्या लगाई गई तो जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी । प्रत्येक शिकायत का डिफाल्टर होने से पहले निस्तारण हो जाए यह सुनिश्चित करें ।कहा की सभी अधिकारी व्हाट्सएप चेक करना और कार्य करना प्रारंभ करें काम का बहाना नहीं चलेगा समय पर आख्या अपलोड करें और प्रतिदिन चेक करें । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप, जिला वन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिला अधिकारी विभा श्री वास्तव, उपजिलाधिकारी पुष्कर नाथ सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरुवार, 19 सितंबर, 2024

# निगम के प्लॉग रन कार्यक्रम में दिखा नागरिकों का उत्साह, एकजुट होकर हिंडन घाट पर चलाया सफाई अभियान

- 16 दिनों में स्वच्छता जन जागरूकता हेतु आयोजित होंगे 17 कार्यक्रम - नगर आयुक्त
- गाजियाबाद सांसद तथा महापौर द्वारा दिलाई गई स्वच्छता की शपथ, हिंडन घाट पर किया पौधारोपण

प्रात : किरण, संवाददाता

गाजियाबाद। नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 के क्रम में प्लॉग कार्यक्रम का आयोजन किया गाया, कार्यक्रम में हजारों की संख्या में युवा वर्ग ने प्रतिभाग किया, गाजियाबाद की संसद अतुल गर्ग तथा महापौर सुनीता दयाल द्वारा सफाई मित्रों के सराहनीय कार्यों पर उनको प्रशस्ति पत्र भी दिया गया, उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, प्लॉग रन के क्रम में हिंडन घाट के समीप अभियान के रूप में सफाई भी की गई, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा उपस्थित समस्त माननीय पार्षदों तथा अतिथियों गणों का स्वागत किया गया साथ ही कार्यक्रम की शुरूआत में युवा पीढ़ी को स्वच्छता के प्रति मोटिवेट भी किया गया, गाजियाबाद के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 के क्रम में 16 दिन के भीतर 17 एक्टिविटी स्वच्छता जागरूकता हेतु की जाएगी जिसमें हर वर्ग को जोड़कर गाजियाबाद नगर निगम कार्य



करेगा अधिकारियों तथा एस बी एम टीम द्वारा कार्य योजना तैयार की जा चुकी है जिसके क्रम में स्वच्छता की भागीदारी, सफाई मित्र सुरक्षा, जीरो वेस्ट इवेंट, स्वच्छता संवाद, स्वच्छ वार्ड कंपटीशन, स्वच्छ भारत दिवस व अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे 26 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर तक 155 घंटे का लगातार महा सफाई अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें रोटरी गाजियाबाद में युवा वर्ग का विशेष सहयोग रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पितृ पक्ष में माता-पिता के नाम पर दो पेड़ देंगे पुनर्जन्म




गाजियाबाद। दो नए हरित जीवों को रोपने और उनका पालन-पोषण करने से बेहतर तरीका क्या हो सकता है! गाजियाबाद। पर्यावरण विद आकाश वशिष्ठ ने एक बयान के माध्यम से कहाँ कि सोसायटी फॉर प्रोटेक्शन ऑफ एनवायरनमेंट एंड बायोडायवर्सिटी 2 अक्टूबर, तक चल रहे श्राद्ध काल के दौरान अपने माता-पिता या पूर्वजों के नाम पर रोपण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को 2 पौधे मुफ्त देगी। इसके लिए पौधे ग्रीन इंडिया ऑर्गेनिक फार्म, इकाई से एकत्र किए जा सकते हैं, जो रेलवे लाइन के साथ ग्रीन बेल्ट, सेक्टर -3, राज नगर, गाजियाबाद के सामने स्थित है।

### हरनंदी के तट पर स्थित भगवान विश्व कर्मा मंदिर में की पूजा



गजियाबाद। भगवान विश्व कर्मा पूजन दिवस के अवसर पर विश्व कर्मा समाज के परिवारो ने भगवान विश्व कर्मा मंदिर हरनंदी तट गाज़ियाबाद में शिल्प देव सृष्टि के प्रथम वास्तुविद वैज्ञानिक भगवान विश्व कर्मा का पूजन किया।

इस अवसर पर पं नरेंद्र पांचाल आर्य द्वारा वैदिक पद्धति द्वारा हवन किया गया इसके पश्चात वेदो में भगवान विश्व कर्मा के स्तुति मंत्रों का वाचन किया गया वक्ताओं ने भगवान विश्व कर्मा की चारो वेदो में महीमा का वर्णन किया अवगत कराया गया कि ब्रह्मा विष्णु महेश सहित सभी देवी देवताओं के आवास एवं शस्त्रों का निर्माण भगवान विश्व कर्मा द्वारा किया गया वे केवल शिल्प के ही देव नहीं है वरन भवन निर्माण स्थापत्य कला वास्तुकला खगोल विज्ञान के देव है और सृष्टि के प्रथम वैज्ञानिक है मानव मे सृजन की विधा और उनके ज्ञान को विकसित करने वाले देव है दुनिया के कई देशों में भगवान विश्व कर्मा की पूजा की जाती है।

## आतिशी मंत्रिमंडल में दो कौन से होंगे नए चेहरे?

- कुलदीप कुमार, सोमनाथ भारती के अलावा दिलीप पांडे का नाम शामिल।
- सीएम बनने के बाद आतिशी के मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावना।

प्रात : किरण, संवाददाता



नई दिल्ली। नए मुख्यमंत्री के बनने के बाद दिल्ली कैबिनेट में जो दो नए चेहरे शामिल होंगे, उन संभावित चेहरों में दिलीप पांडेय का नाम भी तेजी से उभरा है।माना जा रहा है कि पांडेय को भी कैबिनेट में जिम्मेदारी मिल सकती है। फिलहाल कैबिनेट में फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। इसका कारण सरकार में कामकाज का ठप होना माना जा रहा है। सूत्रों की मानें तो दिल्ली के विकास के ठप पड़े काम को हवा देने के लिए दिल्ली कैबिनेट में बदलाव करने की भी संभावना जताई जा रही है। सूत्र कहते हैं कि हालात ऐसे हैं कि टकराव से काम नहीं होने वाले हैं। प्रयास किया जा रहा है कि टकराव से बचकर इस तरह का रास्ता निकाला जाए कि सरकार के कामकाज होते रहें।

### पूर्वी दिल्ली से कुलदीप कुमार का नाम आगे

उनकी मानें तो जब तक सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली सरकार के अधिकारों के मामले में राहत नहीं मिल पाती है, तब तक किसी न किसी तरह जनता के काम कराने ही होंगे।

आतिशी के मुख्यमंत्री बनने के बाद दिल्ली में मंत्रिमंडल में दो पद रिक्त हो रहे हैं। सूत्रों की मानें तो आनंद द्वारा इस्तीफा देने के बाद से रिक्त पद पर पूर्वी दिल्ली की कोंडली सीट से कुलदीप कुमार का नाम लिया जा रहा है।

वहीं कैबिनेट में खाली हो रही दूसरी सीट के लिए मालवीय नगर से विधायक व पार्टी के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती से पहले अब दिलीप पांडेय का नाम लिया जा रहा है। पूरे मंत्रिमंडल में फेरबदल होने की भी संभावना जताई जा रही है।

### राज कुमार आनंद के इस्तीफे के बाद एक पद खाली

जिसमें दो नए मंत्री भी शपथ लेंगे। राज कुमार आनंद के इस्तीफे के बाद से एक पद रिक्त चल रहा है। जबकि दूसरा पद आतिशी का है। इसके साथ ही मंत्रियों के विभागों में भी फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। कैबिनेट में जिन दो नए मंत्रियों को शामिल करने के कयास लगाए जा रहे हैं।

## क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में 21 सितंबर को लगेगी पासपोर्ट अदालत

गजियाबाद।आवेदकों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने के क्रम में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद लगातार बेहतर प्रयास एवं नवाचार कर रहा है। इसी क्रम में 27 जुलाई, को भी क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय द्वारा आयोजित की गयी पासपोर्ट अदालत के माध्यम से करीब 1500 से अधिक लम्बित मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया था। इसके साथ ही समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर भी लम्बित फाइलों का त्वरित निस्तारण करने के सार्थक प्रयास किए गए हैं, जिसका लाभ आवेदकों को मिला है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज द्वारा बताया गया कि ऐसे आवेदक जिनके द्वारा जून, 2024 या उससे पहले पासपोर्ट/पीसीसी हेतु आवेदन किया गया था लेकिन किसी कारणवश उनकी पासपोर्ट/ पीसीसी संबंधी फाइल लंबित है।

## सीवर जाम का मुद्दा उठा नगर आयुक्त के सामने, 95 की महिला पार्षद ने कहां सीवर लाइन का बुरा हाल

प्रात : किरण, संवाददाता




गजियाबाद। पार्षद वार्ड नं० 95 की महिला पार्षद रुकसाना सैफी ने एक लेटर के माध्यम से नगर आयुक्त को अवगत कराया कि उनके वार्ड के अंतर्गत आने वाली मरकज मस्जिद के बराबर वाली गली की सीवर लाइन का बुरा हाल है। आज से पहले भी यही सीवर लाइन थी यहां वी ऐ टेक वबाग प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के लोग नगर निगम के अधिकारीयों से लेकर पार्षदों व आम जनता को गुमराह करते है। सीवर लाइनों की सफाई करने की बजाय नई सीवर लाईन डालने का दबाब बनाते है जिसके कारण निगम की लाखों रुपये से बनी हुई सडकों को क्षतिग्रस्त कर देते है जिससे लाखों रूपए की सडक खराब हो जाती है। मैनहोल के नाम पर जगह-जगह से सड़के तोड़ते रहते हैं आए दिन जिससे निगम को काफी नुकसान हुआ है और निगम के पैसे को क्षति पहुंचती है।

उन्होंने कहाँ कि वी ऐ टेक वबाग कंपनी वाले मोटी कमाई करते हैं निगम से और निगम को नुकसान पहुंचा जा रहे हैं इन पर जुमार्ना लगाकर सख्ती से कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि भविष्य में किसी सड़क का नुकसान ना करें। उनके वार्ड में इससे पहले भी सीवर लाइने बदलने के नाम पर सडकों को खराब किया गया है।दूधेश्वरनाथ मंदिर के पीछे वाली गली में 300 व्यास के दो पाईप बदले गये ओर सडक रिपेयर का काम नगर निगम के निर्माण विभाग द्वारा किया गया, बिलाल मस्जिद के पीछे सीवर लाईन ले ऊपर लाईन डाली गई। वबाग के द्वारा उस गली में भी रिपेयर नहीं किया गया सडक रिपेयर का काम नगर निगम के निर्माण विभाग द्वारा किया गया जिसमे लाखो का खर्च निगम के निर्माण विभाग द्वारा किया गया, बाल्मीकि बस्ती में 3 पाईप 250 व्यास के बदले गये लेकिन सडक सुधार का काम नहीं किया गया आदि बहुत सारी लाइने है जो वबाग ने बदली है जिनको केवल डी- शील्ड कर के चलाई जा सकती थी जब की सीवर सफाई सीवर मैनहाल एस टी पी सीवर लाइनों का रख रखाव आदि सीवर संबंधित कार्य के लिए उत्तर प्रदेश शासन व नगर निगम ने जीरो कम्प्लेन की पॉलिसी के साथ वबाग से करार किया था ओर लेकिन नगर निगम के जल कल विभाग के अधिकारीयों का सीवर के वबाग के लोकल वेंडर पर पूरी कृपा बनी रहती है जिसके कारण गाज़ियाबाद की जनता सीवर की परेशानी झेल रही है।

## उप चुनाव में वैश्य समाज को नजरअंदाज करना, कहीं पड़ न जाए बीजेपी को भारी

प्रात : किरण, संवाददाता

### महत्वपूर्ण पदों पर समाज के लोगों की अंदेखी से बढ़ रहा है गुस्सा

गाजियाबाद। प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव के मद्देनजर तमाम राजनैतिक दलों के द्वारा तैयारी तेज कर दी गई है। देखा जाए तो इस कडी में लगातार प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा भी संवाद कार्यक्रम रखे जा रहे है। जैसा कि हाल में गाजियाबाद के लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में भी आयोजित किया गया। सत्ताधारी बीजेपी मे भी देखा जाए तो दावेदारों की लंबी सूची है। हर दिन एक नया नाम उभर कर सामने आ रहा है। यू तो लोकसभा चुनाव के दौरान ठाकुर समाज के द्वारा समाज के व्यक्ति को टिकट दिए जाने पर जोर दिया गया। ठाकुर समाज के स्थान पर शहर विधायक अतुल गर्ग को टिकट दिया गया और वह जीत हासिल करने में कामयाब रहे। ठाकुर समाज को साधने के लिए उस वक्त पिलखुओं में मुख्यमंत्री की चुनावी जन सभा रखी गई थीं। हालांकि देखा जाए तो वैश्य समाज में इस बात को लेकर गुस्सा बढ रहा है कि जब लोकसभा अथवा विधानसभा के चुनाव होते है तो इस समाज को नजर अंदाज किया जाता है। लोकसभा में देखा जाए तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश से मेरठ अथवा गाजियाबाद से ही वैश्य सांसद है। समाज के लोगों में इस बात को लेकर गुस्सा अधिक है कि वैसे तो बीजेपी को वैश्य समाज की पार्टी माना जाता है,जबकि जब महत्वूर्ण पद पर दायित्व दिए जाने का सवाल उठता है तो दूसरे समाज के लोग काबिज होने में कामयाब हो जाते है। जबकि किसी आयोजन के दौरान वैश्य समाज के लोग दरी बिछाने अथवा चंदा देने तक ही सीमित रहते है। माना जा रहा है कि यदि फिर से आने वाले दिनों में होने वाले उप चुनाव के दौरान यदि वैश्य समाज को नजर अंदाज किया जाता है तो वह कहीं भारी न पड जाए। राजनीति के जानकारों की मानें तो मौजूदा देश के गृहमंत्री राजनाथ सिंह जिस वक्त प्रदेश के मुखियां होते थे,उस दौरान गाजियाबाद के घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजनाथ सिंह से वैश्य समाज का प्रतिनिधिमंडल मिला था,उस वक्त वैश्य समाज के व्यक्ति को टिकट दिए जाने का आग्रह किया गया था,लेकिन उस वक्त पूर्व विधायक बालेश्वर त्यागी पर बीजेपी के द्वारा विश्वास जताया गया था,हालांकि उस दौरान बालेश्वर त्यागी को हार का सामना करना पडा था।

## निगम में आयोजित हुई संभव जनसुनवाई, अधिकारियों ने की निस्तारण की कार्यवाही

प्रात : किरण, संवाददाता

गजियाबाद। नगर निगम मुख्यालय पर पंचम तल पर संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ, जनसुनवाई के दौरान लगभग 10 संदर्भ प्राप्त हुए जिसमें निर्माण विभाग से दो संदर्भ, स्वास्थ्य विभाग से दो संदर्भ, लाइट विभाग से दो संदर्भ, टैक्स विभाग से एक संदर्भ, जलकल विभाग से एक संदर्भ, उद्यान विभाग से एक संदर्भ तथा अन्य विभाग से एक संदर्भ प्राप्त हुआ इस प्रकार संभव के अंतर्गत 10 संदर्भ प्राप्त हुए जिन पर संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश द्वारा तत्काल कार्यवाही के निर्देश टीम को दिए गए' संभव के दौरान संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश द्वारा जनसुनवाई की गई तथा उनके द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार पंचम तल पर संभव का आयोजन




किया गया है जिसमें विजयनगर प्रताप विहार वसुंधरा तथा राजनगर के अधिकांश संदर्भ प्राप्त हुए हैं जिन अविलंब कार्यवाही के लिए विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है, आगंतुकों द्वारा समस्याओं के समाधान पर संतुष्टि जाहिर की गई है गाजियाबाद नगर निगम जन समस्याओं के समाधान पर निरंतर कार्य कर रहा है जो की सराहनीय है।

## अमेरिका में राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयान को लेकर ओबीसी मोर्चा करेगा प्रदेशभर में आंदोलन

प्रात : किरण, संवाददाता




गाजियाबाद। गांधी परिवार ने हमेशा ओबीसी, दलितों और आदिवासियों का अपमान किया है। जब नेहरू जी प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने आरक्षण का विरोध किया था। उन्होंने राज्यों के सीएम को पत्र लिखा था, जिसका सबूत मौजूद है। इतना ही नहीं, नेहरू जी ने यह भी कहा था कि अगर आरक्षण वाले लोगों को नौकरी मिल गई तो सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता खराब हो जाएगी। जब इंदिरा गांधी आईं, तो उन्होंने भी ओबीसी आरक्षण पर रोक लगा दी। राजीव गांधी ने भी आरक्षण का विरोध किया। एक इंटरव्यू में उन्होंने आरक्षण पाने वालों को ह्यबुद्धूह्न तक कह दिया था। यह बातें सोमवार को पटेल नगर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहीं। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा दिए गए आरक्षण विरोधी बयान को लेकर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने राहुल गांधी व कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा कि नेहरू ने ओबीसी आरक्षण के लिए गठित काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। जब इंदिरा गांधी आई, तो उन्होंने भी ओबीसी आरक्षण पर रोक लगाकर रखी। जब देश ने उनको सजा दी, जनता पार्टी की सरकार बनी, तब मंडल आयोग बना। लेकिन फिर कांग्रेस आ गई और मंडल कमीशन की रिपोर्ट ठंडे बस्ते में डाल दी गई। इसके बाद राजीव गांधी ने भी अपनी सरकार में ओबीसी को आरक्षण नहीं मिलने दिया। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आजादी के बाद से ओबीसी और दलित आरक्षण के विरोध में रही है। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि जब नेहरू सरकार ने रिपोर्ट तैयार की तो उसमें आरक्षण की नीति को दबाने का काम किया गया, जो सालासर गलत था। इसके साथ ही जब इंदिरा गांधी आई तो उन्होंने भी आरक्षण विरोधी नीतियों का ही समर्थन किया और राहुल गांधी ने भी इसको लेकर कोई सकारात्मक सोच नहीं दिखाई थी। अमेरिका में जिस तरीके से राहुल गांधी ने इंटरव्यू में बातचीत के दौरान छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि जब उनका समय आएगा यानी राहुल गांधी का इशारा था कि जब उनकी सरकार आएगी तो ओबीसी, दलितों के आरक्षण को खत्म करने का फैसला लेंगे। नरेंद्र कश्यप ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए उनके अमेरिका में दिए गए बयान की निंदा की है। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरीके से कांग्रेस के मंसूबों और अपनी दिल की बातों को इंटरव्यू में कहा है, वह बता रहे है कि राहुल गांधी और पूरा गांधी परिवार किस तरीके से चुनाव में अपने विरोधियों को साथ लेकर मोदी और भाजपा सरकार पर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगा रहा था, जबकि यह राहुल गांधी और उनके परिवार की पुरानी सोच है। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि गांधी परिवार आज भी इस मानसिकता के साथ है और वह दलित व ओबीसी वर्ग का विरोधी है। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर के लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव विनोद तावड़ेकर ने इस मानसिकता का खुलकर विरोध किया है।

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि जिस तरीके से राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी दलित और ओबीसी समाज को वोट लेने के समय इस्तेमाल करती है और फिर आरक्षण को लेकर उसका मुंह बंद रहता है, यह अब उत्तर प्रदेश में नहीं चलेगा।

**साक्षात्कार** — दीन दयाल आडिटोरियम का निगम खुद से संचालन करें...

# निगम में सुधार के लिए निर्णायक कदम उठाने आवश्यक :प्रवीण चौधरी

गाजियाबाद। नगर निगम के नेहरू नगर स्थित पंडित दीन दयाल आडिटोरियम,रमते राम रोड स्थित व्यवसायिक काम्पलेक्स को लीज पर दिए जाने और संबंधित फर्म के द्वारा निगम को भुगतान न किए जाने की कडी में निगम के द्वारा सील किए जाने के बाद से विवाद पूर्ण स्थिति बनी हुई है। इसके साथ साथ शहर में यूनीपोल होर्डिंग का ठेका मीडिया 24-7 के पक्ष में छोडे जाने के बाद से लगतार कंपनी के द्वारा लीक से हटकर होर्डिंग लगाए जाने के पहलू को लेकर समय समय पर सवाल उठते रहे है। इसके साथ साथ समय समय पर निगम अधिकारियों एवं पार्षदों के बीच टकराव की घटनाएं सामने आती रहती है। तमाम पहलुओं को लेकर नगर निगम में वार्ड 84 से पार्षद एवं इससे पूर्व डिप्टी मेयर रहे प्रवीण चौधरी प्रातः किरण के द्वारा करीब से कई पहलुओं को लेकर वार्ता की गई।

**प्रश्नः पिछले कुछ समय से महापौर एवं निगम अधिकारियों के मध्य कुछ पहलुओं को लेकर टकराव पूर्ण स्थिति बनी हुई है। इसके साथ साथ अक्सर पार्षदों एवं अधिकारियों के बीच भी टकराव के मामले सामने आते रहते है।**

उत्तरः- महापौर एवं अधिकारियों के मध्य टकराव किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। सौहार्द पूर्ण स्थिति में ये दूर होना चाहिए। समय की आवश्यकता ये है कि समय से निगम कार्यकारिणी और सदन की बैठकों का आयोजन किया जाए,ताकि निगम सीमा क्षेत्र में तेज गति से विकास कार्य आरंभ हो सकें। जहां तक पार्षदों एवं अधिकारियों में अक्सर तकरार का पहलू है तो देखा जाए तो प्रदेश के अधिकांश नगर निगमों यहां तक कि नगर पालिका परिषदों यहां तक कि नगर पंचायतों में में जोन चेयरमैन बनाए गए है। इसके साथ साथ निर्माण,संपत्तिकर,बिजली तथा उद्यान की कमेटियों का गठन किया गया है। उनकी जानकारी के अनुसार इस तरह की व्यवस्था पूर्व मेयर तेलु राम काम्बोज,दमयंति गोयल,आशा शर्मा के कार्यकाल के दौरान भी व्यवस्था की गई थीं। समय की सबसे बडी आवश्यकता जोन चेयरमैन के अलावा कमेटियों के गठन की व्यवस्था किया जाना है। इस व्यवस्था से निश्चित तौर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्य पदति पर न केवल निगरानी हो सकेगी,बल्कि अधिकारियों एवं पार्षदों के



मध्य टकराव काफी हद तक दूर हो सकेगा। इसका आमजन को भी निश्चित तौर पर लाभ प्राप्त होगा। इसके साथ समय की जरूरत इस बात की है कि जीडीए बोर्ड के लिए पार्षदों का चयन किया जाए।

**प्रश्नः-नेहरू नगर स्थित पंडित दीन दयाल आडिटोरियम जो कि सरकारी संपत्ति है। क्या ये नहीं मानते कि उसे लीज पर दिया जाना ही गलत था।**

उत्तरः-व्यवस्थाएं आरंभ से ही गलत रही है। शुरूआत में ही गाइड लाइन तय करते हुए ऐसी व्यवस्थाएं तय की जानी चाहिए थीं कि निगम खुद से संचालन करें। इस दिशा में जल्द प्रस्ताव सदन के सामने रखा जाएगा। इसके साथ साथ पूर्वांचल एवं उत्तरांचल भवन भी निगम की देखरेख में संचालित हो,इस दिशा में भी जल्द निगम कार्यकारिणी एवं सदन बैठक के माध्यम से फैसला लिया जाएगा। नेहरू नगर स्थित तरणताल को लेकर भी जल्द निर्णय लिया जाएगा।

**प्रश्नः-स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत निगम सीमा के विभिन्न हिस्सों में शौचालयों का निर्माण किया गया। शौचाल्यों की स्थिति को लेकर समय समय पर सवाल उठते रहे है।**

उत्तरः-उनकी जानकारी के अनुसार शौचालयों की स्थिति सुधारने के लिए जल्द नए सिरे से टेंडर होने वाले है।

**प्रश्नः-निगम सीमा क्षेत्र में सीवर व्यवस्था देख रही ववाग कंपनी की कार्य शैली को लेकर समय समय पर सवाल उठते रहे है। अधिकांश पार्षदों की यही शिकायतें रहती है कि जिस कंपनी को सीवर व्यवस्था सुधार का ठेका दिया गया है,उसके द्वारा ठीक से काम नही किया जा रहा है। दुर्भाग्य पूर्ण स्थिति यह है कि इसी कंपनी को सीवर का पानी शोधित करते हुए उसे साइट चार की औद्योगिक इकाईयों को उपलब्ध कराए जाने का ठेका दे दिया गया।**

उत्तरः-उनकी जानकारी के अनुसार जिस ववाग कंपनी को सीवर व्यवस्था देखरेख का दायित्व दिया गया है,उसे दिल्ली में ब्लेक लिस्ट किया गया है। कंपनी के साथ अनुबंध समाप्त किया जाना चाहिए। जहां तक इसी कंपनी को सीवर का पानी शोधित किए जाने का ठेका दिए जाने का सवाल है,ये शासन की व्यवस्था से जुडा हुआ है।

**प्रश्नः- निगम सीमा क्षेत्र में होर्डिंग,यूनीपोल लगाने का ठेका मीडिया 24-7 को दिए जाने के बाद से लगातार ये सवाल उठते रहे है कि कंपनी के द्वारा शर्तों का जबरदस्त तरीके से न केवल उल्लंघन किया जा रहा है,बल्कि शर्तों के विपरित कई गुणा होर्डिंग,यूनीपोल लगाते हुए निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही है।**

उत्तरः-उनकी भी जानकारी में ये विषय आया है। उन्हें अवगत कराया गया कि कंपनी के द्वारा शर्तों का उल्लंघन करते हुए तीन से चार गुणा होर्डिंग यूनीपोल लगाते हुए निगम को आर्थिक क्षति पहुंचायी जा रही है। उनकी दृष्टि से अगले 15 साल अवधि के लिए फर्म विशेष को ठेका दिया जाना ही गलत है। उनका मानना है कि किसी निश्पक्ष एजेंसी के माध्यम से निगम सीमा में लगे होर्डिंग,यूनीपोल की जांच होनी चाहिए। इस दिशा में जल्द सदन बैठक के दौरान आवाज उठायी जाएगी।

**प्रश्नः-अक्सर ये पहलू उठता है कि निगम सदन में जो पार्षद पहुंचे है,उन्हें निगम एक्ट की जानकारी नहीं है। ऐसे में वह सवाल नहीं उठा पाते है।**

उत्तरः- इस दिशा में जल्द कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस दिशा में वरिष्ठ पार्षदों के साथ हाल मे बैठक भी की गई है। कार्यशाला के माध्यम से सभी नए साथीं पार्षदों को निगम एक्ट आदि की विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

**प्रश्नः-गाजियाबाद में कूडा निस्तारण एक बडी चुनौती बनी हुई है। पाइप लाइन रोड पर जिस स्थान पर कूडा निस्तारण किया जा रहा है,क्षेत्र के लोगों के द्वारा विरोध किया जा रहा है।**

उत्तरः-दुर्भाग्य पूर्ण स्थिति ये है कि देश की राजधानी दिल्ली जहां पर केंद्रीय मंत्रालय भी है। वहां भी इस समस्या का हल नहीं हो पा रहा है। उम्मीद ये है कि गालंद में जिस स्थान पर विदेशी कंपनी के द्वारा कूडे से बिजली बनाने की योजना है,इस सयंत्र के आरंभ होने से निश्चित तौर पर समस्या का स्थाई समाधान होगा। वह तो उस प्लांट का भी जायजा ले चुके है जहां कूडे से बिजली तैयार की जा रही है। वहां दूर तक भी दुर्गंध की समस्या नहीं है।

**प्रश्नः-हाल में मुददा उठा कि जिस कंपनी को डोर टू डोर कूडा कलेक्शन के लिए साढे तीन सौ वाहनों के देखरेख का ठेका दिया गया,वह अधिक रेट पर छोडा गया है।**

उत्तरः-उनकी जानकारी के अनुसार टेंडर छोडने के दौरान पूरी प्रक्रिया अपनायी गई। ठेका छोडे जाने के पहलू पर सवाल उठाना उचित नहीं है।

### आरडीसी में होगी रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था

**प्रश्नः-आरडीसी जो कि आपके वार्ड के अंतर्गत आता है,जहां पर बडे बडे शो रूम है,क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते है। जीडीए के द्वारा जो फ्री व्हीकल जोन बनाया गया,उसके बाद कारोबारियों के कारोबार प्रभावित होने का मामला सामने आ रहा है। इसके साथ साथ क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण अक्सर जाम की समस्या रहती है।**

उत्तरः-जैसा उनकी जानकारी में है आरडीसी जीडीए के द्वारा नगर निगम के हेंड ओवर की जा चुकी है। क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने की दिशा में जल्द रात्रि कालीन सफाई की व्यवस्था आरंभ की जाएगी। इसके साथ साथ प्रयास होगा कि अवस्थापना निधि से क्षेत्र में मल्टी लेबल पार्किंग की सुविधा उपलब्ध हो। इसके साथ साथ जीडीए के द्वारा विकसित व्हीकल फ्री जोन से उत्पन्न समस्या के मुददे को भी निगम कार्यकारिणी एवं सदन बैठक में रखते हुए जल्द निर्णय लिया जाएगा।

**प्रश्नः-राजनगर में होने वाली श्री धार्मिक रामलीला में करीब 25 लाख की रकम को लेकर विवाद का अक्सर मुददा उठता रहता है। ये भी सामने आया कि कुछ लोगों के द्वारा अदालत से स्थगन आदेश लिया गया है।**

उत्तरः- ये स्थिति दुर्भाग्य पूर्ण है। कमेटी के पैसे के मुददे को लेकर किसी को दखल का अधिकार नहीं है। धार्मिक हित में जनता का पैसा कमेटी को मिलना चाहिए। ताकि उसका सदुपयोग हो सकें।

**प्रश्नः-हाल में राजनगर रामलीला कमेटी के मुददे को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वाद दायर किया गया है।**

उत्तरः-उनकी निगाह में मौजूदा कमेटी शानदार तरीके से काम कर रही है। जो चंदा एकत्र किया जाता है,उसका सही से सदुपयोग किया जा रहा है। यदि किसी मुददे को लेकर मतभेद था,तो वह आपस में बैठकर दूर किए जाने चाहिए।

# अमित शाह ने अग्निपथ योजना को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा, कहा- सेना में सेवा देने वाले अग्निवीरों को नौकरी देंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर राजनीति करने का आरोप लगाया। अमित शाह ने कहा कि हरियाणा के अग्निवीरों के लिए नौकरी सुनिश्चित करना भाजपा की जिम्मेदारी है। हरियाणा के भिवानी जिले के लोहारू में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस पर फर्जी नैरेटिव फैलाने का आरोप लगाया। अमित शाह ने कहा, राहुल गांधी ने दावा किया कि अग्निवीर सैनिकों के पास न तो काम होगा और न ही पेंशन। लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि अग्निपथ योजना के तहत सैनिकों को पुलिस सेवाओं में 20 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है। अगर कोई अग्निवीर वापस लौटता है तो वह बिना नौकरी के नहीं रहेगा और भाजपा इसकी जिम्मेदारी लेती है।

अमित शाह ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस, खासकर राहुल बाबा राजनीति कर रहे हैं। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मैं हरियाणा के युवाओं से कहना चाहता हूं कि हुड्डा एंड कंपनी, जिनका काम झूठ फैलाना है, वे कह रहे हैं कि अग्निवीरों का बाद में क्या होगा, लेकिन मैं जो कहता हूं, वो करता हूं।



केंद्र सरकार ने 14 जून, 2022 को अग्निपथ योजना शुरू की थी। इसमें केवल चार साल के लिए सैनिकों की भर्ती करने का प्रावधान है, जिसमें से 25 प्रतिशत को नियमित सेवा में बनाए रखने का प्रावधान है। नई योजना के तहत भर्ती किए गए लोगों को अग्निवीर कहा जाता है।

सरकार ने कहा कि पुरानी व्यवस्था को बदलने से सशस्त्र बलों की आयु सीमा कम होगी, एक फिट सैन्य बल सुनिश्चित होगा और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम तकनीकी रूप से कुशल युद्ध लड़ने वाला बल तैयार होगा। लेकिन इस निर्णय ने व्यापक विरोध को जन्म दिया और सरकार को इस योजना के बारे में आशंकाओं को दूर करने के लिए एक ठोस कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

यह विवाद हरियाणा में एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बन गया। कांग्रेस ने सत्ता में आने पर अग्निपथ योजना को खत्म करने का वादा किया था। इस योजना को लेकर असंतोष को एक प्रमुख कारण के रूप में देखा गया, जिस वजह से भाजपा 2019 में 10 लोकसभा सीटों से 2024 में सिर्फ पांच पर आ गई। इस मुद्दे के हरियाणा विधानसभा चुनाव में और भी बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है।

कांग्रेस पर तंज कसते हुए शाह ने कहा कि सैनिक 40 साल से वन रैंक, वन पेंशन की मांग कर रहे थे, लेकिन पार्टी ने कभी उनकी मांग पूरी नहीं की। लोगों ने 2014 में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में चुना और 2015 तक उन्होंने इसे वास्तविकता बना दिया। जम्मू-कश्मीर चुनावों का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि राहुल गांधी और नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला का एजेंडा चुनावों के बाद सभी आतंकवादियों को रिहा करना और पाकिस्तान के साथ बातचीत करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी ने जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुरू होने पर मतदाताओं से अपने घरों से बाहर निकलकर बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के शुरू होने के साथ, मैं आज मतदान करने वाले सभी निर्वाचन क्षेत्रों के लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने और लोकतंत्र के उत्सव को मजबूत करने का आग्रह करता हूं। मैं विशेष रूप से युवा और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह करता हूं।

### खड़गे ने जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं से विकास के लिए मतदान करने की अपील की

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं से केंद्र शासित प्रदेश में शांति, स्थिरता, न्याय और प्रगति लाने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की। श्री खड़गे ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा, जम्मू-कश्मीर के लोग अपने अधिकारों की रक्षा करने और सच्चे विकास और पूर्ण राज्य के दर्जे के एक नए युग की शुरूआत करने के लिए उत्सुक हैं। 24 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का पहला चरण शुरू होने के साथ हम सभी से अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने और बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह करते हैं।

### मुर्मु के जयपुर पहुंचने पर बागडे एवं भजनलाल ने की अगवानी

जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एकदिवसीय राजस्थान यात्रा पर बुधवार को जयपुर पहुंची जहां राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उनकी अगवानी की। श्रीमती मुर्मु के जयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचने पर श्री बागडे एवं श्री शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया और उनकी अगवानी की। इसके बाद राष्ट्रपति मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) पहुंचीं जहां पूर्वाह्न करीब साढ़े ग्यारह बजे एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुई।

### जम्मू-कश्मीर: राजौरी में सेना का वाहन खाई में गिरने से एक जवान शहीद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना का एक वाहन खाई में गिर जाने से एक जवान शहीद हो गया और पांच अन्य घायल हो गए है। जानकारी के अनुसार जवानों को ले जा रहा सेना का वाहन एक गहरी खाई में गिर गया जिससे छह जवान घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां एक जवान का निधन हो गया। व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्यसभी रैंक लांस नायक बलजीत सिंह के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जो मंजाकोट, राजौरी के पास आतंकवाद विरोधी ड्यूटी के दौरान एक दुखद सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले बहादुर थे।

### दिल्ली की अदालत ने नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू, तेजस्वी यादव को तलब किया

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने नौकरी के बदले जमीन से जुड़े धन शोधन के मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके बेटे एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद एवं अन्य को बुधवार को तलब किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आरोपियों को सात अक्टूबर को अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने आरोपियों के खिलाफ दाखिल पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए यह आदेश जारी किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छह अगस्त को अदालत के समक्ष अंतिम रिपोर्ट पेश की थी।

# कांग्रेस ने राहुल को धमकी देने वाले बयान की पुलिस में की शिकायत



**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चार नेताओं के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को कहा है जिन्होंने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी गांधी के खिलाफ धमकी भरे बयान दिए हैं।

कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा के इन नेताओं ने श्री गांधी को एक तरह से जान से मारने की धमकी दी है इसलिए उनके खिलाफ प्राथमिक की दर्ज करने का पुलिस से अनुरोध किया गया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के चार नेताओं ने श्री गांधी के खिलाफ धमकी भरे बयान दिए हैं और पार्टी ने उनके नाम देकर पुलिस में उनकी शिकायत की है। श्री माकन ने कहा कि इन नेताओं में एक ने श्री गांधी की जुबान काटने, दूसरे ने उनका वही हाल करने जो उनकी दादी का हुआ था, तीसरे ने उन्हें आतंकवादी कहा है और चौथे ने उनके खिलाफ आपराधिक बयान दिया है इसलिए पार्टी ने इन नेताओं पर सख्त कार्रवाई करने का पुलिस से आग्रह किया है।

उन्होंने भाजपा से राजनीति की गरिमा बनाए रखने का भी आग्रह किया और कहा कि इन नेताओं के खिलाफ पार्टी को कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा किसी नेता के खिलाफ जान से मारने की खुलेआम धमकी देने का कोई मतलब नहीं है और ऐसे नेताओं के खिलाफ खुद भाजपा को कार्रवाई करनी चाहिए।

## खरगे, राहुल ने दोहराया जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली का वादा

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जम्मू -कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आरंभ होने पर बुधवार को जनता से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की और कहा कि लोग अपने अधिकारों की रक्षा करने और पूर्ण राज्य के नए युग की शुरूआत करने के लिए उत्सुक हैं। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "जम्मू-कश्मीर के लोग अपने अधिकारों की रक्षा करने और सच्चे विकास तथा पूर्ण राज्य के नए युग की शुरूआत करने के लिए उत्सुक हैं। 24 विधानसभा क्षेत्रों में पहले चरण का मतदान शुरू होने के साथ ही हम सभी से अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने और बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह करते हैं।" उन्होंने कहा कि प्रत्येक वोट भविष्य को आकार देने और शांति, स्थिरता, न्याय, प्रगति और आर्थिक सशक्तिकरण का युग लाने की ताकत रखता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "हम सभी से, विशेषकर पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से अपील करते हैं कि वे इस महत्वपूर्ण चुनाव में भाग लें और बदलाव के उत्प्रेरक बनें।" उन्होंने कहा, "पहली बार किसी राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया गया, जब आप अपना वोट डालें, तो याद रखें कि इस उपहास के लिए कौन जिम्मेदार है।" खरगे ने लोगों का आह्वान किया, "आइए हम एकजुट हों और जम्मू-कश्मीर के लिए एक उज्जवल भविष्य को आकार दें, जहां सभी नागरिकों की आवाज सुनी जाए।" राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "जम्मू-कश्मीर के मेरे भाइयों और बहनों, आज प्रदेश में पहले चरण के मतदान हो रहे हैं। देश के इतिहास में पहली बार किसी राज्य का दर्जा छीन कर उसे केंद्र शासित बनाया गया है। यह आप सभी के संवैधानिक अधिकारों का हनन है, जम्मू-कश्मीर का अपमान है।" उन्होंने कहा, "इंडिया गठबंधन को दिया आपका एक-एक वोट आपके अधिकार वापस लौटाएगा, रोजगार की बहार लाएगा, महिलाओं को मजबूत बनाएगा, आपको 'अन्याय काल' से बाहर लाएगा और जम्मू कश्मीर को फिर से खुशहाल बनाएगा। राहुल गांधी ने लोगों का आह्वान किया, "आज, बड़ी से बड़ी संख्या में अपने घरों से निकल कर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करें और 'इंडिया' गठबंधन को वोट दें।" जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में चुनाव हो रहे हैं। पहले चरण में 24 सीट के लिए मतदान बुधवार को हो रहा है। इसके बाद 25 सितंबर को दूसरे चरण में 26 सीट के लिए मतदान होगा। तीसरे चरण में 40 सीट के लिए मतदान एक अक्टूबर को होगा, जबकि मतों की गिनती आठ अक्टूबर को की जाएगी।

# बुलडोजर मामले में केंद्र सरकार बनाए एक सी गाइडलाइन: मायावती



**लखनऊ, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती ने बुलडोजर मामले को लेकर केंद्र सरकार से एक-समान गाइडलाइन बनाने की अपील की है।

यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, बुलडोजर विध्वंस कानून का राज का प्रतीक नहीं होने के बावजूद इसके प्रयोग की बढ़ती प्रवृति चिन्तनीय है। वैसे बुलडोजर व अन्य किसी मामले में जब आम जनता उससे सहमत नहीं होती है तो फिर केंद्र को आगे आकर उस पर पूरे देश के लिए एक-समान गाइडलाइन्स बनानी चाहिए, जो नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने आगे लिखा, वरना बुलडोजर एक्शन के मामले में सुप्रीम कोर्ट को इसमें दखल देकर केंद्र सरकार की जिम्मेदारी को खुद नहीं निभाना पड़ता, जो यह जरूरी था। केंद्र व राज्य सरकारें संविधान व कानूनी राज के अमल होने पर जरूर ध्यान दें।

बता दें कि पूरे देश में बुलडोजर के जरिए किसी भी निर्माण को गिराने पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। यह रोक एक अक्टूबर तक लागू रहेगी। उसी दिन अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि यह फैसला सावर्जनिक रास्तों, फुटपाथ, रेलवे ट्रैक एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई पर लागू नहीं होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी संपत्ति पर बुलडोजर कार्रवाई से पहले अदालत की अनुमति लेनी होगी। कोर्ट की अनुमति के बिना ऐसा नहीं किया जा सकेगा। यह रोक 1 अक्टूबर तक लागू रहेगी और उसी दिन अदालत में फिर से सुनवाई होनी है, जिसमें भविष्य को लेकर फैसला दिया जाएगा।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर अजमेर शरीफ दरगाह में विशेष लंगर का आयोजन

**अजमेर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मंगलवार को देशभर में जश्न मनाया गया। मंगलवार-बुधवार की रात अजमेर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर विशेष लंगर का आयोजन किया गया। यह लंगर बादशाह अकबर द्वारा उपहार में दिए गए एक बड़े देग (बर्तन) में पकाया गया। लंगर के दौरान दरगाह के खादिम सैयद अफशान चिश्ती और सलमान चिश्ती मौजूद रहे।

सैयद अफशान चिश्ती ने आईएएनएस को बताया कि अजमेर शरीफ दरगाह भारत में आस्था का बहुत बड़ा केंद्र है। यहां हर धर्म के लोग आते हैं। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और पारसी सभी धर्मों के लोग यहां दुआ मांगने आते हैं। भारत एक गुलदस्ता है। हर धर्म के लोग इस गुलदस्ते के फूल हैं। इसी तरह हमारा भारत एक परिवार है। इस परिवार के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। पीएम मोदी के जन्मदिन के मौके पर अजमेर शरीफ दरगाह पर लंगर का आयोजन किया गया है।



उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के लिए यह दरगाह आस्था का केंद्र रहा है। वह पहले यहां चादर भेजकर चढ़ा चुके हैं। इसके अलावा वह यहां के जिम्मेदार व्यक्ति से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बात भी कर चुके हैं।

सैयद अफशान चिश्ती ने कहा कि इस दरगाह के पास खड़े होकर हम देश के अमन-चैन की दुआ मांगते हैं। हम दुआ करते हैं कि हमारा देश तरक्की करे। देश में अमन-चैन और भाईचारा कायम रहे। हमारा देश पूरी दुनिया के लिए आध्यात्मिक केंद्र बनकर उभरे। हम प्रार्थना करते हैं कि भारत शांति का दूत बने और विश्व में फैली अशांति को शांत करने का काम करे।

वहां मौजूद सलमान चिश्ती ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है और इसके लिए दरगाह में लंगर का आयोजन किया गया है। लंगर बनाने की प्रक्रिया मंगलवार रात 11 बजे शुरू हुई, जिसमें शुद्ध शाकाहारी मीठे चावल बनाए गए। सबसे पहले देग में पानी गर्म किया गया, उसके बाद उसमें हल्दी, चावल, चीनी, मेवे, केसर डालकर पकाया गया। इस लंगर को पकाने में करीब ढाई घंटे का समय लगा। सुबह करीब तीन बजे लंगर को देग से निकालकर स्टील के ड्रमों में भरकर महफिल खाने के बाहर दरगाह में आने वाले जायरीनों को खिलाया गया। इसके साथ ही लंगर को प्लास्टिक के डिब्बों में भरकर लोगों को दिया गया। यह लंगर आसपास रहने वाले लोगों, जायरीनों और गरीब लोगों में बांटा जाएगा।

## डोनाल्ड ट्रंप अगले हफ्ते पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात

वाशिंगटन/नई दिल्ली। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने एक कैंपेन कार्यक्रम में कहा है कि वह अगले सप्ताह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मिशिगन में एक कैंपेन कार्यक्रम में भारत के साथ अमेरिकी व्यापार पर बोलने के दौरान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी से मुलाकात करने की घोषणा की। हालांकि, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि वे पीएम मोदी से कहां मिलेंगे। डोनाल्ड ट्रंप के 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने की संभावना है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को मोदी की अमेरिका यात्रा का विस्तृत कार्यक्रम साझा किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल (2017-2021) के दौरान पीएम मोदी के साथ एक मजबूत संबंध साझा किया था। यह ह्यूस्टन में हाउडी मोदी और भारत में नमस्ते ट्रंप जैसे कार्यक्रमों से स्पष्ट होता है। दोनों देशों ने रक्षा और रणनीतिक सहयोग में इजाफा किया था। कई व्यापारिक विवादों के बावजूद उनकी साझेदारी मजबूत होती रही। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 21 सितंबर को डेलावेयर में ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के नेताओं के साथ एक क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। जानकारी के मुताबिक, इस सम्मेलन में पीएम मोदी भी हिस्सा लेंगे। विश्लेषकों का कहना है कि वाशिंगटन ने नई दिल्ली को एशिया में चीन के बढ़ते प्रभाव के मुकाबले के रूप में देखा है। हाल के महीनों में जो बाइडेन और अन्य शिखर सम्मेलनों के लिए अमेरिका का दौरा करने वाले कुछ अन्य विश्व नेताओं ने ट्रंप से भी मुलाकात की है।

# महाराष्ट्र: फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने रेलवे अधिकारी से ठगे नौ लाख रुपये

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई में खुद को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) अधिकारी बताकर साइबर ठगों ने रेलवे के एक अधिकारी से नौ लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने अधिकारी से कथित तौर पर कहा कि वह धन शोधन के एक मामले में संलिप्त है और फिर वीडियो कॉल के माध्यम से उसे एक कथित न्यायाधीश के समक्ष पेश करने के बाद पूरे मामले को अंजाम दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार को हुई और पीड़ित को ठगों ने करीब 20 घंटे तक वीडियो कॉल पर रखा।

उन्होंने बताया कि 59 वर्षीय पीड़ित छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) में प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण) के पद पर कार्यरत हैं और दक्षिण मुंबई के कोलाबा में रहते हैं। उन्होंने बताया, ह्यह्य16 सितंबर की सुबह पीड़ित को उनके मोबाइल फोन पर एक वॉयस रिकॉर्ड संदेश मिला, इसमें कहा गया था कि उसका मोबाइल फोन दो घंटे के भीतर ब्लॉक कर दिया जाएगा और किसी भी प्रश्न के लिए उन्हें अपने नंबर से शून्य अंक डायल करना होगा। पीड़ित के शून्य अंक दबाते ही एक वीडियो कॉलसक्रिय हो गई।

उन्होंने बताया कि फोन करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा कि वह धन शोधन के एक मामले में अधिकारी की जांच करना चाहते हैं। अधिकारी ने कहा, इसके बाद फोन करने वाले ने उन्हें बताया कि उनके नाम पर एक मोबाइल नंबर पंजीकृत है और वह 58 लाख रुपये के धन शोधन मामले में इस्तेमाल किए गए बैंक खाते से जुड़ा है।

पीड़ित अपने दफ्तर में थे और फोन करने वालों ने उनसे कहा कि वह घर वापस जाएं क्योंकि सीबीआई अधिकारी उनसे मामले में पूछताछ करना चाहते हैं। घर जाने पर अपराह्न दो बजे पीड़ित को वीडियो कॉल किया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया, इस दौरान जालसाजों ने रेलवे अधिकारी की पारिवारिक पृष्ठभूमि, उनके वित्त और संपत्ति के बारे में सारी जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद आरोपियों ने उनसे कहा कि उन्हें अदालत में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पेश किया जाएगा और न्यायाधीश मामले का फैसला करेंगे।

वीडियो कॉल में न्यायाधीश बने एक व्यक्ति ने पीड़ित को बताया कि उसके खाते से कुछ अनधिकृत बैंक लेनदेन की जानकारी मिली है और उससे अपने सभी बैंक विवरण देने को कहा।

पीड़ित के अनुसार, जालसाजों ने उसे बैंक जाकर उनके बताए गए खाते में नौ लाख रुपये जमा करने को कहा। उनके कहने पर पीड़ित बैंक गया और रकम जालसाजों के खातों में हस्तांतरित कर दी।

### अरविंद केजरीवाल एक सप्ताह में अपना सरकारी आवास खाली कर देंगे: आप

नई दिल्ली)। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को बताया कि दिल्ली के निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक सप्ताह के अंदर अपना सरकारी आवास खाली कर देंगे। सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के तौर पर मिलने वाली सभी सुविधाएं भी लौटा देंगे। केजरीवाल आप विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए उपराज्यपाल सचिवालय गए थे। संजय सिंह ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने कल इस्तीफा देने के बाद कहा था कि वह मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें मिलने वाली सुरक्षा सहित सभी सुविधाएं लौटा देंगे और लोगों के बीच एक आम आदमी की तरह रहेंगे। हमने उन्हें समझाने की कोशिश की कि पहले भी कई बार उन पर हमला करने की कोशिशें की जा चुकी हैं, लेकिन वह नहीं माने।

# सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की चार उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मंगलवार को मेघालय; जम्मू-कश्मीर और लद्दाख; मध्य प्रदेश; और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए नये सिरे से केंद्र सरकार से सिफारिश की।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सिफारिश की है कि न्यायमूर्ति इंद्र प्रसन्ना मुखर्जी को मेघालय उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया जाए।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मुखर्जी को मई 2009 में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति ताशी रबस्तान को जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की भी सिफारिश की है।



इससे पहले, उसने न्यायमूर्ति रबस्तान को मेघालय उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की थी। न्यायमूर्ति रबस्तान जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं। उन्हें मार्च 2013 में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था।

कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति कैत को सितंबर 2008 में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। वह दिल्ली उच्च न्यायालय के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश हैं और मुख्य न्यायाधीशों सहित उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की अखिल भारतीय वरिष्ठता सूची में पांचवें नंबर पर हैं। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति जी.एस. संधावालिया को इस साल 18 अक्टूबर को न्यायमूर्ति राजीव शकधर की सेवानिवृत्ति पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा की है। न्यायमूर्ति संधावालिया को सितंबर 2011 में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। वह पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कहा है कि उसके नवीनतम प्रस्ताव न्यायमूर्ति मनमोहन, राजीव शकधर, नितिन मधुकर जामदार और के.आर. श्रीराम के संबंध में पहले की गई सिफारिशों को प्रभावित नहीं करेगा।

**गणेश विसर्जन** घटना की खबर फैलते ही मंडल के कुछ और लोग वहां पहुंच गए और जय श्री राम के नारे लगाने लगे...

# महाराष्ट्र के भिवंडी में गणेश विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी, कई लोग गिरफ्तार

**ठाणे, एजेंसी**

महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी में गणपति विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी की खबर है। गणपति विसर्जन के दौरान मंगलवार देर रात इलाके की हिंदुस्तानी मस्जिद के पास रखी गई भगवान गणेश की मूर्ति पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया, जिससे मूर्ति खंडित हो गई। इसके बाद लोगों ने मौके पर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों के अनुसार, भीड़ ने एक युवक को पकड़कर उसकी पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। मूर्ति खंडित को लेकर लोगों की मांग थी कि जब तक पुलिस सभी पत्थरबाजों को नहीं पकड़ लेती, तब तक प्रतिमा का विसर्जन नहीं किया जाएगा। घटना




की खबर फैलते ही मंडल के कुछ और लोग वहां पहुंच गए और जय श्री राम के नारे लगाने लगे। हालात बिगड़ते देख डीसीपी, एसीपी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

मामले को लेकर ठाणे के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण ने बताया कि भिवंडी शहर के वंजारपट्टी नाका स्थित हिंदुस्तानी मस्जिद के बाहर मंडप बनाकर, मोहल्ला मोहल्ला कमेटी और पुलिस बैठकर गणेश मंडल का स्वागत करते थे। यहां कई सालों से हर साल पारंपरिक तरीके से ऐसा होता आ रहा है। इसकी शुरूआत शांतिपूर्ण तरीके से हुई थी। भक्त रात लगभग 12 बजे घुघट नगर से विर्सजन के लिए मूर्ति को कामवारी नदी ले जा रहे थे। गणेश मूर्ति जब वंजरपट्टी नाका से गुजर रही थी, इसी दौरान पथराव हुआ है, जिसके कारण मूर्ति खंडित हो गई। इसके बाद दोनों समुदाय के युवकों में बहस हुई, जिसके बाद तनाव बढ़ गया।

उन्होंने आगे कहा कि वहां मौजूद पुलिस अधिकारी ने विसर्जन के लिए जुटी भीड़ को तितर-बितर कर दिया। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है। जो लोग इस तरह की गतिविधियों में शामिल हैं, उन सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। भिवंडी के लोगों से अपील है कि यहां शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखें। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। अगर किसी को कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस मामले को लेकर कोई भी गलत संदेश प्रसारित न करे। मौके पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## बागपत में गणेश विर्सजन कर लौट रहे दो श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत

बागपत। बड़ौत-अमीनगर सराय मार्ग पर भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को एक वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें दो श्रद्धालुओं की मौत हो गयी और एक घायल हो गया। बड़ौत के पुलिस क्षेत्राधिकारी विजय चौधरी ने बुधवार को बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के सराय मोड़ स्थित बिजली घर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक वाहन की टक्कर हो गयी। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार लोग यमुना नदी में भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन करके लौट रहे थे। हादसे में तीन लोग घायल हुए। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान दीपू (18) और अभिषेक (20) के रूप में की गयी है। तीसरे घायल का उपचार आस्था अस्पताल में किया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, बड़ौत पुलिस के अनुसार अन्य वाहन के चालक को हिरासत में लिया गया है और उसकी गाड़ी भी जब्त कर ली गयी है।




## मोतिसन्स ज्वैलर्स लि. का बोर्ड 19 सितंबर को स्टॉक स्प्लिट पर विचार करेगा

**मुंबई , एजेंसी।** मोतिसन्स ज्वैलर्स लिमिटेड गहनों के उद्योग में एक अग्रणी है, ने घोषणा की है कि कंपनी का बोर्ड 19 सितंबर, 2024 को कंपनी के इक्विटी शेयरों के स्प्लिट के प्रस्ताव पर विचार करेगा, कंपनी के मेमोरंडम ऑफ एसोसिएशन के पूंजी खंड में परिवर्तन उपर्युक्त निर्णय के बाद और उपर्युक्त मदों के लिए सदस्यों की स्वीकृति मांगेंगी। हाल ही में, बोर्ड ने कंपनी के वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जो कंपनी के शेयरधारकों की स्वीकृति सहित आवश्यक सभी नियामक / सांख्यिकीय अनुमोदनों के अधीन, अधिमान आधार पर पूरी तरह से कन्वर्टेबल वारंट जारी करके किया जाएगा। इस मुद्दे में एफआईआई/एफपीआई निवेशकों जैसे नॉर्थ स्टार अपॉर्चुनिटीज फंड वीसीसी-बुल वैल्यू इंकॉर्पोरेटेड वीसीसी सब-फंड, एमिनेंस ग्लोबल फंड पीसीसी-यूबिलिया कैपिटल पार्टनर्स फंड वन और नेक्सपैक्ट लिमिटेड की भागीदारी होगी, जिन्हें प्रस्तावित सभी आवंटियों में नामित किया गया है। इससे पहले, कंपनी ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपनी कमाई की रिपोर्ट दी थी। कंपनी ने अपने परिचालन राजस्व को 88.71 करोड़ रुपये दर्ज किया। परिचालन लाभ 10.71 करोड़ रुपये रहा। पीएटी को 6.33 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। प्रति शेयर ईपीएस 0.64 रुपये रहा। मोतिसन्स ज्वैलर्स लिमिटेड गहनों के रिटेल उद्योग में एक अग्रणी है, जिसका इतिहास दो दशकों से अधिक समय तक का है। यह सोना, हीरा, कुंदन और अन्य कीमती और अर्द्ध-कीमती पत्थरों की विविध रेंज के गहनों की बिक्री में अग्रणी है। इसके अलावा, कंपनी मोती, चांदी, प्लैटिनम और अन्य धातुओं के साथ-साथ सोना और चांदी के सिक्के, बर्तन और अन्य कलाकृतियों जैसे विभिन्न उत्पादों की पेशकश करती है। लगभग 25 वर्षों के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, मोतिसन्स ज्वैलर्स ने महत्वपूर्ण वृद्धि कि है और अपने ब्रांड, पार्टीवियर, ज्वेलमोतिसन्स को दृढ़ता से स्थापित किया है। मोतिसन्स ज्वैलर्स की एक प्रमुख ताकत इसके कुशल गहना डिजाइनरों द्वारा बनाए गए डिजाइनों की विविधता में निहित है, जो नवीनतम ग्राहक पसंद और वरीयताओं को पूरा करने के लिए लगातार अद्वितीय और विशेष डिजाइन विकसित करते हैं।

## डायसन ने फेस्टिवल सीज़न से पहले

### नए प्रोडक्ट्स की घोषणा की

**मुंबई , एजेंसी।** भारत में त्योहारी सीज़न आने ही वाला है और इससे पहले डायसन ने ब्यूटी, ऑडियो और होम कैटेगरी में चार नए प्रोडक्ट्स पेश किए हैं। इंडियन मार्केट में हिस्सेदारी बढ़ाने और विस्तार करने के लिए डायसन ने हाई-परफॉर्मेंस टेक्नोलॉजी को भारत में पेश किया है, जो आपकी रोजमर्रा की ज़रूरतों को पूरा करेगी। डायसन के यह प्रोडक्ट्स कंपनी की योजना के अनुसार सिलेसिलेवार सामने आएंगे। नए लाइनअप में दो एडवांस हेयर स्टाइलिंग टूल शामिल हैं - डायसन एयररैप आइडी मल्टी-स्टाइलर और ड्रायर, डायसन सुपरसोनिक नूरल हेयर ड्रायर, डायसन का पहला ऑडियो-ओनली प्रोडक्ट - ऑनट्रैक हेडफ़ोन और कंपनी का पहला डेडिकेटेड वेट क्लीनर - डायसन वॉशजी1ड़ वेट फ्लोर क्लीनर। बहुआयामी स्टाइलिंग के लिए एक क्रांतिकारी हेयर केयर प्रोडक्टः डायसन ने आज दो पायोनियरिंग ब्यूटी प्रोडक्ट पेश किए हैं। डायसन एयररैप आइडी मल्टी-स्टाइलर और ड्रायर, डायसन का पहला कनेक्टेड ब्यूटी प्रोडक्ट है।

# त्योहारों के लिए नए कलेक्शन पेश कर बिक्री बढ़ाने पर होगा जोर, वैश्विक ब्रांड कर रहे तैयारी

**मुंबई, एजेंसी।** त्योहारी सीजन के आगमन के साथ ही अपैरल ब्रांड्स ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी हैं। इसमें नए स्टोर खोलने के साथ ही नए कलेक्शन और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ साझेदारी कर रहे हैं। इससे पहले देश में चुनाव और अत्यधिक गर्मी होने की वजह से सभी सेगमेंट में बिक्री प्रभावित हुई थी, अब इस सुस्ती के बाद उद्योग को वृद्धि के मजबूत संकेत मिल रहे हैं। शॉपर स्टॉप, रिलायंस रिटेल, आदित्य बिरला फैशन बड़े त्योहारी सीजन की तैयारी में जुट गए हैं, जिसमें नए कलेक्शन के साथ ग्राहकों को काफी कुछ नया अनुभव देने के लिए अपनी रणनीति तैयार कर रहे हैं। वहीं वैश्विक लक्जरी ब्रांड घरेलू बाजार में नए स्टोर खोलने और उच्च स्तरीय संग्रहों के साथ बड़े त्योहारी सीजन की तैयारी कर रहे हैं। घड़ी का लक्जरी ब्रांड हब्लोट और बैकारेट ने भी भारतीय त्योहारों के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

शॉपर्स स्टॉप ने त्योहारी सीजन के लिए नए कलेक्शन पेश किए है, कंपनी इसके जरिए बिक्री बढ़ाने पर फोकस कर रही है। कंपनी का कहना है आजकल के युवा ऐसे परिधान की तलाश करते जिसमें वे पारंपरिक लगने के साथ वस्टर्न लुक भी उनके पहनावे में दिखाई दे। इसलिए हमने अपने त्योहारी कलेक्शन में बंदेया कलेक्शन पेश किया जो आधुनक एथनिक स्टाइल का और उसे पुरुषों के लिए तैयार किया गया है। वहीं महिलाओं के लिए कशिश का फेस्टिवल कलेक्शन आजकल की महिलाओं के लिए पेश किया



गया है। आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड ने त्योहारी सीजन के देखते हुए हाथ से बने हुए कलेक्शन जैपोर को विशेषकर महिलाओं के लिए पेश किया है। आदित्य बिरला के एथनिक बिजनेस सीईओ सूरज भट्ट का कहना है, इस सेगमेंट में बिक्री बढ़ाने के लिए यह कलेक्शन पेश किया है, यह डिजाइनर कलेक्शन भारत की सांस्कृति धरोहर को दर्शाता है।

वहीं रिलायंस रिटेल और डेनिम परिधान के अंतरराष्ट्रीय डेल्टा गैलिक इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने साझेदारी की है। जिसमें भारतीय घरेलू बाजार में नए परिधान का कलेक्शन पेश कर बिक्री बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। रिलायंस के स्वामित्व वाली एजेआईओ ने अपने प्लेटफॉर्म पर ब्रिटिश फैशन ब्रांड एएसओएस को लॉन्च किया है, एएसओएस भारतीय ऑनलाइन रिटेल बाजार में प्रवेश कर बिक्री करेगी। एजेआईओ के सीईओ विनीत नायर ने कहा भारत के युवाओं में अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की चाहत बढ़ती जा रही है। युवा ऑनलाइन नए फैशन और डिजाइन को तलाशते हैं, इसलिए हम एएसओएस के द्वारा उन्हें अंतरराष्ट्रीय फैशन के परिधान दे सकेंगे और एक मजबूती ब्रांड बनकर उभरेगे।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च हेड दीपक जसानी ने कहा कि त्योहारों के मौसम में भारतीय परिवार परिधान के साथ कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और कंज्यूमर स्टेपल जैसे क्षेत्रों में खर्च करते हैं। इसके अलावा शादी का मौसम आ रहा है जिसकी वजह से आभूषण और परिधानों की बिक्री में तेज उछाल आने की संभावना है। पहली छमाही काफी सुस्त रही है, दूसरी छमाही में आभूषण और परिधानों की कंपनियों की बिक्री 15 से 20 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है।

### वैश्विक लक्जरी ब्रांड की त्योहारों के लिए तैयारी

जानकारों का कहना है कि वैश्विक लक्जरी ब्रांड घरेलू बाजार में नए स्टोर खोलने और उच्च स्तरीय संग्रहों के साथ बड़े त्योहारी सीजन की तैयारी कर रहे हैं। उनको उम्मीद है कि भारत के धनी लोग अब दिखावे और प्रतिष्ठा के लिए ब्रांड्स की खरीदारी करेगे और जिस पर खर्च करने में उन्हें परेशानी नहीं होगी। इसलिए ब्रांड्स मुख्य रूप से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों पर फोकस कर रहे हैं। डीएलएफ एम्पोरियों जल्द युवाओ के लिए रेडी टू वियल कलेक्शन के लिए नया जोन शुरू करने जा रहा है। जबकि द कलेक्टिव, राल्फ लॉरेन, हैकेट लंदन तथा टेड बेकर और फ्रेड पेरी भी स्टोर खोलने की योजना है। रिटेल विशेषज्ञ अमिल पटेल का कहना है कि त्योहारों पर खर्च करने के लिए भारतीय पूरी तरह तैयार दिखाई दे रहे हैं। इसकी बड़ी वजह बढ़ती डिस्पोजेबल आय और कामकाजी युवाओं की बढ़ती आबादी है, जो त्योहारों पर मांग को बढ़ाएगी। मुंबई में गणपति महोत्सव में जिस प्रकार से 20 प्रतिशत से अधिक आभूषण और 15 प्रतिशत से अधिक कपड़ों की खरीदारी देखने को मिले उससे लगता है कि इस बार परिधानों और आभूषण बिक्री में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी।

## क्रूड ऑयल पर विंडफॉल टैक्स घटकर शून्य



### पेट्रोल, डीजल और एटीएफ पर सरकार ने लिया ये फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को घटाकर प्रति टन शून्य कर दिया है। यह निर्णय 18 सितंबर से प्रभावी है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है और दो सप्ताह के अंतराल पर यानी हर पखवाड़े औसत तेल कीमतों के आधार पर इसकी समीक्षा की जाती है। इस तरह का आखिरी संशोधन 31 अगस्त को हुआ था, जब कच्चे पेट्रोलियम पर अप्रत्याशित कर 1,850 रुपये प्रति टन निर्धारित किया गया था। डीजल, पेट्रोल और जेट ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर भी एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा गया है। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नई दरें 18 सितंबर से प्रभावी होंगी। भारत ने पहली बार 1 जुलाई 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया था, और इस प्रकार वह उन देशों में शामिल हो गया था जो ऊर्जा कम्पनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाते हैं।

## त्योहारों से पहले लोग खरीद रहे खूब सोना, आयात अगस्त में दोगुना होकर 10.06 अरब डॉलर पर पहुंचा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कस्टम ड्यूटी में भारी कटौती और त्योहारी मांग बढ़ने से अगस्त में सोने का आयात दोगुने से अधिक होकर 10.06 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले की समान अवधि में सोने का आयात 4.93 अरब डॉलर रहा था।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने स्वर्ण आयात के इस रिकॉर्ड स्तर पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि सोने पर सीमा शुल्क दरों में भारी कटौती की गई है ताकि सोने की तस्करी और अन्य गतिविधियों में कमी आ सके। बर्थवाल ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह वह समय है जब जौहरी त्योहारों के मौसम में बिक्री के लिए अपने माल का स्टॉक करना शुरू करते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में सरकार ने शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने की घोषणा की थी। भारत का स्वर्ण आयात चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में 4.23 प्रतिशत घटकर 12.64 अरब डॉलर रह गया। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश का स्वर्ण आयात 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया था। भारत सोने का सर्वाधिक आयात स्विट्जरलैंड से करता है जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 16 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ दूसरे और दक्षिण अफ्रीका लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर है।

## अगले दो दशकों में भारत वैश्विक ऊर्जा मांग में 25 प्रतिशत का योगदान देगा, गैसटेक में बोले हरदीप पुरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ऊर्जा मंत्री हरदीप पुरी ने ह्यूस्टन में विश्व की ऊर्जा जरूरतों पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित एक बहुराष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि अगले दो दशकों में भारत वैश्विक ऊर्जा मांग में 25 प्रतिशत का योगदान देगा।

52वीं गैसटेक प्रदर्शनी और सम्मेलन मंगलवार को जॉर्ज आर ब्राउन कन्वेंशन सेंटर में भारत सहित विश्व के पांच प्रमुख ऊर्जा मंत्रियों की रणनीतिक अंतर्दृष्टि के साथ शुरू हुआ। विजन, नवाचार और कार्रवाई के माध्यम से ऊर्जा में परिवर्तन विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में वैश्विक ऊर्जा स्थिरता और तीव्र डीकार्बोनाइजेशन की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया गया।

अपने मुख्य भाषण में केन्द्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारत की बढ़ती प्रभावशाली भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, यदि वैश्विक मांग एक प्रतिशत बढ़ रही है, तो हमारी मांग तीन गुना तेजी से बढ़ रही है। अगले दो दशकों में भारत ऊर्जा मांग में वैश्विक वृद्धि में 25 प्रतिशत का योगदान देगा। उन्होंने भारत की चुनौती को ऊर्जा त्रिविधता के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने उपलब्धता, सामर्थ्य और सफल हरित परिवर्तन के बीच संतुलन स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। पुरी ने कहा, हमें हरित परिवर्तन को प्रबंधित करने और इसमें सफलता प्राप्त करने की अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है।



सम्मेलन के उद्घाटन मंत्रिस्तरीय पैनल में अमेरिका, भारत, मिस्र, नाइजीरिया और तुर्की के अधिकारी शामिल थे, जिन्होंने महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक और उद्योग चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। अमेरिका के ऊर्जा संसाधन मामलों के सहायक विदेश मंत्री जेफ्री पायट ने वैश्विक ऊर्जा प्रवाह को स्थिर करने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में संयुक्त राज्य अमेरिका की भूमिका पर जोर दिया। पियाट ने कहा, अमेरिका की अभूतपूर्व ऊर्जा प्रचुरता के साथ हम अपने अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ मिलकर काम करते हुए एक केंद्रीय वैश्विक भूमिका निभाने की स्थिति में हैं। मिस्र के मंत्री करीम बदावी ने एक प्रमुख ऊर्जा प्रवेशद्वार के रूप में अपने देश की रणनीतिक स्थिति के बारे में बात की तथा निवेश-अनुकूल वातावरण बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। नाइजीरिया के पेट्रोलियम संसाधन राज्य मंत्री माननीय एकपेरिकपे एकपो ने अफ्रीकी राष्ट्र के अद्वितीय प्राकृतिक गैस अवसरों को रेखांकित किया।

शेवरॉन के सीईओ माइक विर्थ और चेनियर एनर्जी के सीईओ जैक फुस्को सहित उद्योग जगत के नेताओं ने वैश्विक रणनीतियों पर भारत की ऊर्जा नीतियों के प्रभाव पर चर्चा की। विर्थ ने ऊर्जा भविष्य पर संवाद का आह्वान किया, जबकि फुस्को ने उभरती ऊर्जा मांगों और जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अनुकूलनीय व्यवसाय मॉडल की आवश्यकता पर बल दिया। चर्चा प्राकृतिक गैस और एलएनजी पर भी केंद्रित रही, जिसमें भारत के महत्वपूर्ण निवेश वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को आकार दे रहे हैं। कोनोकोफिलिप्स के सीईओ रयान लांस ने आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने में प्राकृतिक गैस की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। हाइड्रोजन सम्मेलन और जलवायु तकनीक व एआई सम्मेलन ने हाइड्रोजन और नवीन ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में भारत के बढ़ते प्रभाव को प्रदर्शित किया।

# गोल्ड इम्पोर्ट ऑल टाइम हाई पर, एक्सपोर्ट में भारी गिरावट, व्यापार घाटा नए रेकॉर्ड के करीब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का व्यापार घाटा अगस्त में रेकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गया। सोने की खेप में उछाल से मासिक आयात में 3.4 प्रतिशत की तेजी आई और यह 64.4 अरब के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच। दूसरी ओर निर्यात 9.4 प्रतिशत घटकर 34.7 अरब रह गया। वाणिज्य विभाग ने मंगलवार को कहा कि सोने का आयात दोगुना से अधिक बढ़कर 10 अरब से अधिक के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। इससे अगस्त में कुल आयात बढ़कर 64.36 अरब हो गया जो जून 2022 में 64.35 अरब के पिछले रेकॉर्ड से थोड़ा अधिक है। जुलाई में पेश बजट में सोने पर आयात शुल्क 15 फीसदी से घटाकर छह फीसदी कर दिया गया था।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि हाई प्राइस, सीमा शुल्क में कमी और त्यौहारी सीजन से पहले स्टॉकिंग के कारण आयात में बढ़ोतरी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक उच्च टैरिफ के कारण पहले देश में तस्करी से काफी सोना आता था। अब इसका कुछ हिस्सा अब कानूनी तरीकों से आ रहा है। इस कारण व्यापार घाटा बढ़कर 29.7 अरब डॉलर हो गया। पिछले साल अक्टूबर में यह रेकॉर्ड 30.4 अरब डॉलर रहा था। बर्थवाल ने कहा कि यह एक उभरती हुई बाजार अर्थव्यवस्था के




लिए यह चिंता का विषय नहीं है। एक ऐसी इकॉनमी से भारी खपत मांग आ रही है जो ग्लोबल इकॉनमी से दोगुनी रफ्तार से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे निर्यात बढ़ता है और आप ग्लोबल वैल्यू चेन में शामिल होते हैं। आपको एक्सपोर्ट करने के लिए कुछ चीजों का आयात करना पड़ता है। जहां तक विदेशी मुद्रा भंडार की बात है, तो ये पूरी तरह से सामान्य है। निर्यात में गिरावट मुख्य रूप से तेल की कीमतों में गिरावट के साथ-साथ रत्न और आभूषणों की कम मांग और चावल के निर्यात की वजह से हुई है, जिसे सरकार द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। जुलाई 2023 के बाद से निर्यात में सबसे तेज गिरावट आई है। तब एक्सपोर्ट में 9.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

कच्चे तेल की कम कीमतों से आयात 32 प्रतिशत घटकर 11 अरब डॉलर रह गया, जबकि पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात लगभग 38 प्रतिशत घटकर 6 अरब डॉलर रह गया। बर्थवाल ने कहा कि मौजूदा वैश्विक स्थिति निर्यात के लिए एक बड़ी चुनौती है। वैश्विक स्तर पर काले बादलों के बावजूद, भारत एक ब्राइट स्पॉट है। कई देशों में आयात में गिरावट देखी गई है, जिसका असर निर्यात पर पड़ रहा है। अमेरिका और यूरोप में मांग कमजोर बनी हुई है, जबकि चीन मंदी के दौर से गुजर रहा है।

## विजुअल इफेक्ट्स लीजेंड स्काउट रोज डीजीकोर के एडवाइजरी बोर्ड में शामिल

**मुंबई,** 16 सितंबर, 2024: परियोजनाओं के विभिन्न रेंज के लिए विजुअल इफेक्ट्स डिलीवर करने में स्पेशलाइज्ड रखने वाली, डीजीकोर स्टूडियोज लिमिटेड (एनएससी : डिजीकोर) ने अपने एडवाइजरी बोर्ड में विजुअल इफेक्ट्स उद्योग की एक अग्रणी पर्सनालिटी, डॉ. स्काउट रोज की नियुक्ति की घोषणा की है. चार दशक के अपने कैरियर के साथ डॉ. स्काउट रोज अपने साथ डिजीकोर में अतुलनीय एक्सपर्टीज, विजन और कुशाग्र व्यूहात्मक ज्ञान लाएंगे क्योंकि कंपनी निरंतर वैश्विक मनोरंजन क्षेत्र में अपनी पहुंच बढ़ा रही है.

डॉ. रोज ने 1974 में हॉफस्ट्रा यूनिवर्सिटी से कम्युनिकेशन आर्ट्स में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री के साथ मीडिया और डिजिटल इफेक्ट्स में अपनी यात्रा शुरू की, बाद में 1997 में हॉनररी डायरेक्टरेट प्राप्त किया. वे विजनरी फिल्म निर्माता, जेम्स कैमरोन और स्पेशल इफेक्ट्स माएस्ट्रो, स्टेन विनस्टोन के साथ 1993 में डिजिटल डोमेन की सहस्थापना के लिए विख्यात हैं. सीईओ और चेयरमैन के रूप में डॉक्टर रोज ने डिजिटल डोमेन को विजुअल इफेक्ट्स उद्योग के पथप्रदर्शक के रूप में आगे बढ़ाया है.उनके मार्गदर्शन के तहत कंपनी ने अभूतपूर्व कार्य किया है जिससे कई एकादमिक पुरस्कारों सहित अनेक सम्मान प्राप्त हुए हैं. टाइटेनिक (1997) ने डिजिटल डोमेन के लिए उसका प्रथम ऑस्कर लाया. इसके



बाद व्हाट ड्रीम्स मे कम (1998) के लिए दूसरा ऑस्कर प्राप्त हुआ .स्टूडियो को ट्रू लाइज, अपोलो 13 और 1, रोबोट के लिए नामांकन भी प्राप्त हुआ है.

डिजिटल डोमेन से पहले उन्होंने जनरल मैनेजर के रूप में और उसके बाद लुकास फिल्म में लुकास आर्टस एंटरटेनमेंट ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट के तौर पर सेवा प्रदान की. यहां पर उनके जिम्मे इंडस्ट्रियल लाइट एवं मैजिक (आईएलएम) और स्काईवॉकर साउंड का कार्य था. उनके कार्यकाल के दौरान आईएलएम ने विजुअल इफेक्ट्स के लिए पांच अकादमी अवार्ड प्राप्त किया.

डिजिटल डोमेन के बाद डॉ. रोज ने बीजिंग फिल्म अकादमी, लेनोवो, डी ताओ मास्टर अकादमी, आईल्यूजन में एडवाइजरी भूमिकाओं के मार्फत मीडिया उद्योगों को निरंतर प्रभावित किया है. उन्होंने ट्रोजन हॉर्स की भी सहस्थापना की, जो यूनिकॉर्न, माल्टा में एक प्रमुख डिजिटल आर्टिस्ट कॉन्फ्रेंस था.

डॉ. स्काउट रोज अकादमी ऑफ़ द मोशन पिक्चर आर्ट एंड साइंसेस (आस्कार्ड्स) और अकादमी ऑफ़ टेलीविज़न आर्ट एंड साइंसेस (एमीस) के सदस्य हैं. एक विचारक लीडर के रूप में उन्होंने क्रिएटिविटी, टेक्नोलॉजी और डिजिटल मीडिया के भविष्य पर विचार व्यक्त करते हुए 30 देश में व्याख्यान दिया है. उनकी स्पेशियल्टी में एग्जीक्यूटिव लीडरशिप, विजुअल इफेक्ट्स प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ड्राइवन मीडिया इनोवेशन का समावेश है. उनके पास टाइटेनिक, टर्मिनेटर 2 : जजमेंट डे, अपोलो 13 और सेकंड हैंड लायंस सहित 100 और कमर्शियल का अनुभव है.

अपना उत्साह व्यक्त करते हुए डीजीकोर स्टूडियोज लिमिटेड के डायरेक्टर, श्री अभिषेक मोरे ने कहा, हम हमारे एडवाइजरी बोर्ड में डॉक्टर स्काउट रोज का स्वागत करते हुए सम्मानित महसूस कर रहे हैं. डिजिटल इफेक्ट्स क्रांति में एक अग्रणी के तौर पर डॉक्टर रोज ने आधुनिक सिनेमा के विजुअल स्टोरी लाइनिंग को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है और फिल्म इतिहास में एक विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है. उनकी अंतर्दृष्टि नए क्रिएटिव फ्रंटियर की तलाश करने में और विजुअल इफेक्ट्स और डिजिटल प्रोडक्शन में लीडर के रूप में हमारी पोजीशन की फिर से पुष्टि करने में निःसंदेह रूप से हमारी मदद करेगी. अपने व्यापक अनुभव और उल्लेखनीय उद्योग सम्मानों के साथ हमें विश्वास है कि स्काउट के साथ काम करना हमारे लिए सीखने का उल्लेखनीय सुअवसर होगा.

# 400 टेस्ट विकेट हासिल करने के राह पर टिम साउदी, चाहिए मात्र 20 विकेट

## रिचर्ड हेडली के बाद न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे

**गॉल, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी को लगता है कि टेस्ट प्रारूप में 400 विकेट का आंकड़ा छूना आसान नहीं है। 380 विकेट ले चुके साउदी को इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए 20 विकेट ही चाहिए। ऐसा कर वह टेस्ट फॉर्मेट में 400 विकेट लेने वाले 18वें और रिचर्ड हेडली के बाद न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे। हालांकि 35 वर्षीय साउदी को लगता है कि 400 विकेट की उपलब्धि अभी भी उनसे कुछ दौरे दूर है, खासकर एशिया का दौरा, जहां स्पिनर लाल गेंद वाले क्रिकेट पर हावी होने के लिए पसंदीदा हैं।

साउथी ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि हर खेल में आप बाहर जा रहे हैं और अपनी भूमिका निभाने और अपनी टीम के लिए कुछ विकेट लेने की कोशिश कर रहे हैं, और यह अच्छा होगा यदि आप उन मील के पत्थर को हासिल करते हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ, जब आप लंबी अवधि के लिए खेलते हैं, तो मुझे लगता है, आप उसके करीब पहुंचने में सक्षम होते हैं, लेकिन फिर भी 20 विकेट दूर रहने के मतलब अभी आपके सामने बहुत सारे दौरे हैं।

ऐसे में अधिकांश विकेट स्पिनर के पास जाने की उम्मीद है। फिर भी साउथी को लगता है कि श्रृंखला में तेज गेंदबाजों की भूमिका होगी, भले ही यह एक कठिन चुनौती है। साउथी ने कहा कि मुझे लगता है कि ऐतिहासिक रूप से, यहां, विशेष



रूप से गॉल में, स्पिन ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। लेकिन तेज गेंदबाज के रूप में, यदि आप यहां आकर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, तो यह एक कठिन चुनौती है, लेकिन बहुत फायदेमंद चुनौती है।

न्यूजीलैंड इस साल मार्च के बाद अपना पहला टेस्ट खेलेगा। ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान बारिश की वजह से श्रीलंका श्रृंखला की तैयारी की उनकी उम्मीदें बर्बाद हो गईं।साउदी ने कहा कि हां, यह निराशाजनक था (अफगानिस्तान के खिलाफ नहीं खेलना), लेकिन हमने फिर भी एक सप्ताह (भारत में) बिताया, जिससे हमें कुछ सकारात्मक चीजें मिलीं। हमें यहां कुछ प्रशिक्षण मिला।

## पंजाब किंग्स के मुख्य कोच बने रिकी पोंटिंग

**मोहाली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग को आईपीएल 2025 सीज़न के लिए अपनी टीम का प्रमुख कोच बनाया है। इससे पहले वह पिछले सात साल तक दिल्ली कैपिटल्स के कोच थे और दो महीने पहले ही दोनों की राहें जुदा हुई थीं। जानकारी के अनुसार पोंटिंग ने पंजाब किंग्स के साथ एक से अधिक साल का क़रार किया है और अब वह ही अपने कोचिंग स्टाफ़ के अन्य सदस्यों का चयन करेंगे। फ़िलिहाल पंजाब के कोचिंग स्टाफ़ में ट्रेवर बेलिस (मुख्य कोच), संजय बांगर (क्रिकेट सुधार प्रमुख), चार्ल लैंग्वेल्ट (तेज़ गेंदबाज़ी कोच) और सुनील जोशी (स्पिन गेंदबाज़ी कोच) हैं। अब देखना होगा कि इन्हें पोंटिंग की नई टीम में जगह मिलती है या नहीं। पंजाब किंग्स ने 2024 में 9वें स्थान पर अपने अभियान को समाप्त किया था। 2014 से पंजाब किंग्स की टीम प्लेऑफ़ के लिए क्वालिफ़ाई नहीं कर पाई है। पोंटिंग की पहली चुनौती उन खिलाड़ियों का चयन करना होगा, जो इस साल बड़ी नीलामी से पहले रिटेन किए जाएंगे। इसके बाद बड़ी नीलामी उनकी दूसरी चुनौती होगी। शिखर धवन के संन्यास लेने के बाद कप्तान का चुनाव भी पोंटिंग के लिए एक और सिरदर्द होगा। पिछले साल हर्षल पटेल, शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था, वहीं उनके पास जितेश शर्मा, अर्शदीप सिंह और राहुल चाहर जैसे भारतीय खिलाड़ी जबकि सैम करन, लियाम लिविंगस्टन, जॉनी बेयरस्टो और कैगिसो रबाडा जैसे विदेशी नाम हैं। पोटिंग दिल्ली से पहले मुंबई इंडियन के साथ 2013 से 2016 के बीच सलाहकार और फिर मुख्य कोच के रूप में जुड़े थे।



## वनडे फॉर्मेट में अपना 100वां मैच खेलेंगे एडम जम्पा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की आगामी वनडे सीरीज का पहला मैच 19 सितंबर को इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेला जाएगा। इस मुकाबले में एडम जम्पा इस फॉर्मेट में अपना 100वां मैच खेलेंगे। इस उपलब्धि को हासिल करने के करीब पहुंचने पर जम्पा ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह अपने देश के लिए वनडे में इतने मैच खेल पाएंगे। वे 100 वनडे खेलने वाले 32वें ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। साथ ही शेन वॉर्न और ब्रैड हॉग के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे सिर्फ तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर बन जाएंगे। इस खास मौके पर उनकी पत्नी हेरिएट, बेटा यूजीन और माता-पिता डैरेन और एलिसन ट्रेंट ब्रिज में मौजूद रहेंगे। जम्पा ने कहा, मैं 100 वनडे मैच खेलने पर गर्व महसूस कर रहा हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऑस्ट्रेलिया के लिए इतना खेलूंगा। जब आप देखते हैं कि आजकल लोग कितने वनडे मैच खेलते हैं, तो बहुत कम लोग 100 मैच खेल पाते हैं। 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में निश्चित रूप से बहुत अधिक वनडे क्रिकेट खेला जाता था और कोई टी20 मैच नहीं होता था। मैं कुल मिलाकर 200 अंतरराष्ट्रीय मैच (191) खेलने के करीब पहुंच रहा हूं, इसलिए मुझे इतना खेलने की उम्मीद नहीं थी। 99 वनडे मैचों में इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने 28.05 की औसत और 5.47 की इकॉनमी रेट से 169 विकेट लिए हैं। हालांकि जम्पा 2021 और 2023 में ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रमशः टी20 विश्व कप और वनडे विश्व कप विजेता रहे हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि अधिक विश्व कप जीतने की चाह अभी भी उनके अंदर है। खासकर 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप पर उनका पूरा फोकस है।




केएल राहुलः

# टीम इंडिया का क्राइसिस मैन, क्यों बन गया सॉफ्ट टारगेट ?

**चेन्नई, एजेंसी।** टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट गुरुवार (19 सितंबर) से चेन्नई में खेला जाएगा। यह मुकाबला लाल मिट्टी की पिच पर खेला जाएगा, जो तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। हालांकि, वक्त के साथ-साथ पिच का मिजाज भी बदलेगा। पिच, प्लेइंग-11 और टीम कॉम्बिनेशन को लेकर कई बातें उठी लेकिन इस बीच केएल राहुल का जिक्र भी हुआ। सवाल यह है कि आखिर टीम इंडिया का क्राइसिस मैन, हर किसी का सॉफ्ट टारगेट क्यों बन गया ? दोनों टीमों को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। इन सबके बीच कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस की। पीसी में रोहित से केएल राहुल और सरफराज खान को लेकर सवाल किया गया। रोहित ने सीधे तौर पर राहुल का समर्थन किया। लेकिन सोचने वाली बात ये है कि हर सीरीज शुरू होने के पहले टीम में केएल राहुल की पोजीशन पर सवाल आखिर क्यों? इसका एक सबसे बड़ा कारण है कि लंबे समय तक खराब फॉर्म से जूझ रहे केएल राहुल को टीम ने हमेशा सपोर्ट किया और उन्हें मौके दिए। हालांकि, वो दौर अब बीत चुका है और केएल राहुल काफी हद तक टीम में जगह बनाने के हकदार हैं। कोच या कप्तान



ने उन्हें इसलिए भी बैक किया था क्योंकि ये वो बल्लेबाज है जो हर पैमाने में खुद को फिट करने की क्षमता रखता है। ओपनिंग से लेकर नंबर-5 तक बल्लेबाजी करना, विकेटकीपिंग संभालना और कई मौकों पर टीम की कप्तानी भी करना। यह सब रोल केएल राहुल निभा चुके हैं। एक समय था जब उन्हें टीम इंडिया का स्टेपनी कहा जाता था। हालांकि, राहुल पिछले कुछ वर्षों में एक सॉफ्ट टारगेट बन चुके हैं, फॉर्मेट चाहे जो भी हो। लेकिन जब-जब राहुल पर सवाल किया गया है उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को जवाब दिया है। इस बल्लेबाज के करियर के शुरुआत दौर में उन्हें अगला विराट कोहली माना जाता था। लेकिन कई मौकों पर उनके शरीर और किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया। खास तौर पर इंजरी के बाद कमबैक कर रहे राहुल का बल्ला काफी समय तक खामोश रहा। कई मौकों पर उनकी धीमी बल्लेबाजी भी परेशानी का सबब रही। लेकिन वनडे विश्व कप 2023 में कई मौकों पर यही बल्लेबाज टीम के लिए खड़ा रहा था।

चाहे विदेशी जमीन हो या घरेलू सीरीज, हर जगह खुद को इतनी बार साबित करने के बाद भी राहुल की तुलना युवा सरफराज खान के साथ करना कितना ठीक है?

## आज कल रिटायरमेंट मज़ाक..., क्या टी20 से संन्यास वापस लेंगे रोहित शर्मा? हिटमैन ने दिया ये जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा टी20 से संन्यास ले चुके हैं. भारत को 2024 टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जिताने के बाद रोहित शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया था. इसके बाद रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में टी20 जैसी बैटिंग की, जिसके बाद चर्चा होने लगी थी कि शायद रोहित टी20 से संन्यास वापस ले लें. पर अब उन्होंने संन्यास से यू-टर्न पर मजेदार जवाब दिया है.



बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले रोहित शर्मा ने जियो सिनेमा पर कहा, इन दिनों संन्यास वर्ल्ड क्रिकेट में एक मज़ाक बनकर रह गया है. लोग संन्यास की घोषणा करते हैं, लेकिन फिर खेलने के लिए लौट आते हैं. भारत में ऐसा नहीं हुआ है. हालांकि, मैं अन्य देशों के खिलाड़ियों को देख रहा हूं, वे संन्यास का एलान करते हैं, लेकिन फिर यू-टर्न ले लेते हैं. इसलिए आपको कभी पता नहीं चलता कि वास्तव में किसी ने संन्यास ले लिया है या नहीं. रोहित अपने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास को लेकर कहते हैं, ÷मेरा फैसला अंतिम है और मैं बहुत स्पष्ट हूं. यह टी20 इंटरनेशनल को अलविदा कहने का सही समय था. मैं संन्यास वापस नहीं ले रहा हूं. रोहित ने यह भी बताया कि टी20 फॉर्मेट खेलना उन्हें काफी पसंद था.

एफआईएच हॉकी स्टार्स अवार्डः

## हरमनप्रीत और पीआर श्रीजेश एफआईएच हॉकी वार्षिक पुरस्कार के लिए नामित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान हरमनप्रीत ने इस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल किए थे। वह इस ओलंपिक में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। इस पुरस्कार की दौड़ में हरमनप्रीत के अलावा थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैंड) शामिल हैं। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया है। वहीं, पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के पुरस्कार के लिए नामित किया है। दोनों ने पेरिस ओलंपिक में भारत के शानदार अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और टीम को कांस्य पदक दिलाया था। कप्तान हरमनप्रीत ने इस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल किए थे। वह इस ओलंपिक में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। इस पुरस्कार की दौड़ में हरमनप्रीत के अलावा थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैंड) शामिल हैं। अपने आखिरी टूर्नामेंट में खेलते हुए अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार गोलकीपिंग की थी। भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया था। वहीं, श्रीजेश का मुकाबला पिरमिन ब्लैक (नीदरलैंड), लुइस कैलजाडो (स्पेन), जीन-पॉल डैनबर्ग (जर्मनी), टॉमस सैंटियागो (अर्जेंटीना) है। एफआईएच ने अपनी वेबसाइट पर इस सूची को जारी करते हुए कहा- नामांकन हासिल करने वालों का चयन एक विशेष समिति द्वारा किया गया है जिसमें प्रत्येक महाद्वीपीय संघ द्वारा चुने गए खिलाड़ी, कोच और अधिकारी शामिल हैं। इस सूची को अंतिम रूप देने से पहले विशेषज्ञ समिति को 2024 में आयोजित सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों के मैच डेटा मुहैया कराए गए थे। इसमें टेस्ट मैच, एफआईएच हॉकी प्रो लीग, एफआईएच हॉकी नेशंस कप, एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर और पेरिस ओलंपिक 2024 के मुकाबले शामिल थे।

## कुलदीप यादव पहली बार खेल सकते हैं लगातार 5 टेस्ट, ये है भारत-बांग्लादेश की संभावित प्लेइंग 11

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर 19 सितंबर से खेले जाने वाले मैच से होगी। भारत की नजरें दो टेस्ट मैच की सीरीज जीतकर घरेलू सरजमीं पर अपने दबदबे को बरकरार रखने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत करने पर टिकी होंगी। भारतीय क्रिकेट टीम 10 टेस्ट के सीजन की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगा, जिससे उसका डब्ल्यूटीसी फाइनल का दावा मजबूत बना रहे।

दोनों टीमों के बीच पिछली टेस्ट सीरीज में भारत ने बांग्लादेश का सूपड़ा साफ कर दिया था। चेन्नई की पिच पर भारत को दो स्पिनर्स के रूप में रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के साथ खेलने की अनुमति मिल सकती है। बीसीसीआई की घरेलू सीजन में तेज गेंदबाजों को रोटेट करने की योजना को देखते हुए 2-3 संयोजन के साथ बने रहने की संभावना है।



ऐसे में कुलदीप यादव को करियर में पहली बार लगातार पांच टेस्ट खेलने का मौका मिल सकता है। हालांकि, टीम मैनेजमेंट को यह फैसला करना होगा कि एमए चिदंबरम स्टेडियम की लाल मिट्टी की पिच पर आकाशदीप या यश दयाल में से किसी एक को तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में खिलाए या फिर घरेलू टेस्ट में तीन स्पिनर्स के साथ उतरने की प्रवृत्ति को बरकरार रखते हुए कुलदीप यादव को मौका दे। जसप्रीत बुमराह प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। भारतीय क्रिकेट टीम मोहम्मद सिराज की जगह आकाशदीप को आजमा सकती है। यह इसलिए भी है ताकि एक अनुभवी तेज गेंदबाज उपलब्ध रहे और दूसरा आराम करे। केएल राहुल को मध्यक्रम में सरफराज खान पर तरजीह दी जा सकती है। हालांकि, भारत के बल्लेबाजों को स्पिन के खिलाफ अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

## 400 टेस्ट विकेट हासिल करने के राह पर टिम साउदी

**गॉल, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी को लगता है कि टेस्ट प्रारूप में 400 विकेट का आंकड़ा छूना आसान नहीं है। 380 विकेट ले चुके साउदी को इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए 20 विकेट ही चाहिए। ऐसा कर वह टेस्ट फॉर्मेट में 400 विकेट लेने वाले 18वें और रिचर्ड हेडली के बाद न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे। हालांकि 35 वर्षीय साउदी को लगता है कि 400 विकेट की उपलब्धि अभी भी उनसे कुछ दौरे दूर है ।

## लीजेंड्स लीग में प्रदर्शन के लिए फॉर्म में रहना जरूरी है : रैना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना है कि लीजैंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) जैसे प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को शीर्ष फॉर्म में रहना होता है। एलएलसी का तीसरा सत्र 20 सितंबर से शुरू होगा जिसमें शिखर धवन और दिनेश कार्तिक जैसे हाल ही में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले खिलाड़ी भी भाग लेंगे। रैना ने कहा कि एलएलसी काफी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है।

आप अलग अलग जगहों पर अलग अलग विकेटों पर खेल रहे हैं। इसमें कई सुपरस्टार हैं। आपको इरफान पठान, युसूफ पठान, क्रिस गेल, अंबाती रायुडू, रॉबिन उथप्पा और मुझे खेलते देखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि छक्का लगाने के लिये फिट होना जरूरी है। गेंदबाज को चार अच्छे ओवर डालने हैं।




किसी के लिए ऐसी लीग में खेलना आसान नहीं है। ऐसा नहीं है कि आप रिटायर हुए और इसमें खेलने आ गए। अब इसके लिए भी काफी प्रतिस्पर्धा है। रैना ने इस दौरान बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज पर भी बात की। उन्होंने कोहली की वापसी पर बात करते हुए कहा कि डब्ल्यूटीसी में भारत लगभग 10 मैच खेलेगा और मेरा मानना है कि विराट इस टेस्ट चक्र में ढेर सारे रन बनाएंगे। रैना बोले- टीम इंडिया के रोहित शानदार कप्तान हैं।

उन्होंने इसे तब साबित किया जब भारतीय टीम ने टी2ओ विश्व कप ट्रॉफी जीती। लेकिन ध्यान विराट कोहली की रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी पर होगा। उन्हें टेस्ट मैच पसंद हैं और वे उन्हें बहुत सम्मान देते हैं।

## पुरुषों के बराबर होगी महिला टी-20 वर्ल्डकप की इनामी राशि



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई सचिव जय शाह के आईसीसी के चेयरमैन का पद संभालने से पहले ही बदलाव की शुरुआत हो गई है। क्रिकेट की अंतरराष्ट्रीय संस्था आईसीसी ने मंगलवार को बड़ा ऐलान किया। आईसीसी ने बताया कि अगले महीने यूएई में होने वाले महिला टी20 वर्ल्ड कप की इनामी राशि इस साल हुए पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के बराबर होगी। यह रकम बीते साल हुए महिला वर्ल्ड कप से दोगुनी है। इसे दोनों वर्ग के बीच समानता के तौर पर देखा जा रहा है।

महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में हारने वाली टीम भी मालामाल हो जाएगी। आईसीसी के ऐलान के मुताबिक महिला टी20 वर्ल्ड कप के उपविजेता को अब 17 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 14 करोड़ 24 लाख रुपये) दिए जाएंगे। पिछली बार उपविजेता को पांच लाख अमेरिकी डॉलर (करीब चार करोड़ 18 लाख रुपये) दिए गए थे।

आईसीसी के अनुसार महिला टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम को इस बार करीब 19 करोड़ 60 लाख रुपये मिलेंगे।

# फिर टेंशन में एकनाथ शिंदे सरकार, चुनाव से पहले मनोज जरांगे अनशन पर बैठे



**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने अपने समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है। जरांगे का एक साल से अधिक की अवधि में यह छठा अनशन है। उन्होंने छत्रपति संभाजीनगर से लगभग 75 किलोमीटर दूर जालना जिले के अपने पैतृक स्थान अंतरवाली सराटी गांव में मध्य रात्रि से अनशन शुरू किया। अपने आंदोलन से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार पर समुदाय को जानबूझकर आरक्षण नहीं देने का आरोप लगाया और कहा कि मराठा अपनी मांगों को पूरा करने के लिए उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को 'एक और मौका' दे रहे हैं।

उन्होंने सत्तारूढ़ दलों को चेतावनी भी दी कि यदि समुदाय की मांगें पूरी नहीं की गईं तो उन्हें आगामी विधानसभा चुनावों में इसके परिणाम भुगतने होंगे। जरांगे उस मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं, जिसमें कुनबी समुदाय को मराठा समुदाय के सदस्यों के 'सगे सोयरे (रक्त संबंधी) के रूप में मान्यता दी गई है और उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण दिया गया है।

जरांगे ने कहा कि वह यह भी चाहते हैं कि उनके आंदोलन के दौरान मराठा समुदाय के कई सदस्यों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाएं। उन्होंने कहा, मराठा समुदाय मेरे लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन सरकार जानबूझकर आरक्षण नहीं दे रही है। इसके अलावा, वे कहते हैं कि हम राजनीतिक भाषा बोल रहे हैं...मैं अब राजनीतिक भाषा नहीं बोलूंगा, लेकिन यह उप मुख्यमंत्री फडणवीस के लिए एक और मौका है।

उन्होंने कहा, मेरा समुदाय राजनीति में प्रवेश नहीं करना चाहता। सरकार को अध्यादेश पारित करना चाहिए कि मराठा और कुनबी एक ही हैं। 2004 में पारित अध्यादेश में सुधार किया जाना चाहिए। 'रक्त संबंधियों' की अधिसूचना तुरंत लागू की जानी चाहिए। जारी किए गए प्रमाण पत्रों के आधार पर जो भी इसकी मांग करता है, उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाना चाहिए। आंदोलनकारियों पर दर्ज मामले वापस लिए जाने चाहिए।

जरांगे ने कहा कि फडणवीस का समर्थन करने वाले नेताओं को उनसे बात करनी चाहिए। समुदाय देख रहा है कि आरक्षण कौन देगा। उन्होंने चेतावनी दी कि बाद में किसी भी परिणाम के लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। पिछले वर्ष एक सितंबर के बाद से यह उनका छठा अनिश्चितकालीन अनशन है। जरांगे ने 'सगे सोयरे (रक्त संबंधी) अधिसूचना के मसौदे पर सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए पूर्ववर्ती हैदराबाद और सतारा रियासतों तथा बॉम्बे प्रेसीडेंसी के दौर के गजट को लागू करने की मांग की।

उन्होंने कहा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी से (शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए) फॉर्म भरने वाले छात्रों को बिना किसी कारण के हटाया जा रहा है। इसे रोका जाना चाहिए। ईडब्ल्यूएस, ओबीसी और सामाजिक तथा आर्थिक रूप से पिछड़ों (एसईबीसी) के लिए सभी तीन विकल्प खुले रखे जाने चाहिए।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उचाना क्षेत्र में दो चौधरियों की साख दांव पर लगी



**चंडीगढ़, एजेंसी।** उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र बांगर का गढ़ माना जाता है। चौधरियों के बीच ही यहां हर बार मुकाबला होता रहा है। इस बार भी चौटाला परिवार की चौथी पीढ़ी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और कांग्रेस की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह बीच मुकाबला है।

हरियाणा का उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र बांगर का गढ़ माना जाता है। चौधरियों के बीच ही यहां हर बार मुकाबला होता रहा है। इस बार भी चौटाला परिवार की चौथी पीढ़ी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और कांग्रेस की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह बीच मुकाबला है। भाजपा ने इन दोनों चौधरियों के बीच अपने युवा उम्मीदवार देवेंद्र अत्री को मैदान में उतारकर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। इसलिए राज्य की उचाना कलां सीट प्रदेश की हॉट सीट बन गई है। वजह, इस सीट पर दुष्यंत चौटाला और बीरेंद्र सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

दुष्यंत चौटाला या बृजेंद्र दोनों में से जो कोई भी हारा उसके परिवार के राजनीतिक भविष्य पर संकट गहरा सकता है। तो वहीं दूसरी तरफ, भाजपा के युवा उम्मीदवार देवेंद्र अत्री के लिए यह स्वर्णिम मौका है। देवेंद्र अत्री अगर इन दोनों दिग्गजों को हराकर जीत हासिल करने में कामयाब रहे, तो वह हरियाणा की राजनीति में एक बड़े चेहरे के रूप में स्थापित हो जाएंगे। इस सीट पर पिछले 15 साल से चौटाला परिवार और बीरेंद्र सिंह के परिवार के बीच ही मुकाबला होता रहा है। दो बार चौटाला परिवार और एक बार बीरेंद्र सिंह का परिवार यहां से चुनाव जीता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम विष्णुदेव साय से मिले केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी



**रायपुर , एजेंसी।** राजधानी रायपुर स्थित सीएम आवास में आज केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की. मुख्यमंत्री साय ने शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी का अपने निवास में स्वागत किया. सेल और एनएमडीसी का प्रोडक्शन बढ़ाने पर चर्चा : मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी के साथ अनौपचारिक चर्चा के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की. इस दौरान सेल और एनएमडीसी का प्रोडक्शन बढ़ाने, दोनों उपक्रमों और राज्य सरकार के मध्य और बेहतर समन्वय से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया. मुख्यमंत्री, विष्णु देव साय ने कहा कि सेल व एनएमडीसी के सीएसआर मद के कार्यों को और अधिक गति देने की आवश्यकता है. नगरनार अंचल में स्थानीय युवाओं के कौशल उन्नयन के अधिक कार्य किए जाएं, ताकि युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर मिल सकें. छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर आए केन्द्रीय मंत्री कुमारस्वामी बस्तर के नगरनार स्टील प्लांट और भिलाई स्टील प्लांट का निरीक्षण करने के बाद आज राजधानी रायपुर पहुंचे. सेल के चेयरमेन अमरेन्दु प्रकाश, एनएमडीसी के सीएमडी अमिताव मुखर्जी, मुख्यमंत्री और खनिज साधन विभाग के सचिव पी.दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजू एस. और राहुल भगत, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक अनिर्बान दासगुप्ता भी इस मुलाकात के दौरान मौजूद रहे.

### मणिपुर के जिरीबाम जिले में गोलीबारी

**इंफाल, एजेंसी।** पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने सोमवार को इंफाल ईस्ट जिले के चानुंग और सी जौलेन गांव में तलाशी अभियान चलाया तथा कुछ हथियार और गोला बारूद बरामद किए। मणिपुर में जिरीबाम जिले के मोंगबुंग मेइती गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने मंगलवार शाम करीब सात बजे अत्याधुनिक हथियारों से गोलीबारी की, जिसके बाद गांव के स्वयंसेवकों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार इस गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को मौके पर भेजा गया जिसके बाद रात करीब आठ बजे गोलीबारी बंद हुई। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और ग्रामीणों से अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को सहयोग करने का आग्रह किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने ग्रामीणों के हवाले से बताया कि गांव में पिछले कुछ दिनों में हवा में कई ड्रोन उड़ते देखे गए हैं। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने सोमवार को इंफाल ईस्ट जिले के चानुंग और सी जौलेन गांव में तलाशी अभियान चलाया तथा कुछ हथियार और गोला बारूद बरामद किए।

### हरियाणाः आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 26.82 करोड़ रुपये की शराब, मादक पदार्थ जब्त

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का सख्ती से पालन किया जा रहा है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए 16 अगस्त को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से कानून प्रवर्तक एजेंसियों ने 26.82 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ, शराब और नकदी जब्त की। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जारी सभी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का सख्ती से पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को किसी भी तरह के प्रलोभन से प्रभावित होने से रोकने के लिए आयोग सख्त रुख अपना रहा है और विभिन्न एजेंसियां राज्य में अवैध शराब, नशीले पदार्थों और नकदी की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

## महाराष्ट्र वालों की बल्ले-बल्ले, 3 रूटों पर शुरू हो गई हैं वंदे भारत

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रेल लगातार वंदे भारत ट्रेनों की संख्या में इजाफा कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते सोमवार को वीडियो लिंक के माध्यम से महाराष्ट्र के लिए तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की हैं। इसके साथ ही राज्य में वंदे भारत एक्सप्रेस की कुल संख्या 11 हो गई है। भारतीय रेलवे के अनुसार, नई लॉन्च की गई ट्रेनें नागपुर-सिकंदराबाद, कोल्हापुर-पुणे और पुणे-हुबली रूट पर चलेंगी।

इन ट्रेनों की शुरुआत से पहले महाराष्ट्र में पश्चिम रेलवे और केंद्रीय रेलवे द्वारा संचालित आठ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही थीं। इन ट्रेनों में पश्चिम रेलवे मुंबई-अहमदाबाद और मुंबई-गांधीनगर रूट पर वंदे भारत को संचालित करता है, जबकि केंद्रीय रेलवे मुंबई-मडगांव, मुंबई-सोलापुर, मुंबई-साईं नगर शिरडी, मुंबई-जालना, नागपुर-रायपुर, और नागपुर-बिलासपुर रूट पर वंदे भारत ट्रेनों का संचालन करता है। अब जब नई ट्रेनें फिर से खुल गई हैं तो इन क्षेत्रों में रेलवे कनेक्टिविटी यात्रियों के लिए और सुलभ हो गई हैं।

यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। पुणे से यह 2:15 बजे दोपहर को रवाना होगी और कोल्हापुर 7:40 बजे शाम को पहुंचेगी। वापसी में कोल्हापुर से यह 8:15 बजे सुबह रवाना होकर पुणे 1:30 बजे दोपहर को पहुंचेगी। इस वंदे भारत ट्रेन का पड़ाव मिराज, सांगली, किर्लोसकरवाडी, कराड, और सातार जैसे स्टेशनों पर होगा। यह ट्रेन प्रत्येक गुरुवार, शनिवार और सोमवार को चलेगी। पुणे से यह 4:15 बजे शाम को रवाना होकर हुबली 11:40 बजे रात को पहुंचेगी। वापसी में हुबली से यह 5:00 बजे सुबह रवाना होकर पुणे 1:30 बजे दोपहर को पहुंचेगी। इस ट्रेन का सातार, सांगली, मिराज, बेलगावी, और धारवाड़ में स्टॉपेज होगा।

**नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेसः** यह ट्रेन मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। नागपुर से यह 5:00 बजे सुबह रवाना होकर सिकंदराबाद 12:15 बजे दोपहर को पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन सिकंदराबाद से 1:00 बजे दोपहर को रवाना होकर नागपुर 8:20 बजे रात को पहुंचेगी। सेवाग्राम, चंद्रपुर, बल्लारशाह, रामगुंडम, और काजीपट जैसे स्टेशनों पर पर इस ट्रेन का पड़ाव है।

## नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच नई राह में 90 मीटर जमीन बनी अड़चन, सड़क बनने से बचेगा 10 किमी का चक्कर



**नोएडा-ग्रेटर , एजेंसी।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच नया रास्ता बनाने के लिए हिंडन पुल को सड़क से जोड़ने का काम चल रहा है। इस सड़क को बनाने के लिए 90 मीटर जमीन नहीं मिलने परियोजना में अड़चन बन रही है। किसान ने सीधे प्राधिकरण को जमीन देने से इनकार कर दिया है।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच आने-जाने के लिए अभी एक्सप्रेसवे, डीएससी रोड, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और बिसरख होते हुए मुख्य रास्ते हैं। इन सभी रास्तों पर वाहनों का दबाव काफी रहता है। इसके कारण परी चौक पर वाहनों का दबाव कम करने के लिए कुछ वर्ष पहले सेक्टर-146 हिंडन पुल के जरिये नई कनेक्टिविटी देने का निर्णय लिया गया था। यह सड़क सीधे ग्रेटर नोएडा के एलजी गोलचक्कर पर मिलेगी। इसके लिए नोएडा की ओर करीब 800 मीटर सड़क बनाने का काम किया जाना है। इसमें दो कलवर्ट भी बनाए जाने शामिल हैं। इस परियोजना पर करीब 32 करोड़ रुपये का खर्च आना अनुमानित है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सड़क बनाने का काम चल रहा है। यहां करीब 200 मीटर हिस्से में मिट्टी और पत्थर डालने का काम पूरा किया जा चुका है। बीते दिनों लगातार बारिश की वजह से आगे के हिस्से में मिट्टी नहीं डाली जा सकी है। अभी तक करीब 20 प्रतिशत काम हो चुका है। इस काम को अगस्त 2025 तक पूरा करने की डेडलाइन है। इस सड़क के काम में रफ्तार मिलने में 90 मीटर जमीन अड़ंगा बन गई है। जिस हिस्से में यह सड़क बननी है, उसमें जमीन का यह टुकड़ा आड़े आ रहा है। झट्टा गांव के एक किसान की यह जमीन है। प्राधिकरण के अधिकारियों और किसान के बीच पिछले छह महीने में चार-पांच बैठक हो चुकी हैं, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। प्राधिकरण इस जमीन को सीधे बैनामा के रूप में लेना चाहता है, जबकि किसान इसके बदले दूसरी जगह जमीन और अन्य मांग कर रहा है। इस पर प्राधिकरण तैयार नहीं है।

## जानलेवा हमले से बाल-बाल बचे डोनाल्ड ट्रंप ने की कमला हैरिस की तारीफ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने प्रतिद्वंद्वी और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की तारीफ की है। ट्रंप ने कहा कि उन पर हुए जानलेवा हमले के बाद कमला हैरिस ने उन्हें फोन किया था। हम दोनों के बीच बहुत अच्छी बातचीत हुई। बता दें कि इससे पहले ट्रंप ने खुद पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और कमला हैरिस की आलोचना की थी। ट्रंप समर्थक और टेक अरबपति एलन मस्क ने तो सोशल मीडिया पर बाइडेन और कमला हैरिस पर विवादित पोस्ट करते हुए कहा था कि उन दोनों पर हमले क्यों नहीं हो रहे हैं

बीते रविवार की दोपहर डोनाल्ड ट्रंप जब फ्लोरिडा में अपने ही एक गोल्फ क्लब में गोल्फ खेल रहे थे, तभी उनसे 400 गज दूर एक हमलावर एके-47 रायफल के साथ छिपा हुआ था। गनीमत से सुरक्षाकर्मी ने उसे देख लिया। हालांकि गोलीबारी के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। आरोपी को पकड़ लिया गया। मामले की जांच एफबीआई कर रही है। जांच एजेंसी का कहना है कि ट्रंप पर जानलेवा हमले का प्रयास था लेकिन, सुरक्षाकर्मियों की मुस्तैदी से विफल कर दिया गया। ट्रंप ने भी बाद में हमले के बाद कहा कि उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी थी और वे पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने समर्थकों को अपने संदेश में कहा कि वे इस तरह की घटनाओं से सरेंडर नहीं करेंगे।

## अफ्रीकी देश में माली में आर्मी ट्रेनिंग कैंप पर आतंकी हमला



**बमाको , एजेंसी।** अफ्रीकी देश माली की राजधानी बामको में आतंकियों ने एक आर्मी ट्रेनिंग कैंप पर हमला कर दिया। एक बयान में माली सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। मंत्रलाय ने कहा है कि राजधानी बमाको में एक जेंडरमेरी कॉम्प्लेक्स पर हमला करने के आतंकवादियों के प्रयासों को विफल कर दिया गया है, स्थिति नियंत्रण में है। मंत्रालय ने कहा कि मंगलवार सुबह राजधानी बामको में आतंकियों ने फलाडी में जेंडरमेरी स्कूलों टारगेट किया गया था। हालांकि सुरक्षा बलों की कड़ी जवाबी कार्रवाई के चलते आतंकी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, माली के रक्षा मंत्रालय बयान जारी कर जनता को सुरक्षा का आश्वासन दिया है। सरकारी बयान मे कहा गया, स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

वहीं मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, गोलीबारी बमाको शहर से लगभग 15 किमी दक्षिण में मोदिबो कीता अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक जेंडरमेरी शिविर के आसपास हुई और स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 5 बजे शुरू हुई। इलाके में सड़कें अवरुद्ध की गईं। वर्ष 2012 से, माली स्वतंत्रता-समर्थक और जिहादी विद्रोह के साथ-साथ अंतर-सांप्रदायिक हिंसा के रूप में एक गहरे, बहुआयामी संकट का सामना कर रहा है, जिसमें हजारों लोग मारे गए हैं और सैकड़ों हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया, मंगलवार को, सशस्त्र चरमपंथियों ने माली की राजधानी बमाको में हवाई अड्डे के पास एक सैन्य प्रशिक्षण शिविर को निशाना बनाया, जिसके कारण हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद हो गया। विस्फोटों की सूचना मिली, और सरकार ने हवाई अड्डे को बंद करके जवाब दिया। एक सुरक्षा अधिकारी ने अनिर्दिष्ट हताहतों और क्षति का उल्लेख किया, जबकि फलादी जेंडर स्कूल में घुसपैठ करने का प्रयास करने वाले बंदूकधारियों के बाद एक स्वीप ऑपरेशन शुरू किया गया था। सेना ने पुष्टि की कि हमलावरों को बेअसर कर दिया गया था। सेना के प्रमुख ओमार दियारा ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर घोषणा की कि स्थिति नियंत्रण में है। हमला कई स्थानों पर हुआ, हालांकि विवरण प्रदान नहीं किए गए। अल-कायदा से जुड़े जेएनआईएम ने अपने मीडिया आर्म अज़ल्लाका के माध्यम से जिम्मेदारी का दावा करते हुए, महत्वपूर्ण नुकसान और विमान क्षति का दावा किया। एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने शिविर और हवाई अड्डे के बाहरी इलाके से दो विस्फोट और धुआं उठता देखा। एक सुरक्षा अधिकारी ने पुष्टि की कि हमलावर प्रशिक्षण शिविर में प्रवेश कर गए, जिससे जान-माल का नुकसान हुआ। घटना के दौरान कम से कम 15 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने रिपोर्टरों से बात करने के लिए अधिकार न होने के कारण गुमनाम रूप से बात की। हमले के बाद, माली के अधिकारियों ने हवाई अड्डे को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया।

## गाजा ने इजरायली हमलों में मारे गये 34,344 लोगों की पहचान जारी की



**रामल्लाह , एजेंसी।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इजरायली हमलों में मारे गए 34,344 फिलिस्तीनियों की पहचान जारी की है। मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने नाम, आयु, लिंग और पहचान संख्या की एक सूची प्रकाशित की है, जिसमें अब तक युद्ध में मारे गए 80 प्रतिशत से अधिक फिलिस्तीनियों के नाम शामिल हैं। सूची में शामिल नामों के अलावा इजरायल के साथ संघर्ष में मारे गये शेष 7,613 लोगों को मिलाकर मृतकों की संख्या अब 41 हजार से अधिक हो गई है। उनके शव अस्पतालों और मुर्दाघरों में रखे गए हैं, लेकिन अब तक पहचान नहीं हुई है।

पहचाने गए लोगों में 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमास हमलों के बाद पैदा हुए 169 बच्चे भी शामिल हैं। उसी हमले के बाद इजरायल की जवाबी कार्रवाई शुरू हुई जिसे अब लगभग एक साल हो गये हैं। साथ ही 1922 में पैदा एक व्यक्ति भी इस संघर्ष में मारा गया जिसने एक सदी से अधिक के अपने जीवन में कई युद्ध देखे थे।

गाजा के अधिकारियों द्वारा जारी दस्तावेज 649 पन्नों का है। मृतकों की सूची मुख्यतः उम्र के हिसाब से दी गई है। गाजा की आबादी युवा है। सूची में फिलिस्तीनी मरने वाले बच्चों के नामों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है।

इजरायली अधिकारी गाजा में अधिकारियों द्वारा दी गई मौतों की संख्या पर सवाल उठाते रहे हैं। उनका तर्क है कि चूंकि हमास वहां की सरकार को नियंत्रित करता है, इसलिए गाजा के स्वास्थ्य अधिकारी आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर बता रहे हैं।

हालांकि, इस क्षेत्र के डॉक्टरों और सिविल सेवकों के पास पिछले युद्धों का विश्वसनीय रिकॉर्ड है। साल 2009 और 2021 के बीच कई संघर्षों के बाद, संयुक्त राष्ट्र के जांचकर्ताओं ने मृतकों की अपनी सूची तैयार की और पाया कि वे गाजा द्वारा दी गई सूचियों से काफी मिलते-जुलते हैं। इजरायल के साथ मौजूदा संघर्ष के दौरान फिलिस्तीनी अधिकारी नियमित रूप से पुष्टि किए गए मृतकों की सूची अपडेट करते रहे हैं। हालांकि वे आम नागरिकों और लड़ाकों की संख्या अलग-अलग जारी नहीं करते हैं। जिन 34,344 मृतकों की सूची दी गई है, उनमें 11,355 बच्चे; 60 साल या उससे अधिक आयु के 2,955 लोग; और 6,297 महिलाएं शामिल हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129